तापमान अधिकतम : 22°C न्यूनतम : 08°C

सेंसेक्स 73,730.23 निफ्टी 22,337.30

सोना 88,910 चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 6 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 55 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2081 5 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## केंद्र ने दी केदारनाथ व हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थित तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोप-वे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड़ रुपये की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी रोप-वे परियोजना के निर्माण को मंजूरी मिली है।



- राष्ट्रीय रोप-वे विकास कार्यक्रम के तहत केंद्र का फैसला, उत्तराखंड को मिला रोप-वे का तोहफा

इस परियोजना को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोप-वे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (थ्री एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रति दिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगी। रोप-वे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी,

-शेष पृष्ठ दो पर

### शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को पीएम करेंगे प्रोत्साहित

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (आज) को उत्तरकाशी जनपद में दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे में उत्तराखंड चार धाम शीतकालीन तीर्थाटन, पर्यटन एवं स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन का संदेश देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वे मुखबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पूर्वाह्न 10:30 बजे हर्षिल पहुंचकर उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जादुंग व पीडीए के लिए मोटर बाइक व एटीवी-आरटीवी रैलियों तथा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियानों को झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमोहक शीत मरूस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन की गतिविधियों से अछूता रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन क्षेत्रों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों के शुभारंभ से इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री के द्वारा हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा।

### पशु रोगों के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ के कार्यक्रम को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपये की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

### डीआरआई ने किया बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण अभियान में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें ले जा रही एक महिला यात्री को पकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष गुप्त सूचना के आधार पर 33 वर्षीया एक भारतीय महिला यात्री को पकड़ा, जो 3 मार्च, 2025 को एमीरेट्स की उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। जांच में उसके शरीर में छुपा कर ले जाई जा रही 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें पाई गईं।

### पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा




कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।






## भारत और चीन पर दो अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे



वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा है कि चीन और भारत पर दो अप्रैल से उच्च टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक महत्वपूर्ण भाषण में टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशी आयातों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। भाषण के दौरान भारत का जिक्र करते हुए ट्रम्प ने कहा कि भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ वसूलता है। यदि आप ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ देना होगा, और कुछ मामलों में, बहुत बड़ा। अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब उन अन्य देशों के खिलाफ उनका उपयोग शुरू करने की हमारी बारी है। अमेरिका पर 'भारी' टैरिफ लगाने वाले देशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि औसतन, यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जितना हम उनसे वसूलते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अनुचित है। हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना ज्यादा है। उन्होंने घोषणा की कि पारस्परिक टैरिफ एक अप्रैल से नहीं बल्कि 2 अप्रैल से लागू होंगे, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह 'अप्रैल फूल्स डे' के साथ मेल खाए। उन्होंने कहा कि दो अप्रैल को, मैं इसे एक अप्रैल बनाना चाहता था, लेकिन नहीं चाहता था कि इसे अप्रैल फूल्स डे के रूप में टैरिफ लगाए जाए। यह बहुत ज्यादा पैसा है। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे, वे हम पर जो भी टैरिफ लगाएंगे, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे, पारस्परिक आगे-पीछे। अगर वे हमें बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम उन्हें अपने बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं लगाएंगे।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया

### प्रभावित होगा भारत का माल व्यापार अधिशेष

भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ रहा है। पिछले दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल में मजबूत निर्यात के कारण अमेरिका के साथ भारत का माल व्यापार अधिशेष दोगुना होकर 35 अरब डॉलर हो गया है, जो अब पारस्परिक शुल्क उपायों के प्रति संवेदनशील हो सकता है।

अमेरिका से भारत के आयात में पेट्रोलियम कच्चा तेल, मोती, कीमती पत्थर, विद्युत मशीनरी, विमान के पुर्जे और सैन्य उपकरण शामिल हैं। अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, टेलीकॉम उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं। रक्षा उपकरणों का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले श्री ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, अगर वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ब्रिक्स देशों द्वारा प्रतिद्वंद्वी मुद्रा बनाने का कोई भी प्रयास ऐसे टैरिफ को जन्म देगा। यह आक्रामक रुख अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को जारी रखने की अमेरिका की नीति को दर्शाता है।

## औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायक को यूपी भेजें अच्छे से होगा उपचार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सीएम ने सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर पार्टी को आड़े हाथों लिया
- कहा: सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) को औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर कर देना चाहिए और उन्हें उत्तर प्रदेश भेज देना चाहिए, ताकि उनका उपचार हो सके।

विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान योगी ने महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे और उसे उत्तर प्रदेश भेजे। यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डा. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डा. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे कि श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है।



### अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ सरकार ने शिकंजा कस दिया है।

लखनऊ के गोमती नगर थाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफा लिमिटेड, प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील कुमार गुप्ता, फेरन्सेटी पैट्रिका अटकिशन और विनय कुमार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5), 318 (4), 61(2), 352, 351(2), 338, 336(3), 340(2), 111 और प्रिवेंशन ऑफ डेमेज टु पब्लिक प्रापर्टी एक्ट 1984 की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। आपराधिक धाराओं के तहत छह माह से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। अंसल के निदेशक प्रणव अंसल, विकास यादव, महाप्रबंधक अमित शुक्ला और अन्य के खिलाफ गाजियाबाद देहात के डूंडाहेडा थाने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई है।

### अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होगी और रक्षा बंधन के दिन नौ अगस्त को संपन्न होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां राजभवन में श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज, डीसी रैना, कैलाश मेहरा साधु, केएन राय, पीतांबर लाल गुप्ता, डा. शैलेश रैना और प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री, श्राइन बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। बोर्ड ने अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदेरबल जिले के परंपरागत बालटाल दोनों मार्गों से एक साथ शुरू होने वाली यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव रखा।

### मायावती ने भाई आनंद को भी किया पद से मुक्त

**लखनऊ।** पिछले दिनों भतीजे आकाश आनंद को बसपा से निष्कासित कर भाई एवं पार्टी उपाध्यक्ष आनंद कुमार को नेशनल कोऑर्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेदारी देने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उन्होंने श्री कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक के पद से उनकी इच्छानुसार मुक्त कर दिया है। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत। उन्होंने कहा कि ऐसे में श्री आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे।

## राहुल गांधी पर 200 रुपये का लगा जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता पर कोर्ट में हाजिर न होने पर लगा अर्थदंड

**लखनऊ।** उप्र के लखनऊ में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। एसीजेएम कोर्ट ने जुर्माने की रकम वादी के वकील नृपेंद्र पांडेय को देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने यह कार्रवाई राहुल गांधी के व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने पर की है। एसीजेएम कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही वार्निंग दी गई है कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसम्बर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। जिसकी सुनवाई लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट में चल रही है, हालांकि सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने की वजह से कोर्ट ने 200 रुपये का जुर्माना लगाया।

## तेजस में जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया गया। इसमें समुद्र तल से 50,000 फुट की ऊंचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों को पूरा किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी ने मंगलवार को किए। ये परीक्षण विमान के ऊंचाई पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और लैंडिंग के दौरान किये गये। सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन से उड़ान की मंजूरी के बाद, सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में आएगा बड़ा बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की सुविधा के अनुकूल एक डैशबोर्ड (गतिमान विस्तृत-सूचना पट्टिका) के साथ एक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधारित एक मजबूत एकीकृत व्यवस्था तैयार करने का निर्णय लिया है।

सम्मेलन में तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में मतदाताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया पर पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। आयोग द्वारा सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) के यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में इस योजना का निर्णय किया गया। दिन की बैठक की समाप्ति पर बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन के निर्णयों और मौजूदा वैधानिक ढांचे और समय-समय पर जारी किए गए चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार (चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में) पहचाने गए 28 हितधारकों में से प्रत्येक के लिए एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। विज्ञप्ति के अनुसार क्षमता निर्माण के लिए एक आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रत्येक हितधारक के लिए एनिमेटेड वीडियो का एक कैप्सूल तैयार किया जाएगा, जो उनसे संबंधित चुनावों के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से कवर करेगा। इस वीडियो के माध्यम से प्रत्येक हितधारक अपने काम के बारे में निरंतर सीख ले सकेगा। बयान में कहा गया है कि चुनावों में प्रणाली को दक्ष बनाने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के दृष्टिकोण और विश्वास के अनुरूप विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक समुचित डैशबोर्ड के साथ एक एकीकृत आईटी तैयार की जाएगी। सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म भूमिका-आधारित पहुंच के साथ सूचना के इनपुट और आउटपुट प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा। आयोग ने कहा कि इससे पदाधिकारियों के बीच सुचारू रूप से संवाद-सम्पर्क होगा और मानवीय त्रुटि की संभानाएं कम होंगी।

### सूचना के आदान-प्रदान के लिए डैशबोर्ड, एकीकृत सूचना-प्रौद्योगिकी ढांचा तैयार करेगा चुनाव आयोग






संक्षिप्त समाचार

## फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटो कापी से लगाया करोड़ों का चूना

**नई दिल्ली।** फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी का इस्तेमाल कर डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। धंधे में शामिल लोग डाक राशि का भुगतान किए बिना ही नकली फ्रैंकिंग इंप्रेशन स्लीप लगाकर खेप बुक करते थे। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने अभियोजन शिकायत का संज्ञान लिया है। मूल्य देय डाक (वीपीपी) भारतीय डाक सेवाओं द्वारा दी जाने वाली एक सेवा है। यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सामान प्राप्त करने वाला व्यक्ति सामान प्राप्त करने के बाद ही उसके मूल्य का भुगतान करता है। मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्रा. लिमिटेड और उसके निदेशकों ने डाक विभाग के माध्यम से उनके द्वारा भेजे गए वास्तविक पार्सल को छिपाने के लिए, मूल फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी को फिक्स कर, उस अवधि के दौरान कंपनी की बिक्री/कारोबार को काफी कम बताया। उक्त अपराध को अंजाम देकर मेसर्स प्रिशा पर्ल्स ने डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा दिया। ईडी ने मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए हुमायूं नगर उप-डाकघर के अधिकारियों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ सीबीआई, एसीबी, हैदराबाद द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

## बारामूला में पुलिस चौकी पर हमला कोई हताहत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में संदिग्ध आतंकवादियों ने मंगलवार रात एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया। हमले में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि चार मार्च को रात करीब 9.20 बजे बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस दलों ने सहयोगी एजेंसियों के साथ समन्वय करके इलाके की घेराबंदी कर दी। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस चौकी की पिछली दीवार के बाहर से ग्रेनेड पिन बरामद किया गया, जिससे पुलिस को संदेह हुआ कि यह ग्रेनेड हमले का प्रयास था। ग्रेनेड ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के अंदर गिरा और उसमें जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

## सपा नेता अबू आजमी विस के बजट सत्र के अंत तक निलंबित

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी नेता एवं विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र के अंत तक निलंबित कर दिया गया। महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र 26 मार्च को समाप्त होगा। राज्य के मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को निचले सदन में आजमी के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया था। सदस्यों ने तर्क दिया कि औरंगजेब की प्रशंसा करना मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान है। प्रस्ताव को ध्वनि मत से मंजूरी दी गई। आजमी ने हालांकि टिप्पणी करने के बाद इसके लिए माफी मांगी थी। मुंबई और ठाणे में उनके खिलाफ कई प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

# यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर: परवेश

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जल मंत्री ने यमुना सफाई अभियान का निरीक्षण किया

दिल्ली के जल मंत्री परवेश साहिब सिंह ने बुधवार को कहा कि यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर है और तीन साल में यमुना के पानी का रंग बदकर दिखायेंगे।

सिंह ने बुधवार को यमुना की सफाई अभियान का निरीक्षण किया और दावा किया कि जल्द ही यमुना नदी में बदलाव देखने को मिलेगा और तीन साल में इसके पानी के रंग को बदलकर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यमुना में गिरने वाले सारे नालों के ऊपर लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता को बढ़ाया जाएगा और नए एसटीपी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार को यमुना सफाई की कभी चिंता नहीं थी। उनका काम केवल अपने काम के लिए दूसरे को जिम्मेदार ठहराने का रहा है। दिल्ली सरकार के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय भी यमुना की सफाई पर चिंता और निगरानी कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कभी यमुना की चिंता नहीं थी, केवल राजनीति करते थे। उनका पूरा जोर अब पंजाब में अपनी सरकार बचाने पर है। अब वह राज्यसभा से आते हैं या पंजाब के मुख्यमंत्री बनेंगे यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने कितने पाप किए वे धीरे धीरे खुलेगें। दिल्ली वालों के टैक्स की चोरी हुई। जिस प्रोजेक्ट को एक साल में पूरा होना था उसे पूरा होने में तीन साल लग गए जिसे पैसे का नुकसान हुआ।

# आईआरएफसी अब बनेगा 'महारत्न': सीएमडी मनोज दुबे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सीएमडी ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, कहा- अब कंपनी में काम करने की अधिक आजादी मिली

केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में नवरत्न का दर्जा प्राप्त भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने अब एक साल के भीतर महारत्न की श्रेणी में शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया है।

आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज दुबे ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कंपनी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कंपनी को काम करने की अधिक स्वायत्तता मिल गई है। अब आईआरएफसी रेलवे के ईकोसिस्टम में योगदान करने वाली किसी भी परियोजना का वित्तपोषण करेगी और ज़ीरो एनपीए की शर्त पर सस्ता ऋण मुहैया कराएगी। इनमें रेलवे को आपूर्ति करने वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं, रेलवे को उपकरण, लॉजिस्टिक सेवा आदि प्रदान करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। दुबे ने कहा कि नवरत्न बनने के बाद अब हमारा लक्ष्य महारत्न कंपनी बनना है। संभवत: अगले वर्ष ही हम उन मानकों को पूरा कर लेंगे, जो महारत्न की श्रेणी के लिए जरूरी हैं। एक प्रश्न के उत्तर में दुबे ने कहा कि नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना आईआरएफसी की वित्तीय मजबूती और भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे को समर्थन देने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रतिलबब है। यह मान्यता हमें अपनी क्षमताओं का और अधिक विस्तार करने और राष्ट्र के विकास में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। दुबे ने कहा कि हम पूंजी-गहन रेलवे परियोजनाओं के लिए सबसे अधिक लागत प्रभावी वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूरा रेलवे इकोसिस्टम पूंजीगत व्यय (केपेक्स) में वृद्धि के दौर से गुजर रहा है, जो माल बुलाई और यात्री आवागमन दोनों के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की मांग को पूरा कर रहा है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, आईआरएफसी बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए संसाधन जुटाने में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2024 तक 26 हजार 600 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व और 6400 करोड़ रुपए से अधिक के कर-पश्चात लाभ के साथ, आईआरएफसी प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां के मामले में भारत में तीसरा सबसे बड़ा सरकारी एनबीएफसी चुका है। आईआरएफसी की स्थापना 12 दिसंबर, 1986 को एक शत-प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के रूप में की गई थी और इसने भारतीय रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले कुछ वर्षों में, यह एक प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में विक. सित हुआ है, जिसे 1993 में कंपनी अधि. नियम के तहत एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान के रूप में, 1998 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में और बाद में 2010 में एक एनबीएफसी-इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी-आईएफसी) के रूप में पंजीकृत किया गया। मार्च 2018 में, इसे मिनी-रख श्रेणी-1 का दर्जा दिया गया। कंपनी को जनवरी 2021 में 26 रुपए के आईपीओ मूल्य पर स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया गया था, जो अब बढ़कर लगभग 115 रुपए हो गया है। आईआरएफसी ने भारतीय रेलवे के लगभग 80 प्रतिशत रोलिंग स्टॉक के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: योगी

# युवाओं को देंगे रोजगारपरक शिक्षा: सीएम

**लखनऊ, वार्ता**



■ शिक्षा और स्वास्थ्य मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक

■ विद्यालयों में सुविधाओं को दो हजार करोड़ की व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विभिन्न योजनाओं और बजट प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। योगी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक माना जाता है और सरकार इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत 580 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है, जबकि प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल से जोड़ने के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स को बढ़ावा देने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। वाराणसी और आगरा में साइंस सिटी और नक्षत्रशाला की स्थापना के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्एक जिले की विशेषताओं और संभावनाओं के अनुरूप रोजगार सृजन की दिशा में कार्य कर रही है।

इसी कड़ी में हर जनपद में 100 एकड़ क्षेत्र में एक विशेष 'आर्थिक ज़ोन' विकसित करने के लिए धनरा. शि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, 10 संत कबीर वस्त्र उद्योग पार्क और दो संत रविदास लेदर पार्क स्थापित किए जाएंगे।

### उप्र विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल को स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 18 फरवरी से शुरु हुआ विधानसभा का बजट सत्र दस कार्य दिवसों में संपन्न हुआ जिसमें सदन की कार्यवाही 73 घंटा 19 मिनट चली। इस दौरान किन्ही कारणों से तीन घंटा 36 मिनट सभा स्थगित रही जबकि 69 घंटा 43 मिनट सदन की कार्यवाही चली। सत्र के दौरान सरकार ने 20 फरवरी को आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा और सत्र के अंतिम दिन बुधवार को बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। सत्र के दौरान 25 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी सदस्यों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था।

### नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा: शिवपाल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी महंगाई, बेरा. जगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। विधानभवन में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर उन्होंने कि सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है। इनका काम ही नाम बदलना है। इन्हें महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है। उन्होंने कहा कि संभल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी। श्री यादव ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए शायराना अंदाज में एक्स पर पोस्ट किया- विधानसभा में 'चाचा-चाचा' की गूंज दिन-रात, न नीति की बात, न विकास पर कोई सौगात। जनता देख रही ये खेल निराला, मुद्दों से भागने का अंदाज़ निराला। सत्ता की कुर्सी मिली तो धर्म का सहारा, पर काम के नाम पर बस जुमलों का पसारा। चाचा कहकर सियासत चमकाते रहोगे, या कभी प्रदेश का हाल भी बताओगे।

# इग्नू समारोह में तीन लाख से ज्यादा डिग्री व डिप्लोमा दिए

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 58 देशों में सबसे बड़ा विवि है इग्नू: प्रधान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व. विद्यालय (इग्नू) ने बुधवार को 38वां दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को तीन लाख से अधिक डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और इग्नू बिरादरी को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 1985 में स्थापना के बाद से, इग्नू ने शिक्षा को किफायती, लचीला और समावेशी बनाकर इसमें क्रांति ला दी है। 35 लाख से अधिक शिक्षार्थियों और 58 देशों में एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति के साथ, इग्नू दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जो यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा हाशिए के समुदायों सहित सभी तक पहुंचे। इसकी उत्कृष्टता एनआईआरएफ 2024 में ओपन यूनिवर्सिटीज में इसकी शीर्ष रैंकिंग में परिलक्षित होती है।यी प्रधान ने नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में इग्नू की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इन सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसमें कामकाजी पेशेवरों, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, जेल के कैदियों और रक्षा कर्मियों के लिए अनुकूलित विविध कार्यक्रम हैं। भारत के जनसांख्यिकीय पहलू पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दूरस्थ रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल लर्निंग जैसी तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण पहल सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सभी स्तरों पर शिक्षा को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते डिजिटल शिक्षा का विस्तार करना चाहिए, वैश्विक सहयोग को मजबूत करना चाहिए और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# अमेरिकी टैरिफ में राहत के संकेत से बाजार गुलजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी टैरिफ में राहत दिए जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज की घोषणा से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.30 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,730.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.66 प्रतिशत उछलकर 39,751.73 अंक और स्मॉलकैप 2.80 की बढ़ोतरी लेकर 44,538.20 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों मं कारोबार हुआ, जिनमें से 3247 में तेजी जबकि 768 में गिरावट रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां हरे जबकि अन्य चार लाल निशान पर बंद रहीं। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रम्प सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय बाजार में भी तेजी आई। ट्रम्प प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा, जिससे सकारात्मक सेंटीमेंट बना रहा। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए भारी टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इससे भारतीय कृषि उत्पादों, मशीन टूल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और लेदर प्रोडक्ट्स की अमेरिकी बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत को व्यापारिक लाभ मिल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 15 अंक बढ़कर 73,005.37 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 72,894.05 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

## अमृतसर में 23 किलो हेरोइन बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने जंडियाला के देवी दासपुरा गांव से 23 किलो हेरोइन की खेप बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह खेप अमेरिका स्थित तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लक्की द्वारा संचालित तस्करी नेटवर्क से जुड़ी है। इस मामले में, खेप को मंगाने वाले देवी दासपुरा गांव के आरोपी साहिलप्रीत सिंह उर्फ करण को नामजद किया गया है। उसे गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। डीजीपी ने बताया कि तस्करी नेटवर्क से जुड़े और लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। डीआईजी बॉर्डर रेंज सतिंदर सिंह ने एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नाकाबंदी में पुलिस टीमों को एक विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि आरोपी साहिलप्रीत ने सीमा पार से हेरोइन की खेप मंगाई है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4635 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की तेजी के साथ 43.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी:** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300- 7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8200-8300 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300- 4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केंद्र सरकार...** क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग आठ से नौ घंटे से घटाकर लगभग 36 मिनट कर देगी। रोप-वे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोप-वे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा तय किया जाता है। प्रस्तावित रोप-वे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यह मंदिर साल में अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दीपावली (अक्टूबर-नवम्बर) तक लगभग छह से सात महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

# महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का करती है प्रदर्शन

**मुंबई, वार्ता**

■ 3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया

महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन करती हैं और अधिकांश महिलाएं स्वतंत्र रूप से व्यवसाय का संचालन करती है। आज जारी नियोग्रोथ के नवीनतम नियोइनसाइट्स अध्ययन से पता चला है कि महिला व्यवसाय मालिकों का प्रभाव व्यवसाय की सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है, क्योंकि उनके उद्यमों ने व्यक्तिगत सशक्तिकरण, परिवारों के लिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दिया है और समुदाय में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है।

3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया। 'भारत में महिला व्यवसाय स्वामियों की उद्यमशीलता की भावना' विषय पर किए गए इस सर्वेक्षण ने इस तरह की उद्यमशीलता की यात्राओं में अंतर्दृष्टि प्रदान की और उनकी प्रेरणाओं, चुनौतियों और महत्वाकांक्षाओं की जांच की, जबकि कई स्तरों पर उनके द्वारा छोड़े गए प्रभाव पर जोर दिया गया। लगभग 98 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अपने व्यवसायों के आधार पर अपने और अपने परिवारों के लिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, 61 प्रतिशत ने बताया कि उनके परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, जबकि 54 प्रतिशत ने आत्मविश्वास और वित्तीय आत्मनिर्भरता में वृद्धि की बात कही। महिला उद्यमियों ने अपने समुदायों को भी प्रभावित किया, 67 प्रतिशत ने अन्य महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में सशक्त बनाया, 50प्रतिशत ने कर्मचारियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित किया, और 47प्रतिशत युवा लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए रोल मॉडल बनाया। 70 प्रतिशत महिला व्यवसाय मालिक स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के आधार पर व्यवसाय शुरू करती हैं। भारतीय महिला व्यवसाय मालिकों की उद्यमशीलता की यात्रा काफी हद तक स्व-प्रेरित है, जिसमें 70 प्रतिशत ने स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के परिणामस्वरूप अपना व्यवसाय शुरू किया। शेष उत्तरदाताओं को उनके जीवनसाथी और परिवार के सदस्यों द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इसने अवसर-संचालित उद्यमशीलता की ओर एक मजबूत बदलाव को उजागर किया। क्योंकि महिलाएँ अपनी व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित थीं। भारत में महिलाएं उद्यमिता को सशक्तिकरण और वित्तीय स्वतंत्रता के मार्ग के रूप में देख रही हैं। लगभग 66प्रतिशत ने अपने उद्यम को कैरियर के अनुभव और महत्वाकांक्षा, या वित्तीय स्वतंत्रता और उद्देश्य की एक मजबूत भावना के आधार पर शुरू किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



पांचवा रोज़ा इफ्तार

06 मार्च गुरूवार

सुन्नी...................... 06:22

शिया...................... 06:29

छठा रोज़ा सहरी

07 मार्च गुरूवार

सुन्नी...................... 05:15

शिया...................... 05:09

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



हाजी ज़ियाउर्रहमान

वरिष्ठ नेता लोकदल

# फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने वाला गिरफ्तार

## नाबालिग को बालिग दर्शाकर शादी के प्रमाण पत्र जारी करने का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बिना सत्यापन के कूट रचित दस्तावेजों पर शादी का प्रमाण पत्र जारी करने वाली आर्य समाज संस्था के एक सचिव व गवाह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अभी कई आरोपित फरार है। इस संबंध में हाईकोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि दिसंबर में उनकी तरफ से एक मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसमें मानसी एवं अन्य बनाम स्टेट आफ यूपी और तीन अन्य प्रकरणों में 17 अक्तूबर को उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने एसएसपी को निर्देशित किया था कि इस प्रकरण में एक विधिवत जांच कमेटी गठित कर उन संस्थाओं, ट्रस्ट और सोसायटी के खिलाफ कार्रवाई की जाएं, जो फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और मार्कशीट के आधार पर नाबालिग बच्चों को बालिग दिखाकर उनकी फर्जी शादी के प्रपत्र तैयार करते हैं। इसकी जांच के लिए एसएसपी ने तीन सदस्य कमेटी गठित की थी, जिसमें एसपी सिची, संयुक्त निदेशक अभियोजन व सिविल लाइंस थाना प्रभारी को शामिल किया गया था। नौ दिसंबर को दी गई आख्या रिपोर्ट में वैदिक भारत फाउन्डेशन तेजलहेडा के संस्थापक व अध्यक्ष सोरन सिह पुत्र स्व: नन्दराम निवासरी तेजलहेडा, सतीश कुमार पुत्र स्व: धर्मवीर सिह निवासी मढ़करीमपुर खतौली के सचिव, आर्य समाज आदर्श काला. `नी थाना नई मंडी के अध्यक्ष बलजीत सिह सैनी व अमित त्यागी पुत्र कृष्णदत्त त्यागी, आर्य समाज शहर संस्था के प्रधान मुकेश आर्य पुत्र राजबीर सिह निवासी दूधली गांव थाना चरथावल के अलावा उक्त संस्थाओं के पुरोहितों द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए शादी करने वाले वर-वधू के आवश्यक दस्तावेजों का बिना सत्यापन किए शादी विवाह का प्रमाण पत्र जारी किए थे। सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया, नामजद आरोपितों में से एक वैदिक भारत फाउंडेशन तेजलहेडा के सचिव सतीश कुमार व एक गवाह ब्रह्मसिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया ब्रह्मसिंह करीब 15 से अधिक शादियों में गवाह की भूमिका निभा चुका है। इसकी एवज में उसके कुछ रुपये मिल जाते थे। उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# ऋण दिलाने का सब्जबाग दिखाकर लाखों हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** बैंक से मोटा ऋण दिलाने के नाम पर सब्जबाग दिखाकर आरोपी ने लगभग तीन दर्जन महिलाओं से छह छह हजार रुपए वसूल लिए। जब ऋण नहीं मिला तो दिए गए रुपए महिलाओं ने वापिस मांगे तो आरोपी ने गाली गलौच कर हडकाकर भगा दिया।

सीओ को संगीता पत्नी कमल निवासी मौहल्ला चमारान बुढाना ने एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका परिवार मोमोज बनाने का कार्य करता है। सागर पुत्र अकबर निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी मेरे घर पर मोमोज खरीदने के लिये आता था। मुझको कहने लगा कि तुम औरतो को इक्ट्ठा कर लो मैं सभी को 3 रुपये का लोन दिलवा दूंगा। मैं उक्त युवक के विश्वास में आ गयी क्योंकि वो मेरे घर से मोमोज खरीदने के लिये आये दिन आता रहता था। मैंने लोन करवाने के लिये अन्य 35 महिलाओं को इक्ट्ठा कर लिया जिन से लोन करवाने के नाम पर प्रत्येक औरत से 6-6, हजार रूपये दिलवा दिये। जो कि 2 लाख 10 हजार रूपये की रकम है। जब मेरा और अन्य महिलाओं का लोन नही हुआ तो मैने सागर को कहा किन्तु सागर मुझे आज कल कहकर बहकाता रहा।

जब मेरे घर महिलाएं अपने पैसे वापिस मांगने के लिये आने लगी और मेरे घर मे भीड इक्ट्ठा होने लगी तो मैं और अन्य औरतें इकट्ठा होकर सागर के घर गयी किन्तु सागर ने हमारे साथ गाली गलोच कर हमें वहा से भगा दिया तथा आईन्दा पैसे मांगने पर जान से मारने की धामकी देने लगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**चरथावल।** देर रात घर लौट रहे बाइक सवार युवक की रास्ते में नीलगाय की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मृतक की पहचान शुरू की।

गांव छिमाउ निवासी सागर पुत्र सुरेश पाल मुजफ्फरनगर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जब वह अमीगढ़ पुलिया पर पहुंचा तो अचानक सामने से आई नीलगाय ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार उछलकर दूर जाकर गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# डांस करने को लेकर बाराती और दुल्हन पक्ष भिड़े

**मुजफ्फरनगर।** डीजे पर अपनी पसंद के गाने पर डांस करने को लेकर बाराती और दुल्हन पक्ष के लोग आपस मे भिडगये। दोनो पक्षो मे खूब लात-घुसे चले। छपार क्षेत्र के गांव बरला में उत्तराखंड के भगवानपुर कस्बे से बुधवार को बारात आई थी।

दुल्हन पक्ष ने पसंद का गाना बजवाकर डांस करना शुरू कर दिया। दुल्हे पक्ष के युवकों ने इस बात पर एतराज किया, तो दोनों पक्षों ने कहासुनी के बाद लात घुसे व बैल्ट से एक दूसरे पर हमला कर दिया। दोनो ही पक्ष शराब के नशे मे थे। गांव के कुछ गण मान्य लोगो ने दोनो पक्षो को शांत किया। पुलिस घटना की जानकारी होने से इन्कार कर रही है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा बीस साल से फरार गैंगस्टर का आरोपी

**■ सिविल लाइन पुलिस को मिली सफलता, कोर्ट ने किया था भगौड़ा घोषित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 20 साल से फरार चल रहे गैंगस्टर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया, विकास पुत्र राजेंद्र निवासी बामनौली गांव थाना दोघट जिला बागपत को वर्ष 2004 से पहले लूटपाट के मुकदमे में बदमाशों के साथ गिरफ्तार किया था। मुकदमों के आधार पर पुलिस ने वर्ष 2004 में विकास पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया था लेकिन कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर उसे भगोडा घोषित किया गया था। उन्होंने बताया, तभी से पुलिस विकास की तलाश में लग रही थी और कई बार पुलिस बागपत जाकर उसके घर भी दबिश भी दे चुकी थी दी थी लेकिन परिवार गांव से घर छोडकर जा चुका है।

एसआइ आरिफ अली, हेड कांस्टेबल आदित्य, कांस्टेबल अंकित व ब्रह्मदेव के साथ कचहरी गेट के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर ने सूचना विकास को अंबेडकर चौक के गिरफ्तार कर लिया।

गैंगस्टर से पूछताछ के बाद सिविल लाइंस थाना प्रभारी ने बताया, पुलिस से बचने के लिए विकास परिवार को लेकर कई साल पहले हरिद्वार जिले के लढौरा गांव चला गया था और वहीं पर आटा चक्की चलाकर कर परिवार को पाल रहा था।

# राजस्व वसूली में तेजी के लिए वार्डों में लगेंगे कैम्प

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका में टैक्स के साथ ही अन्य मदों में राजस्व और बकाया वसूली को लेकर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने नाराजगी जताते हुए कर और जल विभागाध्यक्षों को पत्र जारी करते हुए वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में प्रतिदिन विशेष अभियान की तरह ही राजस्व वसूली के लिए कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रतिदिन की वसूली की रिपोर्ट भी तलब की है।

दरअसल इस बार भी पालिका प्रशासन ने 25 प्रतिशत की इस उपलब्धि को और ज्यादा बढ़ाने का सपना संजोया था, लेकिन वित्तीय वर्ष समाप्त होने में कुछ ही दिन शेष रह जाने के बावजूद पालिका के राजस्व लक्ष्य को लेकर गंभीरता नजर नहीं आ रही साथ ही बड़े बकायेदारों से राजस्व वसूली हेतु विशेष अभियान चलाने और सप्ताहवार दिन निर्धारित करते हुए वार्डो में कैम्प स्थापित कर वसूली कराने पर जोर देते हुए ईओ ने दोनों अफसरों को आदेश में साफ कहा कि प्रत्येक दशा में 2023 के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 25 प्रतिशत से अधिक वसूली का लक्ष्य तय कर काम किया जाये।

# अवैध खाद बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, सील कर नमूने जांच को भेजे

**■ डीएम के निर्देश पर गांव कासमपुरा में हुई कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई छापेमारी के दौरान भोपा रोड पर कीटनाशक और उर्वरक बनाने की अवैध फैक्ट्री संचालित होती पाई गई। अधिकारियों की टीम ने तैयार उर्वरक और कीटनाशक अपने कब्जे में लेकर सील कर दिया। जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे गए और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

थाना भोपा क्षेत्र के गांव कसमपुरा में बिना लाइसेंस लिए ही फैक्ट्री का संचालन कर अवैध रूप से कीटनाशक और उर्वरक बनाया जा रहा था। शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए डीएम के निर्देश पर फैक्ट्री में छापेमारी की गई। बुधवार शाम छापेमारी को पहुंचे एसडीएम न्यायिक संजय सिंह, नायब तहसीलदार विपिन कुमार, हरिंदर सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी राहुल सिंह तेवतिया और जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेंद्र सिंह व कीटनाशी निरीक्षक आनंद वीर सिंह ने जाच शुरू की। बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री बिना लाइसेंस के ही मौके पर चलती पाई गई। जहां उर्वरक एवं कीटनाशक का निर्माण किया जा रहा था। टीम में शामिल अधिकारियों ने निर्मित कीटनाशक एवं अन्य सामान को गोदाम में रॉमैटेरियल सहित सील कर दिया। उर्वरक और कीटनाशक के नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। बताया कि आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए थाना भोपा में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# मिनी ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, व्यक्ति की मौत

**छपार।** बुधवार की रात्रि में साढेआठ बजे एक ट्रेक्टर ट्राली लकड़ी लेकर पुरकाजी आगत पर लेकर जा रहा था। छपार निवासी 50 वर्षीय मासूम पुत्र अख्तर ट्राली पर बैठा था ओर आरिफ ट्रेक्टर चला रहा था जब वे बरला के निकट राजबाहे के पास पहुंचा तो पीछे से तेजगति से आ रही डीसीएम ने जोर से टक्कर मार दी जिससे ट्राली पर बैठा मासूम नीचे गिर गया ओर डीसीएम ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ओर चालक आरिफ घायल हो गया। डीसीएम चालक टीनू ओर उसका पुत्र 6 वर्षीय सौयब निवासी गांव बुखारी थाना बलेनी जनपद बागपत भी गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ओर घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस ने जेसीबी से दोनों वाहनों को हटवा कर यातायात चालू कराया।

# जिले का नाम बदलने के पक्ष में आए राज्यमंत्री

## एमएलसी मोहित बेनिवाल के प्रस्ताव का किया खुला समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री तथा शहर के विधायक कपिल देव अग्रवाल ने एमएलसी मोहित बेनीवाल द्वारा मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मी नगर किए जाने का समर्थन किया है उन्होंने कहा कि जन भावनाओं को दृष्टिगत रख ऐसा किया जाना चाहिए और मुझे उम्मीद है कि बहुत जल्द मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि उप्र विधान परिषद में मुजफ्फरनगर जनपद का नाम लक्ष्मीनगर करने की मांग उठाने के बाद एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। भाजपा एमएलसी ने सीएम योगी को जहां प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में 65 करोड से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन एवं महाकुम्भ के सबसे सुव्यवस्थित, भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक सफल आयोजन की बधाई देते हुए अभिनन्दन किया वहीं दूसरी तरफ जनपद मुजफ्फरनगर का नाम परिवर्तन कर लक्ष्मीनगर करने की मांग की। एमएलसी मोहित बेनीवाल ने योगी आदित्यनाथ ने उप्र के सबसे सबसे बडे गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद मुजफ्फरनगर के शुक्रताल व जनपद बिजनौर के महात्मा विदुर कुटी से जोडने की स्वकृति प्रदान करने पर धन्यवाद दिया। कहा कि इससे उद्योग व रोजगार भी बढेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुजफ्फरनगर के नाम परिवर्तन की मांग जनपदवासियों साधु संतों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। यह सिर्फ नाम बदलने का प्रश्न नहीं है बल्कि हमारे सांस्कृतिक गौरव, सभ्यता के पुनर्जागरण व ऐतिहासिक सत्य की पुनर्स्थापना का संकल्प है। मुजफ्फरनगर महाभारत काल से जुडे हुए हैं इसी जनपद के शुक्रताल में राजा परीक्षित ने ऋषि शुकदेव से भागवत पुराण का ज्ञान प्राप्त किया था। मुजफ्फरनगर कृषि, व्यापार व आर्थिक सम्पन्नता के साथ गुड की मिठास का भी केंद्र है।

# मामूली बात में युवक पर हमला बोला

**मुजफ्फरनगर।** मामूली बात को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों ने दो युवकों को हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

खालापार थानाक्षेत्र के दक्षिण खालापार निवासी दाऊद खान ने मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें बताया है कि उनका बेटा वसी और भतीजा रोजी मंगलवार को इमाम बाग के सामने खडे थे। उसी समय मोहम्मद जैद ने पिता मसरूर और अज्ञात लोगों से दोनों की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी विवाद में आरोपितों ने कातिलाना हमला कर दोनों को घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों की डाक्टरी जांच कराने के बाद आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# पांच दिन मनाया जाएगा श्री खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी स्थित श्री गणपति धाम में पांच दिन श्री खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। श्री गणपतिधाम ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष अशोक गर्ग और उद्यमी भीमसेन कंसल ने प्रेसवार्ता करते हुए कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मंदिन परिसर में भव्य मेले का भी आयोजन किया जा रहा है। वहीं दस मार्च को शिव चौक से निशाना यात्र भी निकाली जाएगी।

उन्होंने बताया कि 7 मार्च की सायं 7 बजे चंग धमाल (केसर चन्दन होली) मंदिर प्रांगण में आयोजित की जायेगी। जिसमें मुख्य भजन गायक महेश परमार, जयपुर से रहेगें। 8 मार्च को सायं 7 बजे श्याम नाम की मेहन्दी मंदिर प्रांगण में आयोजित की जायेगी। 9 मार्च को निशान वितरण सायं 6 बजे मन्दिर प्रांगण में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 10 मार्च सुबह 9 बजे एकादशी निशान यात्र शिव चौक से शुरू होगी। निशान यात्र शिव चौक, झांसी रानी, टाउन हॉल रोड, मदन स्वीटस, भोपा पुल, गऊशाला रोड, पीठ बाजार, बिन्दल बाजार, स्वीट्स कॉर्नर के बराबर से डाकखाना रोड, होती हुई मन्दिर पर सम्पन्न होगी। 10 मार्च को सायं 7 बजे से एकादशी भव्य संकीर्तन मंगला आरती तक बाबा का गुणगान होगा।

जिसमें ब्रजरस अनुरागी साधवी साधवी पूर्णिमा (पूनम दीदी) श्रीधाम वृन्दावन बरसाना से पधारेंगी एवं स्थानीय भजन गायकों द्वारा बाबा को रिझाया जायेंगा। 11 मार्च को रात्रि में 7 बजे से बधाई उत्सव (मन्दिर प्रांगण) एवं उसके उपरान्त द्वादशी भण्डारा के साथ उत्सव का समापन होगा। इस दौरान अनिल गोयल, जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोमप्रकाश कुच्छल, अम्बरीश सिंघल, बिजेन्द्र कुमार रानो, विकास अग्रवाल, विनोद राठी, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, अमित गोयल, नवनीत गुप्ता, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, रजत राठी, अंकित अग्रवाल, शशांक राणा, यश गर्ग, तुषार गर्ग, राघव मुकुंद गर्ग, अतुल अरोरा, राहुल श्याम प्रेमी, शुभम तायल आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण में चेयरपर्सन ने परखी कर्मचारियों की हाजिरी

**■ खामिया मिलने पर जताई नाराजगी, दी चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगर पालिका के मुख्यालय स्थित विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए यहां कर्मचारियों की उपस्थिति भी चेक की। निरीक्षण के दौरान उन्हें कुछ खामियां भी मिली जिसे दूर करने के उन्होंने निर्देश दिए।

बुधवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप सवेरे ही औचक निरीक्षण के लिए टाउन हॉल स्थित पालिका के मुख्य कार्यालय पहुंच गई। चेयरपर्सन ने कर विभाग व रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था भी देखी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पहुंचे लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका निस्तारण कराया। कुछ विभागों के पटल लिपिकों पर आदेशों के अनुपालन की अवहेलना को लेकर वो जमकर भड़कीं तथा चेतावनी दी कि काम के प्रति लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। इसके साथ ही उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति को परखा तथा अन्य विभागों के साथ ही टाउनहाल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को भी निरीक्षण कर ठेकेदार को समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।









# धार्मिक आयोजन में बाधा बना दुकानदार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में जैन समाज के उछाव को लेकर आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजन स्थल से दुकानदार द्वारा जंगह खाली न करने को लेकर जैन समाज मे रोष बना हुआ है।

बुधवार को दर्जनों जैन समाज के लोग कोतवाली पहुँचे जहां उन्होंने कोतवाल से वार्ता कर आयोजन स्थल से दुकान को हटवाने की मांग की। कोतवाल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद दुक. ानदार को जंगह खाली करने के सख्त आदेश दिए।

खतौली कस्बे में प्रति वर्ष जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जन्मोत्सव पर्व पर कस्बे के जीटी रोड स्तिथ उछाव स्थल पर भूरे पताशो की मार्किट में पंडाल लगाकर धार्मिक आयोजन कराया जाता है। यह कार्यक्रम पांच अप्रैल से दस अप्रैल तल चलेगा। प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी जैन समाज द्वारा धार्मिक आयोजन कराया जाएगा।

जिसके चलते समाज के आग्रह पर इस स्थल से सभी दुकानों को हटवा दिया जाता है और कार्यक्रम के खत्म होने पर दुबारा मार्किट लगाई जाती है। बुधवार को सकल जैन समाज व उत्सव समिति के दर्जनों लोग कोतवाली पहुँचे जहां उन्होंने कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा से मिल कर शिकायत दर्ज कराते हुय धार्मिक स्थल से एक दुकानदार द्वारा जंगह खाली न कराने की बात कही। जैन समाज के लोगों का कहना था कि यह जंगह जैन समाज की है जिसे कुछ भूरे पतासे वालों को किराए पर दी गई है लेकिन जब महावीर जयंती पर्व पर इस जंगह को खाली कर यहां विशाल पंडाल लगाकर धार्मिक कार्यक्रम किया जाता है। इस जंगह पर लगभग 18 दुकानें लगी है जहां 17 दुकानदारों द्वारा जंगह को खाली कर दी गई है लेकिन एक दुकानदार द्वारा जंगह को खाली नही करने की बात कहते हुय जंगह खाली नही कर रहा है। जैन समाज ने कोतवाल से उक्त व्यक्ति से जंगह खाली कराने की मांग की।कोतवाल ने उक्त दुकनदार को बुलाकर उसे समझा कर जंगह खाली करने की बात कही जिसके बाद उक्त दुकानदार ने जंगह को खाली करने पर सहमति दर्ज कराई। मामला शांत होने के बाद जैन समाज ने राहत की सास ली। बता दे कि इस आयोजन को लेकर पिछले वर्ष भी दुकानदारों और समाज के लोगों के बीच विवाद हुआ था। उक्त दुकानदार की इस हरकत से जैन समाज के लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ।

वार्ता के समय जैन समाज अध्यक्ष सुशील जैन, बबलू टिकरी वाले, प्रदीप जैन, लल्लू मल जैन, सुशील जैन, अमित जैन, हंस कुमार जैन, अरुण जैन औषधि वाले, सुनील जैन टिकरी वाले, अरुण जैन चिप्स वाले आदि मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग ने 35 बकाएदारों के कनेक्शन काटे

**बुढाना।** स्थानीय विद्युत विभाग ने कई बड़े बकायेदारों के खिलाफ आज फिर अभियान चलाते हुए बुधवार के दिन विद्युत बिल जमा नही कराने वाले 35 बकाऐदारों के कनेक्शन काटकर अन्य बकाएदारों में हड़कंप मचा दिया।

सभी को चेतावनी दी गयी है कि वे किसी भी तरह से बिजली चोरी ना करें नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में ला जाएगी। सभी को बकाया जमा करने को भी कहा गया। मिली जानकारी के अनुसार बकाऐदार और बिजली चोरी करने वालों के घखिलाफ चलाए अघभियान के अंतर्गत टीम ने 35 बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। विद्युत निगम के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने बताया कि बकाएदार उपभोक्ताओं से लगभग 19 लाख रूपये का राजस्व वसूला गया है। विद्युत निगम के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने बताया कि बकाऐदारी में 35 बडे बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को 01 लाख 13 हजार रूपये का राजस्व वसूला गया है। एक्सईएन ने सभी बकाएदारों से अपने बिजली के बिल जमा करने का निवेदन किया है। उन्होंने चेता. वनी देते हुए यह भी कहा कि बिल जमा नही होने की दशा मे बकायदारों के कनेक्शन काटे जाएगें और बिजली चोरी के मुकदमें भी पंजीख्र त होंगे। इस दौरान विद्युत टीम को मौहल्ले में आया देख बकायदारों में हड़कंप मच गया।

## थानाध्यक्ष ने किया यज्ञ का स्थलीय निरीक्षण

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन फुगाना थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह पुलिस बल लेकर बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना में स्थित समाधी स्थल पर पहुंचे और कार्यक्रम के आयोजक पंडित जोगिंदर शास्त्री से कार्यक्रम के बारे मे पूरी जानक. ारी की। दूसरी और गांव रायपुर अटेरना के समस्त लोगों ने मिलकर आगामी 07 मार्च को होने वाले यज्ञ हवन की रूपरेखा बनाई।

जिसमें मुख्यत: आयोजक पंडित जोगेंद्र शास्त्री, बाबा विष्णु महंत, तेजपाल प्रधान, हंसराज प्रधान, संदीप प्रधान, मुकेश प्रधान, सुशील प्रधान, रमेश चंद, सुभाष नेताजी, करण शर्मा, बलिंदर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, सतपाल शर्मा, बृजपाल शर्मा, सचिन शर्मा, प्रवीण शर्मा, कुलदीप शर्मा, राकेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, नाथीराम शर्मा, ब्रह्मानंद शर्मा, कलीराम शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, राम अवतार शर्मा, नीरज शर्मा, मोहन शर्मा, तुषार शर्मा और आशु शर्मा सहित गांव के समस्त ग्रामीवासी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आगामी 7 मार्च को गांव रायपुर अटेरना में स्थित श्री प्यारे लाल जी महाराज पुत्र श्री लाल जी महाराज की समाधि स्थल का जीणो)ार बीते कल हुआ था। गांव में आगामी सात मार्च को महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। इसी को लेकर फुगाना पुलिस ने कार्यक्रम स्थल का मौका मुआयना किया।

# चरथावल क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के धंधे पर कब लगेगी रोक, पूछते हैं क्षेत्रवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र अवैध प्लाटिंग का बड़ा सेंटर बन गया है। हालत यह है कि दूसरे जिलों से आकर भी अनेको व्यक्तियों ने क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कार्य कर रहे हे क्षेत्र मे कुछ व्यक्तियों का झाल फैला हुआ हे जोकि किसानों से उनके खेत खरीदने की बात करते है और किसानों से आने पौने दामों में उनकी जमीन खरीद कर किसानों के खेतों में बिना परमिशन और बिना किसी नक्शा पास कराए भूमाफिया जमकर अवैध प्लाट काट रहे है।

भमाफि़याओ द्वारा मनमर्जी से अपना प्लान बनाकर यहां प्लॉटों की बिक्री कर रहे हैं।यह ही नही अब मोबाइल और वाट्सअप के द्वारा प्लॉटों की मार्केटिंग हो रही है ।तथा यहां प्लाटिंग करने वाले क्षेत्रवासियों को गुमराह कर व झूठ बोलकर ग्राहकों से यह भूमाफिया यह कहते है कि यह जमीन प्लाट जिला विकास प्राधिकरण से पास कराई हुई हैं और यह प्लाट पूरी तरह से वैध है जिसके बाद भोलेभाले क्षेत्रवासी इनके चंगुल में फस जाते है जबकि यह जमीन और प्लाट ना तो विकास प्राधिकरण से पास हुई होती है और न ही अन्य किसी सरकारी विभाग से कोई स्वीख्रति हुई होती है इसके वाबजूद क्षेत्रवासियों को गुमराह कर झूठ बोलकर प्लाट बेचकर अपना फायदा उठाकर फरार हो जाते है ।यही कारण होता है कि प्लाट खरीदने वाले खरीददार इनके झांसे में आ जाते है और अवैध प्लॉटों को खरीद लेते है ।और अब तो चरथावल क्षेत्र में तो भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलन्द हो चले है कि क्षेत्र के गांव कुटेसरा,निर्धना, चोकड़ा, कसौली, न्यामु,नगला आदि दर्जनों गांवों में अवैध प्लाटिंग का धंधा बड़े जोरो शोरो से चल रहा है ।और भमाफि़याओ कि योगिराज में भी जमकर चांदी कट रही है ।

एमडीए विभाग पूरी तरह से चरथावल क्षेत्र से अनजान नजर आ रहा है बल्कि जब को खबर मीडिया में चलती है तो उसके बाद विभाग अपनी कुम्भकर्णी नींद से कुछ घण्टो के लिए जागता है और फिर खानापूर्ति करने के लिए कार्रवाई के नाम पर अभी प्रशासन नाममात्र की कार्यवाही कर खानापूर्ति कर चले जाते है। और कुछ को नोटिस देकर मामले को रफा दफा कर देते है। यह कारण है कि हर 60,70 मीटर के बाद रोडो पर अवैध प्लाटिंग होते दिख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से जहाँ सख्त आदेश हैं कि कहीं भी अवैध प्लाटिंग व कॉलोनी विकसित नहीं होनी चाहिए। इसके बावजूद साठगांठ से बेधड़क अवैध प्लॉटिंग काटी जा रही हैं।अवैध प्लॉटिंग को काटने वालों पर एफआईआर दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए गए थे ।लेकिन चरथावल क्षेत्र में आज तक भी किसी अवैध प्लाटिंग करने वाले के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नही की गई है ।

## सूचना

मेरा पुत्र अमानउल्ला मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। अमानउल्ला ने परिवार की मर्जी के खिलाफ मीना पुत्री निजामूदीन से विवाह कर लिया था तथा 27.06.2024 को आपसी समझौते में तलाक हो गया था। मैने अमानउल्ला व मीना से अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अन्जुम प्रवेज**
**पुत्र फैज मौहम्मद,**
**निवासी- ग्राम दीदाहेड़ी,**
**रोहाना मिल, थाना कोतवाली**
**नगर, जिला मुजफ्फरनगर**

# लापता पत्नी की बरामदगी को लगाई गुहार

**लापता पत्नी के लिए पति ने ग्रामीण पर जताया शक**

**भोपा।** चोरी छिपे मोबाइल पर बात करने के बाद अचानक गायब हुई पत्नी की बरादगी की गुहार पति ने पुलिस से लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया की उसकी पत्नी अक्सर किसी अज्ञात व्यक्ति से मोबाइल पर बात करती रहती थी। बार बार समझाने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आई। और उससे बात बात पर झगड़ा करने लगी।जिसके संबंध मे उसने पत्नी के मायका वालों को भी जानकारी दी। बीते 2 फ़रवरी को वह गन्ने की छिलाई करने खेत मे गया हुआ था।इसी दौरान पत्नी घर से कहीं चली गयी। सभी संभावित स्थानों पर उसे तलाश किया गया। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। उसे गांव के ही एक व्यक्ति पर शक है। जो उसे बहका कर ले गया।आरोपी से ही उसकी पत्नी बात करती थी। अनहोनी की आशंका जताते हुए पत्नी की बरामदगी की गुहार पति ने पत्नी से लगाई है।

सम्मन वास्ते करारवाद, उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5, कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) बुढाना, मु.नगर वाद सं. टी 202409550309076 सन 2025 मौहम्मद आसिफ बनाम शाहिद आदि 1- मौहम्मद आसिफ 2- मौहम्मद मुर्सलीन पुत्रगण यासीन 3- फैजान नाबा. आयु 6 वर्ष पुत्र मौ0 मुर्सलीन संरक्षक पिता स्वयं मौ. मुर्सलीन 4- फैसल नाबा. आयु 14 वर्ष पुत्र यासीन संरक्षक सगा भाई मौ0 आसिफ समस्त निवासीगण ग्राम जौला परगना व तहसील बुढ़ाना जिला मु0नगर ..... **प्रार्थीगण / वादीगण बनाम** 1- शाहिद, 2- शौकत पुत्रगण रफीक, 3- श्रीमति जुलेखा पत्नी तासीन समस्त निवासीगण ग्राम जौला परगना व तहसील बुढाना जिला मु.नगर

4- ग्राम पंचायत जौला द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत/ग्राम सभा जौला परगना व तहसील बुढाना जिला मु. नगर .... **प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0संहिता 2006 मौजा-जौला में दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है, आप बतारीख के जो **17 माह. 3 सन् 2025** ई. बरवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमें हालात के करार वाकिफ किया गया हो, और कुछ उमूर तहत मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके, या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जबाबदेही दावा करें, और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जबाबदेही की ताईद से इस्तेमाल करना चहाते हो पेश करे, अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर मसमूह फैसला होगा। वरक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 05 माह 3 सन् 2025 ई. जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी**
**( न्यायिक )बुढाना ( मु.नगर )**

# रिपोर्ट दर्ज कराने गये 2 पक्षों में थाने में हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा निवासीगण दो पक्षों में बुढ़ाना कोतवाली परिसर में ही कहासुनी होने के बाद मारपीट हो गई। तभी बुढ़ाना पुलिस ने भी कड़ा सा रुख अपनाते हुए कोतवाली में मौजूद दोनों ही पक्षों के 11 लोगों का शांति भंग करने की धाराओं में चालान कर नसीहत भी दे डाली। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बा निवासी मोहम्मद इस्लाम और तालिब अहमद पक्ष में किसी मामूली सी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद बीती मंगलवार की देर रात दोनों पक्षों ने बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर एक दूसरे के विरु) तहरीर दे दी। इसी बीच दोनों पक्षों के लोगों में बुढ़ाना कोतवाली परिसर में ही कहासुनी हो गयी और वाद विवाद शुरू हो गया। वाद विवाद इतना बढ़ा कि बुढ़ाना पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों ने अचानक से आपस में ही एक दूसरे के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि एक पक्ष से मुजम्मिल, आदिल, इरशाद, आरिफ, शहजाद, उस्मान पुत्र नफीस व उस्मान पुत्र अहसान और दूसरे पक्ष से तालिब, राशिद राणा, गुलजार और सावेज का चालान कर दिया गया। इस संबंध में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्रा ने बताया कि सभी आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया गया है। कानून अपने हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफ्फरनगर

पंत्राक / समग्र शि./प्रशि. / 2467 /2024-25/ दिनांक 05/03/25

**विज्ञप्ति**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफ्फरनगर के कार्यालय पंत्राक/ समग्र शि./ प्रशि. /2377/2024-25/दिनांक: 21.02.2025 द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु ए.आर.पी. के पद हेतु परिषदीय अध्यापकों से आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से दिनांक 04.03.2025 तक सायं 05 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफ्फरनगर के पते पर आमंत्रित किये गये थे, जिसे पुन: दिनांक 10.03.2025 तक विस्तारित किया जाता है। शेष शर्तें एवं नियम/प्रतिबंध पूर्व विज्ञापन के अनुरूप ही रहेगा। पूर्व विज्ञापन के क्रम में आवेदन किये हुए अध्यापकों को पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नही है।

**( संदीप कुमार )**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर।**

# कार्यालय नगर पंचायत पुरकाजी ( मुजफ्फरनगर )

पत्रांक- 178/न.पं.पु./2024-25 दिनांक: 05.03.2025

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत पुरकाजी, जनपद मुजफ्फरनगर में निम्न लिखित व्यक्तियों द्वारा अपने प्रार्थना पत्र/बैनामें इस निकाय की भवनकर सूची में नामान्त्रण हेतु प्रस्तुत किए गए हैं, जिसका प्रकाशन जनसाधारण हेतु इस आशय से कराया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति को इस सबंध में कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति-दावा **तीस दिनों** के अन्दर लिखित में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## सूची

| क्र. सं. | नाम क्रेता/पिता/पति का नाम व मौहल्ला | नाम विक्रेता/पिता/पति का नाम व मौहल्ला | सम्पत्ति का विवरण | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अबदुरहमान खान, खलील खान, अतिकुरहमान, जिकरिया खांन पुत्र शफीकुरहमान खानं मौ. खेडा दरवाजा | शफीकुरहमान खान पुत्र मजिद खानं | खेडा दरवाजा | वसियत |
| 2. | केला देवी पत्नी रमेश चन्द नि. बघरा मुजफ्फरनगर | भोपाल सिंह पुत्र बल्लू | काजियान | वसियत |
| 3. | शाहिन पत्नी महबूब मौ. उ. चमारान | मौ. इदरीस पुत्र इब्रहिम मौ. उ. चमारान | उ. चमारान | रजि. बैनामा |
| 4. | सम्मो परवीन पत्नी फरमान झोझगान | फरमान पुत्र भूरा झोझगान | झोझगान | उपहार |
| 5. | नीरज कर्णवाल, विकास कर्णवाल पुत्र चरण दास बाजार खुर्द पुरकाजी | सीमा गुप्ता पत्नी मनीष गुप्ता नि. कानूनगौयान हिन्दू | बाजार खुर्द | रजि. बैनामा |
| 6. | सीमा गुप्ता पत्नी मनीष गुप्ता नि. कानूनगोयान हिन्दू | प्रेमवत्ती पत्नी जयपाल सिहं नि. ग्राम भोजाहेडी | बाजार खुर्द | रजि. बैनामा |
| 7. | अरविन्द कुमार पुत्र रामेश्वर दास मौ. काजियान व इन्दूरानी पत्नी अरविन्द कुमार | अशोक कुमार पत्नी निरंजनदास व राजीव कुमार व अजय कुमार पुत्र अशोक कुमार नि. काजियान | काजियान | रजि. बैनामा |
| 8. | इमराना पत्नी मौ. इरफान मो. कस्साबान | नईम अहमद पुत्र मो. अख्तर नि. कस्साबान | नूरनगरीयान | रजि. बैनामा |
| 9. | नूरजहां पत्नी लियाकत मो. शहरदारान पुरकाजी | वासत अलि पुत्र दीन मौहम्मद देवबन्द | खेडा दरवाजा | रजि. बैनामा |
| 10. | उसमान पुत्र सुलेमान खान सरावज्ञान | शुगफता खानं पत्नी नदीम खानं शहरदारान | कानूनगोयान | रजि. बैनामा |
| 11. | सुलेमान पुत्र जान मौहम्मद ग्राम भोजाहेड़ी | शाहिदा बानो, अनवर बानो d/o सईद हसन बाजार खुर्द | बाजार खुर्द | रजि. बैनामा |
| 12. | सुलेमान पुत्र जान मौहम्मद ग्राम भोजाहेड़ी | शाहिदा बानो, अनवर बानो d/o सईद हसन बाजार खुर्द | बाजार खुर्द | रजि. बैनामा |
| 13. | रजनी अग्रवाल पत्नी दामोदार अग्रवाल | नुपुर गर्ग पत्नी जयभगवान सिंघल पत्नी मनोज कु. गर्ग शामली व आरती गर्ग पत्नी जयभगवान सिंघल पत्नी कामेश गर्ग दादर नागर हवेली | काजियान | दान |
| 14. | सजीव कुमार शर्मा, राजीव कु. शर्मा आलोक कु. शर्मा नि. झोझगान | | झोझगान | परिवारीक समझौता |
| 15. | फैमिदा उर्फ भूरी पत्नी सईद अ. नि. मो. झोझगान | अमीर अ. पुत्र सगीर शाहिदा पत्नी रईस अ. | झोझगान | परिवारीक समझौता |
| 16. | रईस अ. व शहजाद अ. पुत्र वहीद खां नूरनगरीयान | जयपाल पुत्र जुम्मा नूरनगरीयान | नूरगरीयान | रजि. बैनामा |
| 17. | आका हसन पुत्र अब्बास अली | इकबाल सिंह पुत्र कुलदीप सिंह | झोझगान | रजि. बैनामा |
| 18. | मौ. नईम पुत्र बाबू खां नूरनगरीयान | शेर अली पुत्र छंगा नूरनगरीयान | नूरनगरीयान | रजि. बैनामा |
| 19. | ममतेश पत्नी राकेश कुमार मौ. कानूनगोयान हिन्दू | रूक्कया खातून पत्नी जहिर फरीदी | कानूनगोयन हिन्दू | रजि. बैनामा |
| 20. | उषा शर्मा पत्नी शशीकान्त शर्मा सरावज्ञान | शशीकान्त पुत्र लच्छीराम सरावज्ञान व अमित शर्मा पुत्र लच्छीराम सरावज्ञान | काजियान | रजि. बैनामा |
| 21. | विमला देवी पत्नी स्वं. जयप्रकाश उ. चामारान पुरकाजी | पति की मृत्यु के बाद गृहकर के नाम दर्ज कराने हेतू | उ. चमारान | |
| 22. | तबस्सुम पत्नी शमशाद उ. चमारान | गृहकर में नाम दर्ज कराने हेतु | उ. चमारान | |
| 23. | हाकम पुत्र गफूर मौ. हलवाईयान | शशी प्रभा पत्नी सोहनलाल शहरदारान | कानूनगोयान हिन्दू | रजि0 बैनामा |
| 24. | अमित कुमार पुत्र शील कुमार का. गो. हिन्दू | इमरान पुत्र शफात | बाजार खुर्द ब्रहमचारी मार्केट | रजि0 बैनामा |
| 25. | बीना गुप्ता पत्नी शील कु. गर्ग मौ. का. गो. हिन्दू | सोमेन्द्र कु. पुत्र वीरेन्द्र कुमार | बाजार खुर्द ब्रहमचारी मार्केट | रजि0 बैनामा |
| 26. | उषा पत्नी भवर सिंह मौ. द0 चमारान | बिरमी पत्नी ज्ञाना द. चमारान | द. चमारान | रजि0 बैनामा |
| 27. | अरूण कुमार पुत्र मदन लाल बाजार खुर्द पुरकाजी | नीलम पत्नी मनोज कुमार कर्णवाल क.गो. पुरकाजी | बाजार खुर्द | रजि0 बैनामा |
| 28. | इनाम अ. पुत्र नजीर अ. का.गो. म. | इकबाल नजीर अ. का.गो.म. | का.गो. म. | रजि0 बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पुरकाजी**
**मुजफ्फरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पुरकाजी**
**मुजफ्फरनगर**

**समन प्रकाशन**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ जिला मु.नगर** वाद सं0-208 सन् 2022 1. राजेन्द्र सिह पुत्र श्री जगराम निवासी ग्राम तालडा परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर।.**वादी बनाम** 1/1. यशपाल 1/2. सतीश पुत्रगण धर्मवीर 2. ऋषिपाल 3. वेदपाल पुत्रगण कर्म सिह 4. नकली सिह 5. रामबीर सिह पुत्रगण जगराम 6. अमित 7. सचिन पुत्रगण विजयपाल 8. श्रीमति कुसुम पत्नी विजयपाल 9. रामरतन पुत्र कन्हैया समस्त निवासीगण ग्राम तालडा परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर 10. ग्राम पंचायत ग्राम तालडा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम तालडा परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर।

**..........प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 1163 उ.प्र.रा. संहिता 2006 ग्राम - तालडा परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर । हरगाह वादी ने उक्त वाद आपके विरूद्ध दायर किया है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो **10.3. 2025 ई.** बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमें में हालात से करार वाकई किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे। और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह खिलाफ फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 28.2.25 ई. को जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी**
**तहसील जानसठ जिला मु.नगर**

## सूचना

मेरा पुत्र साबिर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बिल्कुल बाहर है और आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच व मारपीट करता रहता है उसका गलत लोगों के साथ उठना बैठना है इसलिए मैने व मेरे परिवार ने उससे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने साबिर को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद साबिर के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए साबिर स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रियासत पुत्र अली हसन निवासी ग्राम बेहडा थ्रू थाना ककरौली जिला मुजफ्फरनगर।**

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या- 1563/23.02.2011 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम मानवी सिंह अंकित नही कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

**विक्रम सिंह पुत्र घिस्सू सिंह**
**निवासी 633/1, बंसत विहार,**
**मुजफ्फरनगर**
**मो.न-8449221677**

## सूचना

मेरा भाई महबूब पुत्र जाहिद मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बिल्कुल बाहर है और आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच व मारपीट करता रहता है उसका गलत लोगों के साथ उठना बैठना है इसलिए मैने व मेरे परिवार ने उससे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने महबूब को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद महबूब के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए महबूब स्वयं जिम्मेदार होगा।

**असगर पुत्र जाहिद निवासी ग्राम सांझक थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर।**

# रजवाहे में शव मिलने से फैली सनसनी

■ पहचान नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाहटाइम्स संवादाता**

**खतौली।** बुधवार को थाना रतनपुरी क्षेत्र में गांव अंबरपुर रजवाहे से करीब 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। वही रजवाहा पटरी से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुलिस को राजवाहे में शव मिलने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर शव को राजवाहे से बाहर निकालकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया मगर शव की पहचान नही हो सकी बाद में पुलिस ने व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

रतनपुरी क्षेत्र के गांव अंबरपुर के ग्रामीण बुधवार की सुबह जब अपने खेतो पर जा रहे थे तो रजवाहा पटरी से गुजरते समय उन्होंने रजवाहे में एक व्यक्ति का शव देखा जिसके बाद ग्रामीणों में शव को देखकर सनसनी फैल गयी। उन्होंने राजवाहे में व्यक्ति का शव मिलने की सूचना तुरंत रतनपुरी पुलिस को दी।

शव मिलने की सूचना पर पुलिस में भी हड़कम मच गया। और सूचना पर रतनपुरी पुलिस मौके पर पहुची। पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल करने के बाद व्यक्ति के शव को ग्रामीणों की मदद से रजवाहे से बाहर निकाला। शव की जांच पड़ताल करने पर पुलिस को शव पर कोई चोट आदि का निशान नहीं मिला है। व्यक्ति की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। और शव भी सड़ी गली अवस्था में मिला है। पुलिस ने मौके पर खड़े आसपास गांव के ग्रामीणों द्वारा शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया। मगर व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव के फोटो आसपास के सभी थानों को प्रेषित किए हैं, ताकि व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो सके। इसके बाद रतनपुरी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वही पुलिस फोटो के जरिये व्यक्ति के शव की शिनाख्त कराने के प्रयास में लगी थी। अज्ञात व्यक्ति का राजवाहे में शव मिलने से घण्टो ग्रामीणों में दहशत बनी रही।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मीरापुर।** दिल्ली पौडी राजमार्ग पर ग्राम शिवपुरी के निकट बाईक व कार की भिडंत में बाईक सवार गम्भीर घायल हो गया।

मवाना के मौहल्ला मुन्ना लाल निवासी अजय पुत्र मुन्ना अपनी बाईक द्वारा मवाना से बिजनौर जा रहा था। जब वह दिल्ली पौडी राजमार्ग पर ग्राम शिवपुरी के निकट पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रही एक कार ने किसी वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया जिस कारण वह संतुलन खो बैठा और बाईक से उसकी भिडंत हो गई। इस दुर्घटना में अजय को गम्भीर चोटे आयी जिस कारण वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगो ने उसे जानसठ सीएचसी में उपचार के लिए भिजवाया। उधर कार चालक दुर्घटना कर मौके से फरार हो गया।

# ब्राह्मण समाज के आगे भाकियू ने टेके घुटने, मांगी माफी

■ कोतवाली में धरने के दौरान माँ को किया अपमानित,बना था आक्रोश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** इंस्पेक्टर की माँ के प्रति एक भाकियू पदाधिकारी द्वारा कहे गए अपशब्द के बाद ब्राह्मण समाज के आक्रोश को देखते हुय भाकियू घुटने टेक समाज के लोगों से भाकियू प्रतिनिधि मंडल ने समाज के सामने माफी मांग कर भविष्य में अपशब्द न कहने का आश्वासन दिया।

खतौली में बीते दिनों हुए विवाद ने काफी सुर्खियां बटोरीं थीं। भारतीय किसान यूनियन के एक पदाधिकारी द्वारा धरने के दौरान कोतवाल की स्वर्गीय माताजी के प्रति की गई मर्यादाहीन और आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद समाज में भारी आक्रोश फैल गया था। इस घटना से खासतौर पर ब्राह्मण समाज में नाराज़गी देखी गई। इस पदाधिकारी ने अपशब्द कहते हुय इंसानियत की सभी सीमाएं और मर्यादा को ताक पर रख दी थी। भाकियू नेता की इस बात को सुन कोतवाली में मौजूद अन्य नगर वासियों और पुलिस कर्मियों में भाकियू संगठन के प्रति भारी आक्रोश बन गया था। इस पूरे प्रकरण में जहां पुलिस प्रशासन में भाकियू के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला वही दूसरी ओर नगर के ब्राह्मण समाज ने भी भाकियू के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुय भाकियू के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त किया था। सोमवार को ब्राह्मण समाज ने परशुराम भवन पर एक बैठक कर भाकियू पदाधिकारी के प्रति नारा. जगी और आक्रोश व्यक्त करते हुय भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत और प्रवक्ता राकेश टिकैत से मिलकर भाकियू पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। भाकियू टिकैत बंधु से मिलने की चेतावनी के बाद इस विवाद को सुलझाने के लिए भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल, प्रदेश महासचिव योगेश शर्मा के नेतृत्व में परशुराम भवन पहुंचा, जहां उन्होंने ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोगों से मुलाकात की। इस बैठक में पूरे मामले पर गहराई से चर्चा की गई, और किसान यूनियन ने इस घटना पर खेद प्रकट किया। वहीं, विवादित बयान देने वाले भारतीय किसान यूनियन के खतौली ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र चौहान ने भी सार्वजनिक रूप से अपने शब्दों पर अफसोस जताते हुए माफी मांगते हुय भविष्य में ऐसी किसी भी टिप्पणी से बचने का वादा किया। जिसके बाद जिस माँ को भाकियू ने अपमानित किया था उसी माँ के आगे भाकियू नसमस्तक हो गई। भाकियू पदाधिकारियो में कपिल सोम एनसीआर प्रभारी, सतेंद्र ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे। वही ब्राह्मण समाज से वार्ता में अध्यक्ष केपी शर्मा, महामंत्री मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, ऑडिटर जे बी कौशिक, संगठन मंत्री विनोद शर्मा, मंत्री धर्मेंद्र शर्मा और नीरज शर्मा मौजूद रहे।

# धूल भरी तेज हवाओं ने जनजीवन किया बेहाल

**मीरापुर।** पिछले दो दिनों से चल रही धूल भरी तेज हवाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। हवा में धूल की मात्रा अत्यधिक बढ़ने से लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर तक पहुंच चुकी है, जिससे अस्थमा और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है।

मंगलवार से शुरू हुई धूल भरी आंधी लगातार जारी है। वातावरण में धूल के कणों की अधिकता के कारण दृश्यता पर भी असर पड़ा है। लोग आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। सड़कों पर धूल के कारण वाहन चाल. कों को भी मुश्किलें हो रही हैं। पर्यावरणविदों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के कारण धूल भरी आंधियों की तीव्रता में इजाफा हो रहा है। औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण कार्यों और वनों की कटाई के चलते वातावरण में धूल और प्रदूषकों की मात्रा लगातार बढ़ रही है, जिससे ऐसे हालात पैदा हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को बाहर निकलने से बचने और यदि बाहर जाना अनिवार्य हो तो मास्क पहनने की सलाह दी है।

डॉक्टरों का कहना है कि धूल के कण फेफड़ों में जाकर कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं, विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। प्रशासन ने नागरिकों से घरों में रहने, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने और बहुत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट पर रखा है ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में तुरंत इलाज मुहैया कराया जा सके। सरकार और पर्यावरणविदों का मानना है कि यदि प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में इस तरह की धूल भरी आंधियां और अधिक विकराल रूप ले सकती हैं।

# स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज, केशवपुरी, में स्काउट और गाइड के त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमन गर्ग (योग शिक्षिका), विद्यालय के प्रबन्धक संजय अग्रवाल, प्रधानाचार्य कौशल आर्य, वरिष्ठ आचार्य मुकेश दत्त शर्मा, जिला स्काउट कमिश्नर भारत भूषण अरोरा उपस्थित रहे। शि. विर में स्काउट भाइयों ने मिलकर 13 टेंट (शिविर) और गाइड बहनों के 7 (टेंट) शिविर लगाए। मुख्य अतिथि सुमन गर्ग और प्रबन्धक संजय अग्रवाल ने शिविरों का निरीक्षण किया और भैया - बहनों के द्वारा बनाए गए शिविरों की प्रशंसा की। भैया बहनों के द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य कौशल आर्य ने भैया - बहनों को अनुशासन और मिल जुलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रबन्धक संजय अग्रवाल ने शिविर में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिविर में प्रशिक्षक टीम में कु. ज्योति, कु.साक्षी और अनुज कुमार ने भैया - बहनों को स्काउट गाइड प्रार्थना ,प्रतिज्ञा, नियम, झंडा गान , गांठे लगाना, तम्बू निर्माण आदि सीखाया गया। इस अवसर पर स्काउट प्रमुख आचार्य नीरज कुमार शर्मा, गाइड प्रमुख आचार्या इन्दु त्यागी, सुनील कुमार शर्मा, योगेंद्र दत्त शर्मा, महेश कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, संजीव कुमार, लोकेश कुमार, नीरज गर्ग, सुशील कुमार, संजय कुमार, मनोज मित्तल, कु. साक्षी शर्मा, सविता सहित सभी आचार्य बन्धु/बहन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन नीलम शर्मा के द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें मुजफ्फरनगर में 176 सीटों के सापेक्ष 173 बच्चों का चयन हुआ है। जिसमें सर्वाधिक छात्रों का चयन उच्च प्राथमिक विद्यालय राजपुर छाजपुर बुढाना ब्लॉक से हुआ है। यहां से 17 बच्चों का चयन हुआ है। और सर्वाधिक अंक भी यही के छात्र ने प्राप्त किए हैं। कंपोजिट विद्यालय नसीरपुर से 6 बच्चों का चयन हुआ है। यहां की बालिका में जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया है और शुरू के टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है। इस राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाने में कोऑर्डिनेटर मीरा शर्मा (कंपोजिट विद्यालय नसीरपुर) व रीना सिंह (प्राथमिक विद्यालय भैंसी नंबर 2) का अथक प्रयास रहा है। उनके प्रयासों के फल स्वरुप ही समस्त सीटों के सापेक्ष फॉर्म भरे जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### अब कोई भी फहरा सकता है तिरंगा

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में भारतीय झंडा संहिता, 2002 में निहित मुख्य दिशा-निर्देश दिए गए हैं। भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगो की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर ओर निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण/प्रयोग/संप्रदर्शन राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित है। भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 30 दिसंबर, 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया और पॉलिएस्टर के कपडे से बने एवं मशीन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति दी गई। अब व्यवस्था है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती/पॉलिएस्टर/ऊनी/सिल्क/खादी के कपडे से बनाया गया हो। जनता का कोई भी व्यक्ति, कोई भी गैर-सरकारी संगठन अथवा कोई भी शिक्षा संस्था राष्ट्रीय झंडे को सभी दिनों और अवसरों, औपचारिकताओ या अन्य अवसरों पर फहरा/प्रदर्शित कर सकता है, बशर्ते राष्ट्रीय झंडे की मर्यादा और सम्मान का ध्यान रखा जाये। जहाँ झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां उसे दिन एवं रात में फहराया जा सकता है। जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला-कुचौला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाये।

### होली चाईल्ड में लीटिल चैम्प टेलेंट शो का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में लिटिल चैम्प टैलेन्ट शो का आयोजन किया गया। लिटिल चौम्प टैलेन्ट शो का शुभारम्भ अतिथियों प्रमुख समाज सेविका ममता अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा आंचल तोमर, सोनिका आर्य, रोहताश कली, रेणु चौधरी, रितु चौधरी शालू जलोत्रा, सुनीता जलोत्रा, पुष्पा चौधरी, लाइफ कोच सोनिया लुथरा, अध्यक्षा रीटा दहिया एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। लिटिल चैम्प टैलेन्ट शो में बच्चों ने फैन्सी ड्रैस, गायन, नृत्य, एक्टिंग, ड्रामा में अपनी छिपी हुई प्रतिभा को मंच पर लाने और उनकी प्रतिभा को तरासने का कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी लक्की कुमार ने किया। कार्यक्रम में 260 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा कर प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। धवल, अंशु, मनीष, अतुल, यश, नैतिक, अर्शी, जीनत, अंश धीमान, नक्श, अंजुमन एवं रिहान ने महाकुम्भ थीम पर शानदार गायन एवं म्यूजिकल इन्स्ट्रूमेंट बजाकर सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को आश्चर्य चकित कर दिया। अन्य कलाकारों ने सुदामा चरित्र-चित्रण, चंदा कब दूर गगन से, जय-जयकारा, झांसी की रानी, इत्ती सी हंसी आदि पर नृत्य एवं गायन के द्वारा शानदार अभिनय किया। सोनिका आर्य ने कहा कि लिटिल चौम्प टैलेन्ट शो ऐसा प्रोग्राम है जिसमें बच्चे स्वयं तैयारी करते है। हमें अपने एकेडमिक टैलेन्ट के साथ-साथ छिपी हुई प्रतिभा को भी निखारना है। सोनिया लुथरा ने कहा कि हम अपने बच्चों को संस्कार दे बाकि चीजे वह बाहर से सीख ही लेगे और अपने चेहरे पर हमेशा मुस्कान रखे क्योंकि बहुत अच्छा लगता है जब घर के बच्चे मुस्कुराते है।पुष्पा चौधरी ने कहा कि जिन बच्चों ने कार्यक्रम ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाई है, मैं विद्यालय एवं उनके माता-पिता को अपनी तरफ से शुभकामनाएं देती हूं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जौली शर्मा, सुरेखा, शिखा चौधरी, प्रीतम मिश्रा, जितेन्द्र कुमार, शुभम सुक्रालिया, इन्दु सहरावत, रीना चौहान, अजीत सिंह, सतकुमार, सागर धीमान, दीपक योगी इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

### विपक्षियों पर कार्रवाई की मांग को डीएम को ज्ञापन सौंपा

**मुजफ्फरनगर।** डीएम कार्यालय पर पीड़िता नूरजहां ने बताया कि उसके पति द्वारा अपने मकान की बाबत एक मुकदमा न्यायालय सिविल जज जू.डि. बुढाना के यहां नौशाद बनाम जरीमा आदि योजित किया हुआ है। उन्होंने बताया कि गत 3 मार्च उसकी सास संजीदा पत्नी नूरदीन व नंनद कौसर व साबरीन पुत्री नूरदीन घर पर थी तभी उसके घर पर शाहरूख व फारूक व समून पुत्रगण लतीफ निवास. ीगण उमरपुर जबरदस्ती घुस आये और मारपीट व गाली गलौच करते हुए ननंदो के साथ छेडछाड करने लगे तभी युसुफ पुत्र लतीफ व रूबी व चांदो पुत्री युसुफ भी आ गये और घर का सामान निकालकर बाहर फेंक दिया तथा जेवरात सोना व चांदी व कीमती कपडा को उठा ले गये। पीड़िता ने डीएम से सास का डाक्टरी मायना करा विपक्षीगणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# सीएचसी में लगा नि'शुल्क नेत्र कैंप, 65 मरीज रैफर



**बुढ़ाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के परिसर में आज बुधवार के दिन एक निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉक्टर उमंग श्रीवास्तव ने बताया कि इस शिविर में आए लगभग 100 मरीजों की आंखों की बारीकी से जांच की गई। उनमें से 65 मरीजों को चिन्हित कर उनकी आंखों का ऑपरेशन कराने के लिए उनको सरक. ारी खर्चे पर उत्तराखंड राज्य के जौलीग्रांट आई हास्पिटल में भेजा गया है।घ्मिली जानकारी के अनुसार साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना की और से बुधवार को एक निरूशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सकों की ओर से 99 लोगों के आंखों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें से कुल 65 लोगों को आप. रेशन के लिए जौलीग्रांट ले जाया गया। नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सीएचसी बुढ़ाना में किया गया था। शि. विर का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अर्जुन सिंह ने फीता काटकर किया। यहां सभी मरीजों को चिकित्सकों की ओर से आंखों की देखभाल आदि संबंधी परामर्श दिए गए। प्रभारी डाक्टर अर्जुन सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के गरीब व जरूरतमंद वर्ग को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण जरिया है। ऐसे गरीब जो पैसों के अभाव में अपनी आंखों का इलाज नहीं करा पाते उन लोगों के लिए यह शिविर बेहद मददगार है।

# चोरी हुआ चेक रकम भरकर बैंक में लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चोरी हुई बैंक की चेकबुक से चेक द्वारा डेढ़ लाख रुपये की रकम निकालने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित को इस बात का पता तब चला, जब उसके मोबाइल पर चेक के संदर्भ में मैसेज आया। यह मैसेज देखकर पीड़ित के होश उड़ गये। इस मामले की शिकायत पीड़ित ने सीओ से करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कूकड़ा निवासी पंकज पुत्र मामचंद ने सीओ को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 14 जुलाई 2024 को उसके घर में चोरी हो गई थी, जिसमें कीमती सामान, नकदी व बैंक की पासबुक व चेकबुक आदि शामिल थे। पंकज का कहना है कि उक्त चोरी की शिकायत नई मंडी कोतवाली में की गई थी। पीड़ित का कहना है कि जो चेकबुक चोरी हो गई थी उसी चेक बुक का एक चेक बैंक में लगा दिया गया है। पीड़ित ने बताया कि चार मार्च 2025 को उसके मोबाइल नंबर पर बैंक की ओर से मैसेज आया कि सलेकचंद पुत्र रतन. सिंह द्वारा डेढ़ लाख रुपये का चेक लगाया गया है, जिसका चेक नंबर 04266 है।

पीड़िता का कहना है कि उक्त चेक उसने नहीं दिया है। चेकबुक चोरी होने के बाद उसने दूसरी चेकबुक बनवा ली थी। पीड़ित ने इस सम्बंध में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आगाज

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के खेल प्रांगण में चल रहे 'वार्षिक खेलकूद-2025' के अन्तर्गत आज एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ रहे। आज से शुरू हुई एथलेटिक्स मीट-2025 में पुरूष और महिला वर्ग में 100 मी0, 200 मी0 400 मी0, 800मी, 1500मी0, 3000 मी0, की दौड़ के साथ-साथ शॉटपुट तथा डिस्कस, लम्बी कूद व रीले रेस आदि के मुकाबले खेले गए। 800 मी0 महिला वर्ग की दौड़ का खिताब शारी. रिक शिक्षा विभाग की काजल को तथा 800 मी0 पुरूष वर्ग की दौड का खिताब कम्प्यूटर एप्लीकेशन के मौ0 अहरार को मिला। वहीं 100 मी0 पुरूष वर्ग की दौड़ में सबको छकाते हुये पहला स्थान शारीरिक शिक्षा विभाग के राकिब ने प्राप्त किया तथा 100 मी0 महिला वर्ग की दौड मे शारी. रिक शिक्षा विभाग की अदीति धीमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# विधायक के समक्ष ग्रामीणों ने रखी तीन मांगें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल सिंह बालियान आज बुधवार के दिन बुढाना ब्लाक के गांव जोला में ग"फार प्रधान के आवास पर पहुंचे। जहां पर जौला यूथ क्लब ने उनके सामने गांव के लिए तीन मांगों को रखा। जौला यूथ क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी जीशान अहमद ने रालोद विधायक से मांग की कि एक तो गांव जौला में खेल का मैदान हो ताकि युवा वर्ग का स्टेडियम का सपना पूरा हो क्योंकि उनको खेलने के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। दूसरे गांव की लड़कियों के लिए एक डिग्री कालेज बनवाया जाए। गांव में हजारों छात्राएं हैं जिनको उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई किलोमीटर दूर बाहर जाना पड़ता है। उनको रास्ते में विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तीसरे गांव पंचायत जौला को नगर पंचायत का दर्जा दिलाया जाए जबकि इसके लिए सर्वे में किया जा चुका है। जितनी आबादी नगर पंचायत के लिए होती है उससे अधिक की आबादी गांव की है। जिस पर रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने उक्त तीनों मांगों को अच्छी बताते हुए कहा कि वे इस बार लखनऊ में होने वाली मीटिंग में इन तीनों मांगों को जोर शोर से रखेंगे और दो दिन बाद जौला में आ रहे केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के समक्ष भी यह मांग रखेंगे। उन्होंने सभी से आगामी 08 मार्च को गांव के पास ही बनी गायत्री वाटिका में चौधरी चरण सिंह की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचने की अपील की तो मौजूद ग्रामीणों ने रालोद विधायक को कार्यक्रम में पहुंचने का आश्वासन दिया। इस दौरान आरिफ राणा, जीशान अहमद, डॉक्टर शहजान, महताब राणा और इरफान राणा आदि पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## भसाना मिल गेट पर तौल कांटों का निरीक्षण

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में खतौली रोड पर स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल लिमिटेड यूनिट भसाना में आज बुधवार के दिन जनपद मुजफ्फरनगर के जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसौदिया के दिशा निर्देश पर गन्ना समिति बुढाना के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय सिंह के द्वारा चीनी मिल भसाना के मिल गेट के कांटों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होनें केनयार्ड में अन्य व्यवस्था भी देखी जो बिल्कुल ठीक-ठाक मिली। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कांटे सही मिले। शुगर मिल की ओर किसानों के लिए पेयजल की व्यवस्था भी उचित मिली। किसानों को मिल में पर्याप्त और साफ सुथरा गन्ना लाने के लिए कहा गया है। इस दौरान उन्होंने मौके पर मिले कई किसानों से भी वार्ता कर उनकी समस्या भी सुनी और शीघ्र ही उनके निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरक्षा कार्ड और अन्य तरह की व्यवस्था भी ठीक ठाक मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस निरीक्षण में उनके द्वारा चेक किए गये सभी कांटे सही पाए गये। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से बजाज शुगर मिल गेट के इंचार्ज अनिल कुमार सहित अन्य गन्ना अधिकारियों की उपस्थिति देखने को मिली।

# दुकान में चोरी की घटना का पांच दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के पड़ाव चौक के निकट स्थित एक विदेशी मदिरा की दुकान में चोरी की घटना को पांच दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस कोई खुलासा नहीं कर पाई है, जिससे दुकान मालिक नलिन वर्मा ने रोष प्रकट किया है।

मीरापुर बाईपास पर सैनी भटे के पास स्थित इस विदेशी मदिरा की दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने 31 हजार रुपये नकद और लगभग 1.53 लाख रुपये की शराब चोरी कर फरार हो गए थे। इस घटना के बाद दुकान के सेल्समैन अंकुर अरोड़ा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। दुकान मालिक नलिन वर्मा ने बताया कि इससे पहले 9 दिन पूर्व जानसठ थाना क्षेत्र के घटायन में स्थित उनके शराब के ठेके से भी चोर लगभग 5 लाख रुपये की शराब और नकदी लेकर फरार हो गए थे। दोनों घटनाओं को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस किसी भी मामले में कोई ठोस सुराग नहीं जुटा पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस सिर्फ खानापूर्ति कर रही है और चोरी की वारदातों का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे शराब व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। नलिन वर्मा ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और चोरी का सामान बरामद करने की मांग की है, ताकि व्यापारियों का विश्वास बहाल हो सके।

# कुंभ ने देश की एकता, समानता का दिया संदेश : स्वामी ओमानन्द

**मोरना।** भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि महाकुंभ ने पूरे विश्व में सनातन धर्म की पताका फहरायी है। कुंभ ने देश को एकता, समानता और अखंडता का संदेश दिया है। श्री शुकदेव आश्रम के गीता भवन में कथा व्यास रमेश भाई शुक्ल की भागवत कथा का शुभारंभ पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने किया।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ ऐतिहा. सिक, अविस्मरणीय और अतुलनीय रहा है, जो सदैव स्मरण रखा जाएगा। महाकुंभ सनातन की श्रेष्ठता और विराटता का प्रतीक है, जिसने देश और दुनिया को भारत की श्रेष्ठ धार्मिक आध्यात्मिक संस्क्रति का परिचय करवाया। अमृत कुंभ में सनातन संस्क्र ति का अद्भुत दर्शन हुआ, जिसमें ऊंच-नीच और अमीर-गरीब का कोई भेदभाव नहीं रहा। कुंभ में भक्ति की पराकाष्ठा का दर्शन हुआ। भक्ति की भव्यता को समझने की शक्ति भागवत से मिलती है। भागवत, महाकुंभ और शुकतीर्थ का विशेष संबंध है। भागवत कथा से पूर्व शुकतीर्थ में देवता पूरा अमृत कुंभ लेकर आये थे। शुकतीर्थ को कथा अमृत तथा सुधा अमृत दोंनो का रसपान मिला है। भक्ति उपासना का प्राण तथा योग को उपासना का शरीर माना गया है।जिस तरह बिना प्राण के शरीर नहीं, उसी प्रकार बिना भक्ति उपासना नहीं हो सकती है। परमात्मा के प्रति सर्वस्य समर्पण ही भक्ति है।भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति होती है। भक्ति जीवन उत्थान की पराकाष्ठा है। भक्ति प्रभु शरणागत से मिलती है। कलियुग में प्रभु भक्ति का एकमात्र साधन भक्ति मार्ग है। भक्ति गंगा का भागीरथ भागवत कथा सत्संग है। यज्ञमान बलिया निवासी अनन्त प्रकाश मिश्रा , मुन्नी मिश्रा , बीना मिश्रा ने विद्वानों का आभार जताया।



## साइबर अपराध रोकने को किया जागरूक

**खतौली।** आए दिन हो रहे नए-नए फॉड को लेकर साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करने के लिए बुधवार को कोतवाली पुलिस की तरफ से जागरूकता अभियान चलाया गया। जरूरत पड़ने पर बिना डर के पुलिस को सूचना दें महिलाओं को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कई तरह के ठोस कदम उठाए गए हैं। बावजूद उसके अपराध करने वाले आए दिन नए-नए तरीके ढूंढ ले रहे हैं। बुधवार को सीओ रामा आशीष यादव और कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने निर्देश में साइबर अपराध रोकने के लिए अभियान चलाया जहां उपनिरिक्षक आकाश शर्मा और सूर्य प्रताप ने छात्रों और छात्राओं और युवाओं को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए। उन्होंने सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने और ऑनलाइन शॉपिंग में सतर्कता बरतने की सलाह दी। विशेष रूप से छात्राओं से अपील की कि वे मोबाइल, चौटिंग और वीडियो कॉल से जितना संभव हो दूर रहें, जिससे वे अधिक सुरक्षित रह सकें।

# एफआईआर व पीड़िता की तहरीर नहीं खा रही मेल

**बुढ़ाना।** उमरपुर पुलिस चौकी पर तैनात एक दारोगा पीडित की तहरीर में खेल कर गये। यहां तक उन्होंने उच्च अधिकारियों को भी शायद पीड़ित की पहली और दूसरी तहरीर छुपाकर तीसरी तहरीर पेश की। वो तहरीर किसने लिखी यह जांच का विषय है क्योंकि रिपोर्ट दर्ज कराने आई पीड़िता और उसका देवर अनपढ़ हैं। पीड़िता का तीसरी तहरीर पर सिर्फ उसका अंगूठा लिया हुआ है। दूसरी ओर पीड़ित पक्ष की दो अलग अलग वीडियो आरोपियों द्वारा वायरल की गयी। जिसमें पीड़ित नौशादघ्आरोपियों के सामने कुछ रकम गिन रहा है। इस पर नौशाद ने बताया कि वो युसुफ के यहां पर मजदूरी करता है। जिसका पूरे गांव को पता है और युसूफ पक्ष ठेकेदार हैं। वह उनसे एक लाख रूपये अपनी मजदूर पेशगी पर काम पर जाने के लिए ले रहा है। इस रकम से मकान के बैंचें जाने का कोई संबंध नहीं है। दूसरी वीडियो के बारे में नौशाद ने बताया कि आरोपी पक्ष उसके पिता को अपने घर पर बंधक बनाए हुए हैं और उनसे जबरदस्ती कहलवा रहे हैं। उसने इस संबंध में 112 नंबर पर भी काल किया था और उमरपुर चौकी पर तैनात पुलिस को भी इसकी जानकारी है। पुलिस ने ही उसके पिता को बंधन मुक्त कराया था। इसमें उन्होंने गांव वालों के कहने पर कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी।

## एफआईआर जो पुलिस ने दर्ज की...

बुढ़ाना। पुलिस के अनुसार जो तहरीर पीड़ित ने उन्हें दी उस आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। एफआईआर में लिखा है कि नूरजहां पत्नी नौशाद ने बताया कि मेरे ससुर नूरदीन निवासी ग्राम उमरपुर ने अपना मकान गांव की जरीमा पत्नी युसुफ को बेंचा था तथा हमें 10 माह के रहने का समय दिया था लेकिन मेरे ससुर व पति मजदूरी करने बाहर गये हैं इसी मजबूरी मे मकान खाली नही हो पाया तो बीती 3 मार्च को समून आदि मेरे मकान में आये और मकान का सारा सामान बाहर कर तोडफोड कर दी तथा हमारे साथ मारपीट व गाली गलौच की। पुलिस ने समून, यूसूफ व 5 महिलाओं के विरु) रिपोर्ट दर्ज की है।

## तहरीर जो पीड़िता ने पुलिस को दी...

**बुढ़ाना।** नूरजहां के अनुसार उसने जो तहरीर पुलिस को दी उसमें लिखा कि एक मकान ग्राम उमरपुर में है। 70 साल से उसके ससुरालिए उस मकान में रह रहे हैं। बीते 3 मार्च को वे सब अपने मकान में थे। तब यूसुफ व समून आदि ने हमारे मकान से हमारा सामान निकालकर बाहर फैंक दिया। विरोध करने पर हमारे साथ मारपीट की और औरतों व बच्चों को भी नहीं बख्शा और हमारे मकान की छत व दिवार गिरा दी। पीड़िता ने पुलिस को इससे पहले जो एक और तहरीर दी थी उसको पुलिस ने लेने से इंकार कर दिया था। पुलिस की एफआईआर में उक्त मकान बैंचने की बात है लेकिन पीड़िता नूरजहां की दोनों तहरीर में मकान बैंचने या मकान में रहने के समय का कोई भी जिक्र नहीं है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गाली-गलौज से क्षुब्ध होकर की गई थी साथी की हत्या

## एसपी ने प्रेस वार्ता कर आरोपी को किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत युवक की हत्या कर साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से शव को ग्राम मखमूलपुर के जंगल में गन्ने के खेत में छिपाए जाने की घटना का अनावरण करते हुए घटना में लिप्त 1 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद।

2.3.2025 को दोपहर के समय पीआरवी 112 को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मखमूलपुर के जंगल में गन्ने के खेत में करीब 35-40 वर्ष के अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना कांधला पुलिस, फारेन्सिक टीम, सर्विलान्स, डॉग स्कवायड द्वारा मौके पर पहुचंकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया । प्रयास के पश्चात मृतक की शिनाख्त कुलदीप पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली के रूप में उसके परिजनों द्वारा की गई। मृतक कन्डेला फैक्ट्री में काम करता था। घटना के सम्बन्ध में मृतक के भाई राजीव कुमार की तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उपरोक्त घटना की गंभीरता के दृष्टिगत घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी किए जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कांधला को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 5.3.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली रामस.वक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित हत्या में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत युवक की हत्या कर साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से शव को ग्राम मखमूलपुर के जंगल में गन्ने के खेत में छिपाए जाने की घटना का अनावरण करते हुए घटना में लिप्त अभियुक्त अभय कुमार मलिक उर्फ विशाल पुत्र राममेहर निवासी ग्राम मखमूलपुर थाना कांधला जनपद शामली को चौंकिग के दौरान रामवीर के ईट के भट्टे के पास ग्राम रामपुर खेड़ी से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवशयक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गई है । शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।



शामली। हत्यारोपी को पेश करते एसपी। छाया शाह टाइम्स

मृतक कुलदीप पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली व अभियुक्त अभय कुमार मलिक उर्फ विशाल पुत्र राममेहर निवासी ग्राम मखमूलपुर थाना कांधला जनपद शामली आपस में दोस्त है तथा शराब पीने के आदि है। मृतक कुलदीप कंडेला में पेपर मील में तथा अभियुक्त अभय माचिस की फैक्ट्री में काम करता है । दिनांक 02।03।2025 की शाम को करीब 09।00 बजे डड्यूटी खत्म करने के बाद दोनों मिले तथा अभय की मोटर साइकिल से गांव मखमूलपुर के लिए चल दिए। दोनों ने अभय के ईख के खेत के किनारे बैठकर शराब पी । इसी दौरान कुलदीप ने अभय के साथ गाली गलौज की ,इसी बात से नाराज होकर अभय ने कुलदीप को काबू कर उसके हाथ पैर बाधकर उसकी चादर से कपड़ा फाडकर उसकी गला घोटकर हत्या कर दी तथा उसके शव को गन्ने के खेत के पास छोड़कर घर चला गया तथा घर जाकर घटना के बारे में अपने भाई कमल को बताया। इस के बाद अभय व कमल ने वापस आकर कुलदीप के शव को गन्ने के खेत के अन्दर साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से डाल दिया।

दोनो पर शक न हो इसलिए कमल द्वारा योजनानुसार डायल 112 पर उसके गन्ने के खेत में एक शव मिलने की सूचना दी थी। अभियुक्त द्वारा शराब पीने के दौरान मृतक कुलदीप द्वारा गाली गलौज करने के कारण कुलदीप की हत्या की गई है तथा उसके भाई कमल द्वारा मृतक के शव को साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से छिपाया गया है।

# हाइवे पर जाम लगाने के मामले में दो महिलाओं सहित दर्जनों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव समसपुर निवासी श्रमिक के परिजनों द्वारा शव को हाईवे पर रखकर जाम लगाए जाने के मामले में थाना आदर्शमंडी पुलिस ने वीडियोंग्राफी से पहचान कर दो महिलाओं सहित 15 नामजद व 60-65 अज्ञात लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी गजे सिंह की सडक दुर्घटना में मौत हो गई थी। परिजनों ने आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी व आर्थिक मुआवजे की मांग को लेकर शव को मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित जलालपुर हट पर रखकर जाम लगाया था। जिसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पाया कि जाम लगाए जाने से जनता का मार्ग अवरूद्ध कर रखा गया है। जिससे विधि विरूद्ध जाम लगाकर, कार्य सरकार में बाधा व शांति व्यावस्था भंग होना पाया गया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया गया और हल्का इंचार्ज द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस द्वारा जाम लगाने की वीडियोंग्राफी कराई गई थी, जिसकी जांच किए जाने पर कई नाम प्रकाश में आए। पुलिस उपनिरीक्षक विपिन कुमार की ओर से 15 नामजद रामफल, धर्मवीर, सत्यवीर, रोशन, शिवकुमार, पंकज, अमरपाल, उदयवीर, कृष्णपाल, सोनू, ऊषा, प्रीति आदि व 60-65 अज्ञात के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन से हो गई श्रमिक की मौत

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा मृतक श्रमिक गजे सिंह के पुत्र लोकेन्द्र की ओर से अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारकर घायल करने और ईलाज के दौरान मौत होने का मामला भी दर्ज किया है। पुलिस ने हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकालते हुए आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## मारपीट मामले में उचित जांच न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पीड़िता नरगिस पत्नी मौसीन, निवासी चन्दनपुरी जमालपुर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 3 जनवरी की शाम सददाम, साकिब, हारुन पुत्रगण गुलशर, निवासी छपरौली जनपद बागपत ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौच की करते हुए मारपीट की। पीड़िता ने घटना की तहरीर थाने में दी, लेकिन पुलिस ने अपनी मर्जी से तहरीर लिखवाकर सिर्फ एनसीआर दर्ज कर ली और अब मामले की विवेचना नहीं कर रही है।

# रमजान में साप्ताहिक बंदी का मिला-जुला रहा असर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बुधवार को साप्ताहिक बंदी में मुख्य चौक बाजार सहित कई जगहों पर दुकानें खुली रही। श्रम विभाग की ढिलाई के चलते साप्ताहिक बंदी की धज्जियां उड़ाई जा रही है। व्यापारी साप्ताहिक बंदी में दुकान खोल लेते हैं, लेकिन श्रम विभाग कुंभकर्णी नींद से नहीं जागता है। इसी के चलते नगर में साप्ताहिक बंदी पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि श्रम विभाग के अधिकारी पूर्व में नगर में कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति भी करते हैं। यही कारण है कि साप्ताहिक बंदी के आदेश चंद व्यापारियों के ठेंगे पर है और साप्ताहिक बंदी कागजों तक सीमित रह गई है।

## एक नजर

### मादक पदार्थ सहित दो को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गए मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा 2 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध अवैध 20 ग्राम स्मैक व 1 इलैक्ट्रोनिक काटा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण इरशाद पुत्र महबूब निवासी मौहल्ला गांधीनगर कस्बा बनत थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, आरिस उर्फ आची पुत्र नसीम अली निवासी मौहल्ला प्रेमनगर, कस्बा बनत थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली हैं।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली/आदर्शमंडी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण कृष्ण कुमार पुत्र पालेराम निवासी ग्राम कुराड थाना सदर पानीपत जिला पानीपत हरियाणा, गंगादास पुत्र इलम सिंह निवासी ग्राम गोहरनी थाना आदर्श मंडी जनपद शामली है।

### बच्चों के विवाद में घर में घुसकर परिवार से की मारपीट, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रंजिशन घर में घुसकर परिवार के साथ में लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। इसमें भाई, बहन सहित मां घायल हो गए। यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पर पहुंचे घायल को अस्पताल भिजवाया। बुधवार को खादर क्षेत्र के गांव मामौर में बच्चों बच्चों के खेल में रंजिशन घर में घुसकर मारपीट कर दी। जिसमें दस वर्षीय लवीश व उसकी बहन साहिबा को ईट मारकर व लाठी डंडों से घायल कर दिया। बीच बचाव में आई उनकी मां सितारा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता मां अपने घायल पुत्र व पुत्री को यमुना ब्रिज पर स्थित पुलिस चौकी पर साथ ले गई। वहीं खून से लथपत दोनों घायलों को पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी कोतवाली लेकर पहुंचे। वहीं घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भिजवाया गया। आरोप हैं कि गांव के लोग उनसे रंजिश रखते हैं। जिसके चलते शाहरुख, आकिल व यामीन घर के अंदर घुस आए और लाठी-डंडों से मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के लोग अपने बचाव के लिए भी पुलिस चौकी पहुंचगए।



### गढ़ी हसनपुर में ईदगाह की संरक्षित भूमि पर खड़े 150 पेड़ काटे, तीन लोगों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव गढी हसनपुर में ईदगाह की संरक्षित भूमि पर संरक्षक कमेटी के लोगो ने पेडो को लगाया हुआ था। लम्बे समय से खडे करीब 150 पेडो को लाखो रूपयो मे बेच दिया गया था। जिसका लक्कडकटे काट रहे थे। तभी वहॉ पुलिस आ धमकी और कटाई के सम्बंध मे पूछताछ करने लगी।

पुलिस ने जॉच मे पाया कि कुछ पेड आम व शीशम के भी शामिल है। जिस पर लक्कडकटो से पूछताछ मे बताया कि मौलाना आदि ने पेडो को बेचा है और ठेकेदार पेडो को कटवा रहा है। पुलिस ने वन विभाग के अधिक.ारियो को मामले की सूचना देकर प्रतिबंधित पेडो को कब्जे मे ले लिया। वही तीन लोगो के खिलाफ वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसमे एक आरोपी को हिरासत मे लिया गया है। साथ ही साथ वन विभाग को मुकदमे के सम्बंध मे रिपोर्ट भेजकर अवगत करा दिया गया है। पुलिस चोकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पकडे गए आरोपी को 41 के नोटिस पर जमानत दी जाएगी।

# पुराने खड़ंजे की जगह नई सड़क से चमका क्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के लोगों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और खुशियों से भरा है, क्योंकि चौसाना बिजलीघर से भड़ी जाने वाले पुराने खडंजे की जगह अब एक नई सड़क का निर्माण हो रहा है।

यह मार्ग वर्षों से टूटा-फूटा और गड्ढों से भरा था, जिससे न केवल वाहन चलाना मुश्किल था, बल्कि लोग पैदल चलने को भी मजबूर थे। इस कारण से ग्रामीणों ने दूरगामी दूसरे रास्तों का उपयोग करना शुरू कर दिया था, लेकिन अब इस मार्ग से जुड़े कई गांवों के भाग्य बदल गए हैं। इस सड़क निर्माण की पहल 2024 में सरदार नवाब सिंह द्वारा की गई थी। उन्होंने इस समस्या को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाई मनीष चौहान के समक्ष रखा था।

जब उन्होंने इस मांग को समझा तो तत्काल प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। क्षेत्रवासियों की यह मांग कई वर्षों से लंबित थी, जिसे सरदार नवाब सिंह ने लगातार उठाया और उच्च अधिका.रियों तक पहुंचाया। उनके प्रयासों से यह प्रस्ताव पास हुआ और अब मंडी समिति के तहत इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों के लिए यह सड़क किसी सौगात से कम नहीं है।

इसके निर्माण से न केवल यात्रा सुगम होगी, बल्कि व्यापार और अन्य विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने इस कार्य के लिए सरदार नवाब सिंह और भाई मनीष चौहान का आभार व्यक्त किया है।

# सड़क पर पशु बांधने पर चार भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कैराना। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुकुंदपुर निवासी दिलशाद पुत्र लियाकत ने कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई हैं कि गांव के ही इरफान व अफसर पुत्र जमालू प्रतिदिन उसके मकान के पास बनी पक्की सड़क पर अपनी भैंसों को बांध देते हैं। जिस कारण हर समय वहां गोबर व गंदगी पड़ी रहती है। जिसका पीड़ित और उसके परिजनों द्वारा विरोध भी किया गया था। जिस पर कई बार उक्त लोगों से उसकी कहा सुनी भी हो गई थी। जिसके बाद पीड़ित ने उक्त लोगों से परेशान होकर मामले की सूचना डॉयल 112 पुलिस को दी थी। जिसके बाद दोनों पक्षों का समझौता हो गया था। गत मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे पीड़ित अपने परिवार के लोगों के साथ अपने घर पर मौजूद था,कि तभी उसके घर में हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार से लैस होकर इरफान,अफसर,नवाब,इमरान पुत्रगण जमालू घुस आए और आते ही गाली गलौज करने लगे। उक्त सगे भाईयों ने भैंसों को सड़क पर बंधने को लेकर पुलिस से की गई शिकायत करने पर पीड़ित के भाई फुरकान व भाभी जुलेखा पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।

शोर शराबे की आवाज सुनकर वहां गांव के लोग इकठा हो गए और उक्त लोगों से उनकी जान बचाई। लेकिन उक्त लोग पीड़ित जाते जाते पीड़ित और उसके परिवारजनों को जान से मारने की धमकी देकर गए। हमले में पीड़ित के भाई और भाभी को गंभीर चोटे आई। जिसके बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी डॉयल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु कैराना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने बताया हैं की घटना के संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुक.दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

## घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी असलम पुत्र रशीद ने कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई हैं कि गत 1 मार्च की सुबह करीब सात बजे उसके पुत्र अजर नौ वर्षीय व नवीस दस वर्षीय पड़ोस में स्थित परचून की दुकान से नाश्ते का सामान लेने के लिए गए थे। तभी उन्हें रास्ते में इन्सार पुत्र मेहंदी हसन निवासी ग्राम इस्सोपुर खुरगान मिला और बच्चों को रास्ते मे रोक कर धमकाने लगा और डरते हुए उन्हें वहां से भगा दिया।

दोनों बच्चे रोते बिलखते हुए घर पर आए और सारी घटना बताने लगे थे,कि तभी अपने हाथों में लाठी-डण्डे व धारदार हथियार लिए इन्सार अपने भाई इस्तकार, पिता मेहन्दी व राशिद पुत्र हसन निवासी ग्राम रटोन्दा थाना झिंझाना के साथ घर में घुस आए और आते ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित के गाली गलौज का विरोध करने पर उक्त लोगों ने अपने हाथों में लिए लाठी-डण्डों व धारदार हथियारों से पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया। उक्त लोगों से पीड़ित की जान बचाने के लिए उसका भाई अफसर और पुत्री साईस्ता बची बचाव में आए तो उक्त लोगों ने उन पर भी धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पीड़ित की पुत्री साईस्ता के सर में धारदार हथियार लगने से वह लहूलुहान हो गई और उक्त लोगों ने पीड़ित के भाई अफसर पर भी सरियों से वार किया,जिससे उसका हाथ टूट गया। तभी पीड़ित और उसके परिवारजनों की चीख पुकार सुनकर वहां गांव की काफी महिला व पुरूष इक्कठे हो गए और बड़ी मस्कट के बाद उक्त लोगों से पीड़ित और पीड़ित के परिवारजनों की जान बचाई थी। उक्त लोग जाते-जाते पीड़ित और परिवारजनों को जान से मारने की धमकी दे गए थे। पीड़ित ने घटना की जानकारी डॉयल 112 पुलिस को दी थी। पुलिस ने घटना की सूचना पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु कैराना सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर डॉक्टर ने अफसर व साईस्ता की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिनका उपचार चल रहा है। पीड़ित उनके इलाज में व्यस्त होने के कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं कर पाया था। इसलिए पीड़ित ने गत मंगलवार को कैराना कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले में पीड़ित की नामजद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

# बिजली चोरों का तांडव, खंभों से तार गायब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ी पुख्ता।** थाना गढ़ी पुख्ता क्षेत्र के ग्राम भाटू, बूंटा के जंगलो में अज्ञात चोरों ने विद्युत लाइन को निशाना बनाते हुए करीब आधा दर्जन से अधिक खंभों से बिजली के तार चोरी कर लिए। यह तार झिंझाना से आने वाली 33 केवी लाइन के थे, जो लंबे समय से बंद पड़ी थी। ग्रामीणों के अनुसार, चोरी की घटना करीब तीन-चार दिन पहले हुई थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि विद्युत विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब लाइन चालू नहीं थी, तब चोरों ने इसका फायदा उठाकर लाइन के तार काट लिए है। इस वारदात के बाद इलाके में बिजली सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर चोरों का इतना दुस्साहस हो सकता है कि वे बिजली के तार तक चोरी कर ले जाएं, तो आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी? बुधवार को गढ़ी अब्दुल्ला खां बिजली घर में तैनात जई भगेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस चोरी की कोई जानकारी नहीं थी। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पाया गया कि विद्युत लाइन के तार कटे हुए हैं। इस मामले में जेई ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# विदेश में रोजगार के सुनहरे अवसर

**शामली।** सेवायोजन विभाग व राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की संयुक्त पहल से शामली के बेरोजगार अभ्यर्थियों को इजरायल, जापान व जर्मनी में नौकरी करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इन देशों में केयरटेकर, केयरगीवर एवं नर्सिंग असिस्टेंट की आवश्यकता है। उपरोक्त देशों ने भारत सरकार से अनुबंध किया है। अनुबंध के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को इजरायल, जापान व जर्मनी भेजने की कार्रवाई की जाएगी। विदेशों में जाने के लिए आयु 20 से 45 वर्ष, कम से कम 3 वर्ष का वैध पासपोर्ट अनिवार्य है। योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, एएनएम, बीएससी नर्सिंग ओर जीएनएम है। बीएससी नर्सिंग और जीएनएम पास अभ्यर्थियों के पास कम से कम 3 माह का कार्य अनुभव होना चाहिए। इन पदों पर 5500 रिक्तियां है। योग्यता के आधार पर 125000/- से 230000/- रुपये वेतन मिलेगा। विस्तृत जानकारी व शर्तों के लिए सेवायोजन विभाग के पोर्टल तवरहंतेंदहंउ।नच।हवअ।पद पर जाकर अभ्यर्थी जानकारी ले सकते हैं। अभ्यर्थी को रोजगार संगम पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में आवेदन करना होगा। रिक्तियों में आवेदन के लिए अन्तिम तिथि 31.3.2025 है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155330 डायल करें।

# तेज हवा के कारण विद्युत लाइन में फाल्ट से कई जगहों की बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चौसाना। मौसम मे अचानक आए बदलाव व तेज हवाओं के साथ शामली शामला बिजलीघर से खोडसमा बिजली उपकेन्द्र को जाने वाली विद्युत लाइन पर पेड टकराने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। तेज हवा के कारण पेड लाइन से टच हो गए और फाल्ट के कारण सप्लाई पर असर पडा। मंगलवार शामल पॉच बजे से आपूर्ति बाधित है। जिसके कारण ग्रामीणों का भारी समस्या से दो चार होना पडा। शामली शामला मे 132 केवीए का बडा बिजलीघर है। जहॉ से खोडसमा उपकेन्द्र को सप्लाई होती है। मंगलवार व शुक्रवार को तेज हवा के कारण टोडा से खोडसमा लाइन पर पेडो की संख्या अधिक होने के कारण पेड लाइन से टच हो गए और फाल्ट हो गया। लाइन फाल्ट के कारण आपूर्ति बाधित हो गई और करीब 24 घंटे तक लोगो को समस्या से दो चार होना पडा। अचानक आई समस्या से लोगो के सामने पानी की समस्या पैदा हो गई। ग्रामीण महिला विमला, संतोष, आरती, आदि ने बताया कि लाइट तो आएगी ही पानी भरा जाएगा लेकिन लाइट ना आने के कारण पीने के पानी तक की समस्या पैदा हो गई। ग्रामीणों ने विद्युत लाइन के आसपास पेडो को काटने की मांग की है। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसानो लाइन के पास वाले पेडो को नही काट रहे है।

# संगठन को मजबूत बनाने पर दिया बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही आगामी 8 मार्च को परासौली में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा स्व चौधरी चरण सिंह की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियां व बसों के द्वारा जनपद शामली से भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक को संबोधिक करते हुए जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने कहा कि संगठन को मजबूर करने के लिए सभी कार्यकर्ता कार्य करे। कार्यकर्ताओं की मजबूती ही पार्टी की मजबूती है। उन्होने बताया कि आगामी 8 मार्च को जौला क्षेत्र के परासौली में पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण होगा, जिसमें केन्द्रीय मंत्री व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह पहुंचेगे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शामली से पार्टी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। जिलाध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय लो.कदल प्रोफेशनल मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। ऋषिराज राझड़, रविन्द्र सोंटा, अरविंद झाल, उमरदीन मंसूरी, अमित कुमार, विक्रांत जावला, सनोज टोंडा, सर्वेश सिभालका, राजन जावला, देवानंद गौड, विकास धीमान आदि मौजूद रहे।




## कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद, जनपद शामली

पत्रांक:-1531/एन0पी0जे0/ई0एन0एस0/न0पं0 ज0बाद0/2024-25 दिनांक:- 05-03-2025

"अति अल्पकालीन निविदा सूचना द्वारा ई-टैण्डर"

समस्त पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है। कि नगर पंचायत जलालाबाद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15 वें वित्त आयोग की टाईड व अन्टाईड ग्रान्ट(प्रथम किस्त) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने है। जिसकी निविदाएं दिनांक 06-03-2025 से 15-03-2025 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक ई-टैण्डरिंग के माध्यम से www. etender. up.nic.in प्रकाशित शर्तों के आधार पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं नियम व शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं दिनांक 06-03-2025 से 15-03-2025 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक उपलब्ध रहेगें, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 15 03 2025 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक अपनी ऑनलाईन निविदा डाल सकते है। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय जलालाबाद से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E-Teder Referance | 1531/NPJ/ENS/2024-25 |
| Last Date and Time For Submisson to E-Tender | 15-03-2025 2:00 Pm |
| Date and Time Opening E-Tender | 15-03-2025 3:00 Pm |
| Place of Opening of E-Tender | Nagar Panchayat Jalalabad |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document Processing | As Per Tender List |

जितेंद्र कुमार राणा
अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष निविदा समिति, नगर पंचायत जलालाबाद, जनपद शामली

# जिलाधिकारी के प्रयासों से सिंघली नदी होगी पुनर्जीवित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के नेतृत्व में तहसील नकुड में सिंघली या खोखरी नदी के पुनरुद्धार का कार्य प्रारंभ हुआ है। यह यमुना की एक वर्षा आधारित सहायक नदी है। इससे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा जनपद संभल में सोत नदी का पुनरुद्धार किया गया था। जिसके लिए उन्हें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत ने सम्मानित भी किया था। जिसका जिक्र देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में भी किया था।

जिलाधिकारी श्री बंसल के निर्देशानुसार जनपद में नदियों को जीवित करने हेतु उनके जीर्णोद्धार की दिशा में विशेष प्रयास करते हुए बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील नकुड़ क्षेत्रांतर्गत सिंघली नदी का चिन्हांकन कार्य किया गया। सिंघली नदी तहसील नकुड़ ग्राम बिशनपुर से शुरु होकर लगभग 22 गांव से होकर गुजरती है जिसकी लम्बाई लगभग 21 किमी. है। ग्राम बसी तहसील नकुड़ से होते हुए जिला शामली की सीमा में चली जाती है। ग्राम बिशनपुर में सिंघली नदी व बूढ़ी नदी दोनों अलग-अलग नदियां है। बूढ़ी नदी चिलकाना क्षेत्र से शुरु होते हुए सरसावा से होते हुए फतेहपुर जट्ट से यमुना नदी में मिल जाती है। जबकि सिंघली नदी एक बड़ी अर्ध चंद्राकार झील के रूप में बिशनपुर से निकलती है। दोनों नदियां भिन्न है। दोनों एक दूसरे से कहीं नहीं मिलती है। इस बात का ठोस साक्ष्य अभिलेख में उपलब्ध है।



जिलाधिकारी ने बताया कि सिंघली नदी ग्राम बसी से होते हुए जनपद शामली के ग्राम चौसाना की सीमा तक जाती है। आंशिक रूप से कुछ ग्रामों बिशनपुर, सनौली, हुसैनपुर, लखनौती, अह. जदीद, शकरपुर साकरौर मु., शकरपुर साकरौर अह., जानपुर उर्फ माजरी व खालिदपुर के खसरा नम्बरानो में नदी खाला के रूप में अंकित नहीं है। जिससे नदी के खसरा नम्बरो का मिलान आपस में नही होने के कारण नदी विलुप्त है। राजस्व अभिलेखो के अनुसार उक्त नदी के 1359 फसली के खसरा नम्बरो से वर्तमान में बने नये खसरा नम्बरो का विवरण दर्ज है। जिसमें वर्तमान खसरा नम्बरों में खाला, नदी, बंजर, चकमार्ग, गोहर व सं. भूमिधर आदि के रूप में दर्ज पाई गयी है। इसके अतिरिक्त ग्रामों सराजपुर सैय्यद एवं हलवाना मु. के राजस्व अभिलेखों में नदी दर्ज नहीं पाई गई। राजस्व रिकार्ड के अनुसार नदी की लम्बाई, चौडाई के सम्बन्ध में राजस्व टीम द्वारा पैमाईश की गई है।

इस सम्बन्ध में सिंचाई एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि स्थल पर सिधंली नदी तहसील नकुड के ग्राम बिशनपुर से होकर तक जनपद शामली की सीमा में प्रवेश कर जाती है। तहसील नकुड़ के राजस्व अभिलेखों में सिंघली नदी दर्ज नहीं है। जबकि सम्बन्धित गाटा नम्बरों में नदी व खाला के नाम से अभिलेखों में दर्ज है। मौके पर किसी ग्राम में स्थाई अतिक्रमण नही पाया गया। जिस स्थल पर पूर्व में सिधंली नदी थी उसके सम्बन्ध में ग्रामवासियों से पूछताछ करने के उपरान्त संज्ञान में आया कि आसपास के कृषकों द्वारा कृषि के रूप में अस्थाई कब्जा किया गया है। जो हटवा दिया गया है तथा शेष कब्जे को हटवाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एडीओ के नेतृत्व में की साफ सफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** अगर इरादे नेक हो तो हर मुश्किल काम आसान हो जाता है ऐसा ही कुछ आज विकास खण्ड मुजफ्फराबाद मुख्यालय परिसर में देखने को मिला। केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप या यूं कहें कि नवनियुक्त खण्ड विकास अधिकारी के आगमन अवसर से पहले एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने मिल जुलकर ब्लॉक कार्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन योजना को सफल बनाने में एक कदम और आगे बढ़ाया।

आज मंगलवार को एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रीय सफाई कर्मचारियों ने हाथ में झाड़ू लेकर ब्लॉक प्रांगण में काफी दिनों से जमी पड़ी घास और कूड़ों के ढेर, छत, दीवार, शौचालय, आफिस आदि की सफाई कर स्वच्छता अभियान को अंजाम तक पहुंच. ने का काम किया। इस दौरान एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य का सीधा संबंध स्वच्छता से होता है, स्वच्छता से स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों बेहतर रहते है। उन्होंने कहा कि अपने आस पास साफ सफाई रखने के लिए दूसरे लोगों को भी प्रेरित करने की जरूरत है। इस दौरान ब्लाककर्मी राजकुमार, संजय सैनी, धनपाल सिंह, जयपाल सिंह, रीतू सैन, जुल्फक्कार, नवीन कुमार, अमर सिंह आदि कई सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# आपत्तिजनक पोस्टर से छवि धूमिल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पीड़ित ने किन्ही असामाजिक तत्वों द्वारा उसकी व उसके भाईयों की सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का षडयंत्र रच नगर में कई जगहों पर उनके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्टर चस्पा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना पर तहरीर दी है।

बुधवार को नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन निवासी पीड़ित व्यक्ति ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उनके पिता कस्बे के एक सम्मानित व्यक्ति थे। जिनकी मृत्यु तकरीबन 5 वर्ष पूर्व कस्बा चिलकाना में हो गई थी। वह और उसके अन्य तीन भाई अमनपसंद एवं सीधे साधे शरीफ किस्म के लोग है। किन्ही असामा. जिक तत्वों द्वारा उसके व उसके भाइयों की साफ सुथरी इज्जतदार छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से विगत 01 फरवरी को नगर में कई जगहों पर आपत्तिजनक पोस्टर चस्पा किये गये है, व इन्ही पोस्टर में आगे अन्य जगहों पर भी पोस्टर चस्पा करवाने की धमकी लिखी गई है।

चस्पा किये गए इन पोस्टरों में लिखा गया है कि पीडत व उसके भाई अपनी बहनों को कोई हक हकूक नहीं दे रहे है। जबकि पीड़ित व उसके भाईयो द्वारा अपनी बहनों को हक के तौर पर समय समय पर रूपया पैसा व अनेक प्रकार की मदद दी जाती है। उनकी एक बहन का स्वर्गवास हो गया था। जबकि 3 बहने अभी भी जीवित है। उनकी सबसे बडी बहन का विवाह करीब 60 वर्ष पूर्व, उससे छोटी बहन का विवाह 50 वर्ष पूर्व तथा उससे छोटी दोनों बहनों का विवाह 40 एवं 35 वर्ष पूर्व पिता मौलाना जमील के जीवन काल में ही हो गया था। पीड़ित व उसके भाईयो द्वारा अपनी बहनो से मालूमात करने पर उन्हें पता चला है कि यह पोस्टर उनकी बहनों के द्वारा चस्पा नही करवाये गए है, उनकी बहनों को उनसे किसी प्रकार की कोई शिकायत भी नही है।

काफी छानबीन करने के बाद उन्हें पता चला है कि यह पोस्टर उनकी बहनों के नाम का इस्तेमाल कर पीड़ित व उसके भाईयों की छवि को धुमिल करने के के उद्देश्य से रंजिशन किन्ही असामाजिक तत्वों द्वारा चस्पा करवाये गए है। पीड़ित ने पोस्टर चस्पा करवाने का पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। थाना प्रभारी एएसपी विवेक तिवारी ने मामले की जांच करवाये जाने को कहा है।

## चोरों ने बाइक उड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में पीठ मैदान के निकट स्थित बारात घर के सामने से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई बाईक का कोई सुराग अभी तक नही मिला है।

25 फरवरी को गोल्डन पैलेस बारात घर में आयोजित शादी समारोह मे खाना खाने गए एक व्यक्ति की बाईक अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। जिसके बाद नगर के मोहल्ला मजहर हसन निवासी पीड़ित रूसतम पुत्र अफजाल ने थाना पर तहरीर देकर बताया था कि शादी समारोह में दावत खाने के लिए वह अपनी काले रंग की बाईक से गया था। अपनी बाईक को वह पैलेस के बाहर खडी करके खाना खाने के लिए अंदर चला गया था। जैसे ही वह वापस लौटा तो उसकी बाईक वहां पर नही थी। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बाईक उसे नहीं मिली है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में 15 छात्र छात्राएं रहे सफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता पर आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में गांव मंडोरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के 12 छात्र छात्राओं व सोराना उच्च प्राथमिक विद्यालय की 3 छात्राओं ने सफलता हासिल कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राधिका ने 115 अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

मन्डोरा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मांगेराम आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता पर आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में स्कूल के 16 बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें राधिका, अनमोल, गोविंद, अंश, शिवम, अंजलि बर्मन, निधि भास्कर, खुशी जरावरे, राधिका बब्बर, नैना, शिवानी तथा वंशिका का स्कॉलरशिप के लिए चयन हुआ है।



उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाई के लिए सरकार की ओर से 1000 रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी। जिससे वे अपनी आगे की शिक्षा बिना किसी आर्थिक बाधा के जारी रख सकेंगे। बता दें परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार हर साल विद्यार्थियों को नामांकित कर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता पर आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा कराती है। इस छात्रवृत्ति से उन छात्रों को विशेष लाभ मिलता है जो कि संसाधनो के अभाव में भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

सोराना स्थित प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका आशा गौड ने बताया कि हमारे विद्यालय की अविका, बुशरा व नव्या ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के अलावा ओलंपियाड परीक्षा भी उत्तीर्ण की है।

# एसडीएम ने चकमार्ग का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

**नागल।** उपजिलाधिकारी देवबंद युवराज सिंह ने किसानों के चकमार्ग की बहाली का मौके से निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मिली जानकारी के मुताबिक एसडीएम युवराज सिंह ने बताया कि रेलवे डीएफसीसी के द्वारा सीमांकन का कार्य चल रहा है। क्षेत्र के किसानो की शिकायत थी कि गांव खटोली से गांव पांडोली फाटक तक के करीब 5 किलोमीटर लंबे चकमार्ग की बहाली का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। रेलवे डीएफसीसी के द्वारा वायदा किया गया था कि जब तक किसानों को उनका चकमार्ग नहीं मिल जाता तब तक वह वैकल्पिक तौर पर डीएफसीसी के रास्ते से ही अपनी उपज निकालते रहेगे। किसानों का कहना है कि यदि रेलवे डीएफसीसी अपनी भूमि पर सीमांकन का कार्य कर देगी तो उनका चकमार्ग न होने पर किसान अपने खेत जोत पाएगा और न ही खेतों की उपज निकाल पाएगा। उनके द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए चकमार्ग का मौके पर आकर निरीक्षण किया गया है और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान रेलवे डीएफसीसी अधिकारी दीपक दास, हल्का लेखपाल नवीन सैनी, आशीष चौधरी, अनिल, विकास कुमार, बिजेंद्र उर्फ काला, जगदीश वालिया, बंटी ,सुलेमान, जगदीश शर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

## बिजली दिलाये जाने की मांग

**नकुड़।** पवित्र रमजान के महीने में विधुत आपूर्ति का शेड्यूल पूरी तरह बिगड़ गया है। उपजिलाधिकारी से बिजली को सुचारू रूप से दिलाए जाने की मांग की है।

नगर में बिजली की बिगड़ती व्यवस्था को लेकर नगर वासियों ने उपजिलाधिकारी संगीता राघव से मांग करते हुए कहा कि इस समय मुकद्दस रमजान का महीना चल रहा है। रोजेदारों को सुबह सेहरी व शाम को इफ्तार तथा रात में नमाज तरावीह के लिए मस्जिदों में जाना पड़ता है। इसके अलावा गृहणियों को अपने घर पर रह कर रोजे का एहतमाम करते हुए घरेलू कार्य करने पड़ते हैं। वहीं नगर वासी सभसाद जुनैद असगर, हसीब निजामी, आमिर कुरैशी, अमीर आलम, अमजद खान, हैदर अली, फरमान निजामी, हाजी दिलशाद कुरैशी, अरशद कुरैशी, इनाम निजामी, अरशद निजामी, अफजाल निजामी, शमशाद अली खान, इरशाद निजामी, पूर्व सभसाद डा. इदरीश अहमद आदि ने बिजली के शेड्यूल को नियमानुसार चालू किए जाने की मांग की है।

# किसानों ने तहसीलदार को सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन अंबावत की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की समस्याओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया। बैठक के उपरांत एक 9 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार को दिया गया।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अम्बावत) के जिलाध्यक्ष पदम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। भाकियू अम्बावत के जिलाध्यक्ष पदम प्रकाश शर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्रशासन के सामने गंभीरता से रखा जाएगा और किसानों की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से समाधान कराये। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय सचिव पवन शर्मा ने कहा है कि किसान हित के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व क्षेत्रीय किसानों की मांगों पर गंभीरता से गौर करता है और समय-समय पर इन मांगों को भारत सरकार और प्रदेशों की सरकार के समक्ष रखकर किसने की समस्याओं का समाधान कराया जाता है। बैठक के बाद किसानों ने 9 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार पुष्पांकर देव को दिया गया। जिस मांग की गई कि किसान निधि व वृद्धा पेंशन दो गुना की जाय किसानों के गन्ने का बकाया धन एक सप्ताह के अंदर कराया जाए,ताकि किसान बिजली व बैंक जैसे कर्जो को समय पर अदा कर सके। मांग पत्र में विशेष तौर से मांग की गई है कि जनपद के विभिन्न मार्गो से खनन से भरे भारी वाहन दुर्घटना तथा जान हानि होने की भारी संभावना बनी रहती है ज्ञापन में मांग की गई है कि सरसावा, चिलकाना, गंदेवड़ मार्ग, शाकंभरी देवी मार्ग, सहारनपुर विकास नगर मार्ग, कलसिया से छुटमलपुर व उत्तराखंड से बिहारीगढ़ की ओर सभी खनन वाहन भरे वाहनों को मार्गों पर सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों पर रोक लगाई जाये, ताकि क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। क्षेत्र की टूटी हुई सड़कों को ठीक कराया जाए ग्रामीण क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं के कारण किसानों की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है इन आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में भिजवाया जाये। ज्ञापन देने वाले में संगठन के जिला प्रवक्ता एस एम हुसैन जैदी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, विजय सैनी, सुमित कुमार, अरविंद सैनी, जुनेद आलम, गुरनाम सिंह, इंदर कुमार सैनी, इस्लाम, चौधरी अफजल, रियाज अहमद, फैयाज सलमान, रिजवान अहमद कलीम अहमद आदि मौजूद रहे।



# बिना लाइसेंस कुत्ता, बिल्ली पालने पर अब लगेगा जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यदि आप सुबह या शाम को अपना कुत्ता घुमाने निकले हैं और आपके पास नगर निगम का लाइसेंस नहीं है तो सावधान हो जाइए, आप पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है, और न देने पर आपका कुत्ता भी जब्त किया जा सकता है। कुत्ता, बिल्ली व खरगोश पालने वाले लोगों को चिह्नित करने के लिए नगर निगम द्वारा कल ब्रहस्पतिवार से डोर टू डोर अभियान चलाया जायेगा।

निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पालतू कुत्तों, बिल्ली व खरगोश आदि का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर निगम की एक विशेष टीम गठित कर इसके लिए कल ब्रहस्पतिवार से एक अभियान शुरु किया जा रहा है। जो लोग बिना नगर निगम लाइसेंस के कुत्ता, बिल्ली व खरगोश आदि पाल रहे हैं उन पर भारी जुर्माना लगाया जायेगा। जुर्माना न देने की स्थिति में कुत्ते, बिल्ली व खरगोश को जब्त किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सड़क पर पालतू कुत्ते लेकर निकले लोगों को रोककर भी लाइसेंस की जांच की जायेगी। लाइसेंस न होने पर मौके पर ही भारी जुर्माना लगाया जायेगा। पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी ने नगर निगम सहारनपुर सीमा अंतर्गत कुत्ता, बिल्ली व खरगोश आदि पशुओं को पालने वाले लोगों से अपील की है कि वे नगर निगम परिसर में पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी कार्यालय में प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक पहुंचकर पांच सौ रुपये निर्धारित शुल्क जमा कराकर अपने पालतू कुत्ते का रजिस्ट्रेशन तथा 200 रुपये जमा कराकर बिल्ली व खरगा. ेश का रजिस्ट्रेशन कराकर लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं।

# एसपी देहात का नागल थाने में निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय थाने का एस पी देहात सागर जैन द्वारा वार्षिक निरीक्षक किया गया। इस दौरान उन्होने थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर बाद एसपी देहात स्थानीय थाने में आये जहां पर उप निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार की अगुवाई में गारद द्वारा उन्हे सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने थाने के लेखा कार्यालय के अभिलेखों, शस्त्रो एवं शस्त्र गृह, महिला हेल्प डैक्स, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर रूम, विवेचक कक्ष, भोजनालय, तथा नवीन बैरक आदि की गहनता से जांच करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। करीब दो घंटे चले निरीक्षण के दौरान एस पी देहात ने थाने की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी और संतुष्ट नजर आए। इस दौरान क्षेत्राधिकार देवबंद रविकांत पाराशर, थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध, उप निरीक्षक सचिन त्यागी, मंजू शर्मा, बीरबल सिंह, प्रधान लेखक योगेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, सन्नी तोमर, अल्पना, आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय उप निदेशक ( निर्माण )**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.**
**नवीन मण्डी स्थल, चिलकाना रोड, सहारनपुर।**

पत्रांक: निर्माण/निविदा / सहा./2025-931 दिनांक 05/03/2025

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय पत्रांक: निर्माण / स.पुर/निविदा/2025-818 दिनांक 05.02.2025 द्वारा दिनांक 28.02.2025 को आमन्त्रित निविदा एकल निविदा रहने के कारण पुन: दिनांक 22.03.2025 को आमन्त्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनॅलाइन आमन्त्रित निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 06.03.2025 से दिनांक 21.03.2025 के अपरान्ह 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। निविदा ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हुए) के समक्ष दिनांक 22.03.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आनॅलाइन खोली जायेगी। तत्पश्चात तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय बिड खोली जायेगी एवं निविदा के साथ अन्य विभाग में भी निर्माणाधीन अनुबन्धों के सापेक्ष कृत एवं अवशेष कार्यो की लागत सम्बन्धी विवरण संलगन करना अनिवार्य होगा। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेगी।

**उप निदेशक ( निर्माण )**

**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि.**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि. ई-निविदा आमंत्रण सूचना अनुभवी कार्यदायी संस्थाओ / फर्मों से इस कार्यालय के अन्तर्गत कार्य/क्रय हेतु ई-निविदाऐ ई-पोर्टल etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में ई-निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी। ई-निविदाओ को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार / विभाजित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

1. निविदा सं. ETD-II/SRE/T-07/2024-25 विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, सहारनपुर के अन्तर्गत 132 के.वी. उपकेन्द्र नकुड़ पर स्थापित 145 के.वी. सी.जी.एल. निर्मित सर्किट ब्रेकर तथा 132 के.वी. उपकेन्द्र गंगोह पर 33 के.वी. ए.बी.बी. एवं सी.जी.एल. निर्मित सर्किट ब्रेकरों की रिपेयरिंग एवं ओवर हॉलिंग के कार्य हेतु रू. 2000.00, रू. 500.00 एवं जी.एस.टी. रू. 90.00 एवं 25.03.2025 12:00 बजे तक प्राप्त की जाये एवं दिनांक 26.03.2025 15:00 बजे (तकनीकी भाग पार्ट-1) खोलने हेतु।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय,**
**सहारनपुर**

'राष्ट्रीय हित में बिजली बचायें'

पत्रांक 339/वि.पा.ख-द्वि.स./ई-निविदा दिनांक 05/3/2025

# अम्बेहटा नगर पंचायत कार्यालय में अज्ञात कारणों से लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर पंचायत अंबेहटा कार्यालय मे अज्ञात कारणों से आग लग गई। कर्मचारियों ने स्थानीय लोगो की मदद से आनन-फानन में आग बुझाई।

मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय के निर्माणधीन मीटिंग हॉल के निकट अचानक आग लग गई। जिसमे वहा पर रद्दी के कागज, लकड़ियों व अन्य फालतू सामान को अपनी चपेट मे ले लिया। आग के उड़ते हुए धुआं से आसपास रह रहे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। आग की लपटे उठती देख स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर नगर पंचायत कर्मियों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गये। अधिक धुआं होने के कारण व घटना की सूचना लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। नगर पंचायत कर्मियों ने मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

# दूध न देने वाले गौवंश की कत्लगाह बना खेड़ी शिकोहपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के विभिन्न इलाकों से आवारा तथा दूध ना देने वाले गोवंश को सीमावर्ती गांव खेड़ी शिकोहपुर (भगवानपुर) के जंगल में ले जाकर बेरहमी से वध किया जा रहा है। मुखबिर की स्टीक सूचना पर बुधवार सुबह करीब छह बजे गौ रक्षादल प्रमुख सोना पंडित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने छोटा हाथी (गाड़ी) में लदी हुई दो गायो को कस्बे के बुग्गावाला रोड से पकड़कर बिहारीगढ़ थाना पुलिस को सौंपते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



उक्त जानकारी देते हुए गौरक्षा दल प्रमुख सोना पंडित ने बताया कि उन्हें देहरादून से गायों को लायें जाने की सूचना काफी दिनों से मिल रही थी, लेकिन गायों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इस दौरान उन्होंने गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर खुद यह कदम उठाया है। दो गायो के साथ साथ गाड़ी और चालक सुधीर निवासी ईश्वर विहार तपोवन (देहरादून) को भी पकडा़ है।

इस गौवंश के पकड़े जाने के बाद बिहारीगढ कस्बे में चर्चा है कि मोहण्ड पुलिस चौकी स्टाफ को पैसे देकर देहरादून से गोवंश की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है। पुलिस चौकी पर स्थानीय युवकों को निजी तौर पशु तस्करी करने वाले वाहनों से अवैध वसूली करने के लिए रखा हुआ है। पुलिस गौ-तस्करों को संरक्षण देकर निकटवर्ती जनपद हरिद्वार के कई इलाकों में गौवंश को अवैध तरीके से भिजवाने में मदद करती है। जिसका साफ उदाहरण है कि आज तक पुलिस ने मोहण्ड चौकी पर अवैध तस्करी करने वाले किसी भी व्यक्ति या वाहन को नहीं पकड़ा। आज बुधवार सुबह बिहारीगढ में गौवंश पकड़ने वाले गोरक्षा दल प्रमुख सोना पंडित सहित अन्य कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से आलोक सैनी, दीक्षांत चौहान, अश्वनी सैनी, संजय सैनी, विशेष पाल, निशांत सैनी, आयुष काम्बोज, अर्जुन सिंह, अमित कुमार, अंकित कुमार, आयुष चौहान आदि शामिल रहे।

गौरक्षा दल प्रमुख सोना पंडित निवासी छुटमलपुर की तरफ से बिहारीगढ थाने पर गौ-हत्या निवारण अधिनियम उप्र की धारा 3 अथवा 5ए/8 के तहत मुकदमा दर्ज कर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह को मामले की जांच सौंपी गई है।

# आवारा पशु पकड़ने का कैंडल कैचर बना शोपीस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नकुड़।** आवारा गोवंश पकड़ने के लाख दावो के बावजूद भी आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए लाखों रूपये की लागत से बना कैंडल कैचर शोपीस बनकर रह गया है। प्रदेश की योगी सरकार ने आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए सदन मे करोड़ों रुपए का बजट पास कर विभिन्न व्यवस्था बनाने मे जुटी हुई है।

वहीं जनपद के नकुड़ ब्लॉक प्रांगण में आवारा गोवंश को पकड़ने के लिए रखा गया कैंडल कैचर पिछले एक वर्ष से शोपीस बना हुआ है। सरकार द्वारा इसे ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश पकड़ने के उद्देश्य से उपलब्ध कराया गया था। जिसमे सरकार की लाखों रूपये की लागत आई थी। परन्तु उसका उपयोग न होने से यह बेकार पड़ा हुआ है। इस बाबत जब अधिकारियों से सवाल किया गया तो उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र जावेद को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमती साजदा पत्नी मौहम्मद अहमद निवासी जनक नगर तकिया, खानआलमपुरा, थाना जनकपुरी, सहारनपुर।**

# सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी का विरोध किया है।

बुधवार को दिए ज्ञापन में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा ईडी के दुरूउपयोग के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी दिल्ली में गिरफ्तारी की गई है। यह गिरफ्तारी न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है। बल्कि केन्द्र सरकार द्वारा असहमति की आवाज को दबाने की तानाशाही प्रयास है। यह गिर फ्तारी पूरी तरह से राजनैतिक प्रतिशोध का परिणाम है। जिसमें झूठे आरोप लगाकर पार्टी और नेतृत्व को निशाना बनाया गया है। कहा कि एसडीपीआई हमेशा संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के पक्ष में शांतिपूर्ण संघर्ष करती है। विशेष रूप से वक्फ संसोधन विधेयक के खिलाफ देशभर में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे लोकतांत्रित विरोध से घबराकर सरकार ने दमन का रास्ता अपनाया है। उान्होने अध्यक्ष की अविलंब रिहाई की मांग की। कहा कि केन्द्रीय एजेसियों के दुरूउपयोग पर रोक लगाई जाए। बदले की भावना से की जा रही कार्यवाही पर भी रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इसरार खान, जिला पंचायत सदस्य अजीम आदि मौजूद रहे।

# मस्जिदों में बढ़ रही भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को माहे रमजान के चौथे दिन खुदा की इबादत के लिए मस्जिदों में भारी भीड रही। रोजेदारों ने दिनभर रोजा रखा और देर शाम तराविह की नमाज अदा की। मुस्लिमों ने नमाज अदा कर खुदा से देश में अमन चौन कायम रखने की दुआ मांगी।

बुधवार को माहे-रमजान के चौथे दिन शहर के मौहल्ला पंसारियान नई बस्ती स्थित जेनिथ स्टार पब्लिक स्कूल में समाजसेवी एआर चौहान ने मुस्लिमों को संबो. धित करते हुए कहा कि र स ू ल - अ ल ल ा ह सललल्लाहू-अलैही-वसल्लम ने फरमाया जो किसी रोजेदार का रोजा इफ्तार कराए तो उसको भी उसके बराबर सवाब मिलेगा और रोजेदार के सवाब में कमी भी नही होगी। कहा कि अल्लाह तआघ्ला ने यह भी जिक्र



फरमाया कि मुसलमान बेहतरीन उम्मत हैं। जिनकी जिम्मेदारी नेकी का हुकुम देना और बुराई से रोकना है। अगर हम सही मायनों में बेहतरीन उम्मत बनना चाहते हैं, तो हमें भलाईयों का हुक्म देना और बुराइयों से रोकना चाहिए। कहा कि अगर मुसलमान सब्र और तकवे का रास्ता इख्ति्यार करें तो काफिरों की कोई खघ्ुशी और नाराजगी उनको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकती। बताया कि खुदा ने जन्नती मोमिनों की यह सिफ्त बयान की है कि जब वो कोई छोटा या बड़ा गुनाह कर बैठते हैं, तो उन्हें तुरंत अल्लाह का खघैफ सताने लगता है और वह अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और हकीकत में अल्लाह के सिवा कौन हैं जो गुनाहों को माफ कर सकता है। खुदा ने विरासत के मसाईल को बड़े विस्तार के साथ बयान किया है और वारिसों के हिस्सों को खुद ही तय किया है और बाप की विरासत में बेटियों का भी हक मुकर्रर किया है। इससे पहले बाप की जायदाद भी बेटी का कोई हिस्सा नहीं होता था, बेटी को विरासत से बिल्कुल मेहघ्रूम रखा जाता था। विरासत की तक्घ्सीम में किसी भी हकदार का हक मारने वाले लोगों को अल्लाह ताला ने खघैफनाक अजाब को कहा है।

# किसानों ने लिया पैदल मार्च करने का निर्णय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन शामली की एक आपात बैठक गांव मुंडेट में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बाबा श्याम सिंह मलिक और संचालन अजय खाटीयान ने किया।

बुधवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक ने कहा कि आगामी 7 मार्च को भाजू कट से और कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च होने जा रहा है। जिसमें भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत मौजूद रहेंगे। कहा कि सभी कार्यकर्ता उक्त पैदल मार्च के लिए तैयारी कर ले। पैदल मार्च भाजू कट से 10 बजे शुरू होकर आदमपुर, कुड़ाना और सहटा से बाईपास होते हुए कलेक्ट्रेट प्रांगण में सभा के बाद खत्म होगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। कहा कि अधिक से अधिक किसानों पैदल मार्च में भाग ले। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक, सरदार पाले सिंह, सरदार साहब सिं,ह गौतम पंवार ,डा। उदयवीर, विदेश मलिक, जयवीर मुखिया, उपेंद्र, ऋषिपाल, बिल्लू राणा, आकाश तोमर आदि मौजूद रहे।

# स्टांप दरों में वृद्धि के विरोध में रजिस्ट्रार कार्यालय में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा जनपद शामली के 56 गांवों को अपने क्षेत्र में शामिल किए जाने के बाद स्टांप दरों में वृद्धि का विरोध करते हुए अधिवक्ताओं ने रजिस्टार कार्यालय में हंगामा करते हुए तालाबंदी की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने रजिस्टार कार्यालय में कार्य बंद किए रखा। विकास प्राधिकारण एमडीए द्वारा जनपद शामली के 56 गांवों को अपने क्षेत्र में शामिल किया है। इससे स्टांप दरों में वृद्धि होने से जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं व स्टांप एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से विरोध किया। उन्होने रजिस्टार कार्यालय में पहुंचकर कार्य बंद कराया और रजिस्टार कार्यालय में तालाबंदी की। अधिवक्ताओं का कहना है कि एमडीए द्वारा इन गांवों को अपने दायरे में लेने से स्टांप की दरों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिससे आम जनता और संपत्ति के



**शामली। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।**

मालिकों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस निर्णय को वापस लिया जाए और दरों को पहले जैसा रखा जाए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को शीघ्र हल नहीं किया गया, तो वे आगामी दिनों में और भी कड़े कदम उठा सकते हैं। इस विरोध के दौरान रजिस्टार कार्यालय में कामकाजी हालात प्रभावित रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष राजपाल सिंह एडवोकेट, संजीव कुमार, मनोज देशवाल एडवोकेट, सतेन्द्र शर्मा, रामफूल सिंह, सन्नी निर्वाल, प्रताप राठौर, सतीश चौहान, महेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध 20 ग्राम स्मैक व एक इलैक्ट्रोनिक काटा बरामद किया गया। बुधवार को एसपी रामसेवक गौतम के निर्देश पर चलाए गए मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए थाना आदर्शमंडी पुलिस ने अभियान चलाया। चौकिंग के दौरान पुलिस ने इरशाद पुत्र महबूब निवासी मौहल्ला गांधीनगर कस्बा बनत व आरिस उर्फ आची पुत्र नसीम अली निवासी मौहल्ला प्रेमनगर कस्बा बनत को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से अवैध 20 ग्राम स्मैक व एक इलैक्ट्रोनिक काटा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

# पूरण सिंह की रस्म तेरहवीं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** निर्वाल खाप के चौधरी धर्मवीर निर्वाल के पिता पूरण सिंह की रस्म तेरहवीं व शोक सभा हरदेव नगर स्थित उनके आवास पर संपन्न हुई। उनकी आत्मा की शांति के लिए सवेरे हवन यज्ञ कराया गया। जिसके मुख्य यजमान राजवीर निर्वाल रहे। यज्ञ में चौधरी धर्मवीर निर्वाल, चौधरी भालेराम निर्वाल, पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, बाबा श्याम सिंह, डा। सतेंद्र वर्मा, सवित मलिक, सतबीर मूंछ, विश्वेंद्र मालेंडी, सतेंद्र निर्वाल, बाबा चंद्रबली, नितिन वर्मा, अर्जुन सिंह, हर्ष निर्वाल आदि ने हवन में आहुति देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

हवन पंडित अखिलेश ने संपन्न कराया। हवन यज्ञ उपरांत शोकसभा आयोजित हुई,जिसमें गणमान्य लोगों ने पूरण सिंह के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की। चौधरी भालेराव निर्वाल व बाबा श्याम सिंह द्वारा चौधरी धर्मवीर निर्वाल को पगड़ी पहनाकर पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारी सौंपी।

# पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव फुलास अकबरपुर में तराबीह की नमाज के दौरान बच्चों के शोर मचाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद चले लाठी-डंडो में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों को नामजद करते हुए अज्ञात खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला भी दर्ज कर लिया। मोहम्मद हारुन ने कोतवाली में दी तहरीर में गांव के ही रईस, महताब, अंजार, फरमान और शाहबाज सहित अज्ञात के खिलाफ एक राय होकर वादी के परिजनों के साथ अभद्रता कर लाठी-डंडो से हमला करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर बुधवार को पीलर संख्या 22 के निकट से अंजार और उसके भाई फरमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो लाठियां भी बारामद की है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उवैस का परिवार उनके परिवार के साथ रंजिश रखता है। बताया कि नमाज के बाद जब वह लौग घर जा रहे थे तभी रास्तें में उवैस हमारे साथ अभद्रता करने लगा। जिसके बाद में घर आ गया। जिसके बाद घर वालो के साथ मिलकर उवैश के घर लाठी-डंडो एवं फरशे आदि लेकर पहुंच गए। जब उवैस पर फरशे से हमला किया तो वह बच गया लेकिन फरमान ने उवैश के सिर पर साथ में ली लाठी से हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद हम वहां से भाग गए। कोतवाली प्रभारी बीनू सिंह ने बताया कि आरो. पियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## युवक पर हमला कर किया घायल

**देवबन्द।** नमाज पढ़कर घर लौट रहे युवक पर नकाबपोश युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मोहल्ला बेरून कोटला निवासी समीर मंगलवार की रात्रि तरावीह पढ़कर घर लौट रहा था। जब वह मोहल्ला किला स्थित कोतवाली के पास गली से गुजर रहा था। तभी पीछे से आए दो नकाबपोश युवकों ने उसे दबोच लिया और धारदार हथियार से उस पर हमला किया। सिर में चोट लगने से वह घायल हो गया। जानक. ारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की।

# खिलाड़ियों का होगा चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तमिलनाडू में आयोजित 13वीं नेशनल सिटिंग पैरा-वॉलीबाल चौंपियनशीप के लिए उप्र. की टीम का चयन नौ मार्च को देवबंद में आयोजित नेशनल कोचिंग शिविर में किया जाएगा। चयनित टीम 21 मार्च से 23 मार्च तक आयोजित चौंपियनशीप में प्रतिभाग करेगी।

पैरा-वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव डा. हिमांशु कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 40 प्रतिशत दिव्यांग महिला और पुरुष प्रतिभाग कर सकते हैं। बताया कि उप्र. के खिलाड़ियों के लिए कोचिंग एवं चयन शिविर नौ मार्च को देवबंद स्थित विष्णु मैमोरियल स्कूल में आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रदेश स्तरीय महिला एवं पुरुष टीम का चयन कर कोचिंग दी जाएगी। बताया कि नेशनल चौंपियनशीप तमिलनाडू के इरोड में खेली जाएगी।

## जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप

**देवबन्द।** जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी प्रार्थना पत्र दिया। हाशिमपुरा गांव निवासी साजिद और आशू समेत तीन लोगों ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्ष 2024 में गांव के ही एक व्यक्ति ने कुछ जमीन खरीदी थी। जिसका बैनामा भी कराया हुआ है। आरोप है अब उक्त व्यक्ति के ताऊ और चाचा जमीन को अपना बताते हुए उस पर अवैध रुप से कब्जा का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने वहां निर्माण कार्य के लिए सामग्री भी मंगाई हुई है। साजिद और आशू ने उपजिलाधिकारी से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। एसडीएम का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# त्योहारों को मनाएं शांतिपूर्ण: सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश जन कल्याण मंच की आयोजित बैठक मोहल्ला कायस्थवादा में मंच कार्यालय पर हुई, जिसमें आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने जनता से अपील की गई। इस अवसर पर चौधरी ओमपाल सिंह ने कहा की होली का रंगों का त्यौहार है इसे आपस में प्यार मोहब्बत से मनाना चाहिए जो केमिकल के रंग हैं उनसे अपने आप व बच्चों को दूर रखना चाहिए ताकि त्वचा खराब ना हो।

चौधरी ने कहा की सरकार को गन्ने का भाव बढ़ा कर ₹700 करना चाहिए और रोहनना टोल प्लाजा पर सबसे ज्यादा टोल वसूला जाता है उसमें कटौती की जाए, 10 किलोमीटर तक के रहने वाले लोगों को टोल फ्री किया जाए। उन्होने कहा नगर में ई रिक्शा पर बाजार में प्रतिबंध लगाना चाहिए। अध्यक्षता रहतू लाल



त्याग ने की और संचालन अंग्रेश पवार ने किया। इस अवसर पर जयपाल धीमान, चेयरमैन कृष्ण पाल, चौधरी दिनेश ऋषि, डॉ सुरेंद्र पाल, राकेश भगत जी, शिवकुमार कश्यप, श्रीमती रेखा, सुखबीर कश्यप, खेमकरण कश्यप आदि सहित मंच सदस्य उपस्थित रहे।

# मुंबई पुलिस ने हीमपुर के दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

## 62 लाख के टेलीकॉम वायर को किया था चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाने पहुंची मुंबई पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो व्यक्तियों को चोरी के आरोपों में गिरफ्तार किया है। मुंबई के पनवेल थाना क्षेत्र में टेलीकॉम लाइन का लाखों रुपये कीमत का तार चोरी करने का इन शातिर चोरों पर आरोप लगा है।

मुंबई के पनवेल थाने से जनपद बिजनौर के हीमपुर दीपा थाने पहुंची मुंबई पुलिस ने जाल बिछा कर थाना क्षेत्र के ग्राम उमरीपीर निवासी इंतजार पुत्र बुनियाद अली व नौशाद पुत्र निसार को गिरफ्तार कर लिया । जिन्हें पुलिस हीमपुर दीपा थाने ले आई और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। मुंबई पुलिस ने शाह टाइम्स प्रतिनिधि परीक्षित गुप्ता से वार्ता में बताया कि मुंबई के पनवेल थाना क्षेत्रान्तर्गत 21 जनवरी 2025 को एक टेलीकॉम



कंपनी का 62 लाख रुपये कीमत का करीब 483 मीटर तार चोरी हुआ था, जिसके संबंध में 24 जनवरी 2025 को एफआईआर दर्ज की गई थी । सीसीटीवी की मदद और जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर 6 लोगों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है और उन्हीं की निशानदेही पर नौशाद व इंतजार निवासीगण उमरीपीर थानां हीमपुर दीपा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि इस गिरोह में करीब डेढ़ दर्जन अभियुक्त शामिल है। मुंबई में ऐसी कई चोरियां हुई है। फिलहाल 62 लाख की इस चोरी में अभियुक्त हत्थे चढ़े है, जिसके आधार पर अन्य चोरियाँ भी अब आसानी से खुल जाएगी। इन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में हीमपुर दीपा पुलिस के एसआई महेंद्र सिंह नागर व प्रकाशवीर सहित मुंबई पुलिस टीम से शरद बरकड़े, अभय सिंदे, सचिन गंवत, प्रताप देसाई सहित कुल 10 असिस्टेंट पुलिस इन्स्पेक्टर शामिल रहे।

# पुलिस पार्टी पर फायर करने के मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं का कटान के दौरान पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

थाना प्रभारी नजीबाबाद द्वारा गैंग लीडर फरमान पुत्र अकबर निवासी मौहल्ला कुरैशियान जलालाबाद, गैंग सदस्यगण शकील पुत्र छोटे व नसीम पुत्र महमूद निवासीगण मौहल्ला सानियान कस्बा साहनपुर थाना नजीबाबाद द्वारा भौतिक/ आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रतिबंधित पशुओं का कटान करने के दौरान पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर लोक व्यवस्था छिन्न-भिन्न करने के संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण शकील व नसीम को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई इलम सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल मन्नू राणा, कांस्टेबल सुनील कसाना शामिल रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

**नजीबाबाद।** नगर के बुंदकी मार्ग पर आज सुबह कार की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम पुरुषोत्तमपुर निवासी उषा अपने पति भूरे के साथ बाइक पर सवार होकर कही जा रही थी। बुंदकी मार्ग पर अचानक एक स्विफट कार की टक्कर से महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक महिला का शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।

# दिशा में वित्तीय जागरूकता वेबिनार




## वित्तीय योजना के महत्व पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स द्वारा आयोजित वित्तीय जागरूकता वेबिनार का शुभारम्भ ग्रुप के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल रजिस्ट्रार राजीव कुमार अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई द्वारा बड़े ही उत्साह एवं हर्ष के साथ किया गया।

दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स् ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के सहयोग से एक वित्तीय जागरूकता वेबिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सेबी (SEBI) स्मार्ट ट्रेनर सीए (CA) वैभव झावेर ने छात्रों को बचत, निवेश रणनीतियों, शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और मुद्रास्फीति के प्रभाव पर मार्गदर्शन किया। सत्र में छात्रों और संकाय की सक्रिय भागीदारी के साथ प्रारंभिक निवेश और वित्तीय योजना के महत्व पर जोर दिया गया।

यह आयोजन छात्रों के बीच वित्तीय साक्षरता और स्मार्ट निवेश निर्णयों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. समीर अहमद (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख), बृजनेश सिसौदिया (प्रबंधन विभाग प्रमुख) तथा फैकल्टी सदस्यों डा. एकता मलिक, विवेक कुमार, नाजिश, निधि चौहान, राजेश कुमार, एवं सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट ने गन्ना मूल्य 500 प्रति कुंतल कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।

कार्यकर्ताओं ने नायब तहस. ीलदार विजय वीर सिंह को सौंपे ज्ञापन में किसानों एवं मजदूरों से संबंधित विभिन्न मांगों की समस्या समाधान कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में गन्ना मूल्य पर पुनः विचार कर 500 रूपए प्रति कुंतल कराने, गन्ने की सूखी फसल का मुआवजा दिलाए जाने, विद्युत विभाग में लंबित शिकायतों का तत्काल समाधान कराने, चीनी मिलों द्वारा गन्ने की नई प्रजाति का बीज उचित दाम पर दिलाने, तहसील में दाखिल खारिज के नाम पर अवैध वसूली तत्काल बंद कराने, हिंसक एवं गुलदार को पकड़कर जंगल में छोड़ने आदि की मांग की।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष विनीत कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तुलन, कुलदीप कुमार, प्रहलाद, विपिन, नीरज चाहल आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र संजय को उसके गलत आचरण के कारण अपने परिवारिक संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे में मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा

जोधसिंह

पुत्र स्वर्गीय कबूल सिंह निवासी ग्राम तलेड़ी खुर्द तहसील देवबंद जिला सहारनपुर

## चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का सामना कीवीयों से

**कीवियों ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया, रचिन-विलियम्सन के शतक**

**लुंगी एनगिडी को तीन विकेट मिले और रबाड़ा ने भी दो विकेट चटकाए**

**लाहौर, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां कीवियों का सामना भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया।

न्यूजीलैंड ने 363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया। उन्होंने 67 बॉल पर सेंचुरी जड़ी। कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) और रासी वान डर डसन (69 रन) ने अर्द्धशतक बनाए। कीवियों की ओर से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल (49 रन) और ग्लेन फिलिप्स (49 रन) फिफ्टी बनाने से चूक गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र (108), केन विलियमसन (102) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का लक्ष्य दिया। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। आठवें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने विल यंग (21) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने रचिन रविंद्र के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी हुई। रचिन ने 32वें ओवर की पहली गेंद पर दो रन लेकर अपना पांचवां एकदिवसीय शतक बनाया। 33वें ओवर में कगिसो रबाडा ने रचिन रविंद्र को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रचिन रविंद्र ने 101 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (108) रनों की पारी खेली।



रचिन रविंद्र 108



केन विलियमसन 102



## स्टीव स्मिथ ने लिया एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास

**टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं: स्टीव स्मिथ**

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने बुधवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

न्होंने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में बताया था। वह 2027 के एकदिवसीय विश्वकप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कलमस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने स्मिथ के बयान को जारी किया। स्मिथ ने अपने बयान में कहा कि वनडे में उनकी बेहतरीन यात्रा रही है और मैंने खेल के हर एक क्षण भरपूर आनंद लिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादों में दो विश्वकप भी शामिल हैं। अब युवा खिलाड़ियों के लिए 2027 के विश्व. कप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं। इसके बाद सर्दियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ और इंग्लैंड के साथ घरेलू सीरीजी है। टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए अभी मेरे अंदर बहुत क्रिकेट शेष है। स्मिथ ने 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ लेग स्पिन ऑलराउंडर के रूप में पदार्पण किया था और उन्होंने 170 एकदिवसीय मैचों में 43-28 की औसत से 5800 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने 34-67 की औसत से 28 विकेट भी लिए हैं।

स्मिथ ने 2015 में लगातार पांच बार 50 से अधिक स्कोर बनाया था, इसमें सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 105 रनों की पारी भी शामिल थी। फाइनल में स्मिथ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 56 रनों की पारी खेलते हुए विजयी शॉट भी लगाया था।

### ● रचिन रवींद्र ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड ●

## आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके सबसे कम पारियों में किया कारनामा

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में शानदार शतक लगाया। रचिन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 108 रनों की पारी खेली। इस शतक के साथ ही उन्होंने एक ऐसा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जो कि रोहित-विराट जैसे दिग्गजों के बस की बात भी नहीं रही। दरअसल रचिन रवींद्र आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके हैं और ये कारनामा उन्होंने सबसे कम पारियों में किया है। रचिन रवींद्र ने महज 13 पारियों में 5 शतक लगाए हैं। बड़ी बात ये है कि उनके वनडे करियर में भी पांच ही शतक हैं और ये सभी उन्होंने वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में लगाए हैं। वर्ल्ड कप 2023 में उन्होंने 3 शतक लगाए थे और अब चैंपियंस ट्रॉफी में इस बल्लेबाज ने 2 शतक ठोक दिए। 30 साल की उम्र से पहले सबसे ज्यादा आईसीसी वनडे शतक सिर्फ सचिन और रचिन ने ही बनाए हैं। दोनों ने 5-5 शतक लगाए थे।

## वरुण ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे

### ● आईसीसी वनडे रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया के गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में देश दुनिया केएक, दो या 50 नहीं पूरे 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ा है, जो कि अपने आप में बड़ी बात है। वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है, मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं। वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है।

भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है। दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया। वरुण चक्रवर्ती ने चैंपिंयस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं। इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं। उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं। मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं। अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने





टॉप 100 में एंट्री ले ली है। वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पाइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं। साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबा. जों की लिस्ट में टॉप 10 में भारत से सिर्फ कुलदीप यादव हैं। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ताजा रैंकिंग में 3 स्थान गिरकर छठे नंबर पर आ गए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को चैंपियंस ट्रॉफी के प्रदर्शन का इनाम मिला है। वो आईसीसी की ताजा रैंकिंग में 3 स्थान की छलांग लगाकर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। रवींद्र जडेजा 13वें नंबर पर बरकरार हैं। वहीं मोहम्मद सिराज 2 स्थान गिरकर 14वें नंबर पर आ गए हैं।

## मांडविया ने स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 49 सदस्यीय भारतीय दल को दी बधाई

**तीस एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर दी बधाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को इटली के ट्यूरिन शहर में आठ मार्च से शुरु होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में शामिल होने वाले 49 सदस्यीय भारतीय दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित भव्य विदाई समारोह में डा- मांडविया ने ट्यूरिन में होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे 30 एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस समारोह में विशेष ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा और स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निद. ेशक डॉ वीके महेंद्रू उपस्थित थे। इस दौरान गणमान्य लोगों ने भारतीय एथलीटों को शुभकामनाएं दीं और वैश्विक मंच पर सफलता



हासिल कर देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार होने के लिए उनका हौसला-अफजाई की। इटली में आठ मार्च से 15 मार्च तक होने वाले विशेष ओलंपिक विंटर वर्ल्ड गेम्स में भारतीय दल के 30 खिलाड़ी छह खेल विधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में भाग लेंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में इस बार 102 देशों के 1500 एथलीट आठ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। समारोह के अंत में एथलीटों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें सौभाग्य के प्रतीक के रूप में पारंपरिक हिमाचली ऊनी कपड़े भेंट की गयी।

**खेल विशेष**

## कुछ लोगों को हमेशा होती है शिकायत करने की आदत:गंभीर

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के एक ही पिच पर खेल कर अनुचित लाभ लेने को लेकर हो रही चर्चा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ लोगों को हमेशा शिकायत करने की आदत होती है।

गंभीर ने पिच की परिस्थितयों के सवाल के जवाब में कहा कि यह हमारे लिए उतना ही सामान्य मैदान है, जितना किसी और टीम के लिए। हमने यहां नहीं खेला है। मुझे याद नहीं कि हम आखिरी बार यहां कब खेले थे। और सच कहूं तो हमने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। योजना यह थी कि अगर आप 15 खिलाड़ियों की टीम में दो मुख्य स्पिनर चुनते हैं, तो चाहे हम पाकिस्तान में या कहीं भी खेलते, हम दो मुख्य स्पिनर ही चुनते क्योंकि यह उपमहाद्वीप में होने वाला टूर्नामेंट था। उन्होंने कहा कि इसलिए ऐसा नहीं है कि हम स्पिनरों का जाल बिछाना चाहते थे। अगर आप देखें तो हमने पहले दो मैचों में केवल एक मुख्य स्पिनर को खिलाया। हमने इस मैच और पिछले मैच में दो मुख्य स्पिनर खिलाए। जहां तक 'अनुचित लाभ' की बात है इसके बारे में बहुत बहस हो रही है।

## रग्बी इंडिया ने किया रग्बी प्रीमियर लीग लोगो का अनावरण


**मुंबई, वार्ता।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ और जीएमआर स्पोर्ट्स ने पहले रग्बी प्रीमियर लीग के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। भारत में रग्बी के नए युग की शुरुआत हो गई है। फैंचाइजी-आधारित रग्बी 7एस लीग का शुभारंभ 2025 में होगा। इस लीग में छह शहर-आधारित टीमें भाग लेंगी। लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ और शीर्ष रग्बी खेलने वाले देशों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे। इस अवसर पर भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने लोगो के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि रग्बी 7एस अविश्वसनीय गति, शानदार कौशल और अद्‌भुत शक्ति का खेल है। रग्बी प्रीमियर लीग इसे भारत में एक नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी। यह लोगो लीग की ऊर्जा, गतिशीलता और उच्च- ऑक्टेन एक्शन को दर्शाता है। जीएमआर स्पोर्ट्स के अनुभव और सभी हितधारकों के समर्थन के साथ, हम भारतीय रग्बी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए तैयार हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के मुख्य विपणन अधिकारी सुजॉय गांगुली ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग के लोगो का अनावरण भारतीय रग्बी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

## कोहली की बैटिंग के बीच सो गई अनुष्का

**दुबई, वार्ता।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल विराट कोहली ने 84 रनों की पारी से मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं।

अब उनके सोने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। भारतीय टीम के इस अहम मैच में विराट को सपोर्ट करने के लिए उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सोती हुई दिख रही हैं। दावा किया जा रहा है कि विराट की बैटिंग देखते-देखते उन्हें नींद आ गई थी। भारत की बैटिंग के दौरान 15वें ओवर के बाद ब्रेक के समय कैमरामैन ने अनुष्का शर्मा को सोते हुए दिखाया था। कोहली इस दौरान 28 गेंद में 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इस लिहाज से देखा जाए तो वह थोड़ी धीमी बैटिंग कर रहे थे। लेकिन हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि उन्हें विराट की बैटिंग की वजह से ही नींद आई थी। हालांकि, विराट की धीमी की पारी की बात करें तो इस तरह की बल्लेबाजी के पीछे भी एक बड़ी वजह थी। दरअसल, पावरप्ले में ही दो विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम थोड़ी दबाव में आ गई थी। तब भारत को मैच में पकड़ बनाने के लिए विकेट बचाने के साथ एक साझेदारी की जरूरत थी। अनुष्का का एक और वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें विराट जीत के बाद उनके सामने जश्न मनाते हुए दिख रहे हैं।

## टीम इंडिया ने अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया: गौतम गंभीर





**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गई है। रोहित एंड कंपनी अभी तक इस टूर्नामेंट में अजेय है। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर को लगता है कि अभी तक उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाया है। उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में भारत से सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिलेगा। भारत ने मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया था। इस मैच में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली थी। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, श्अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।श उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में ऐसा कर पाएगी। उन्होंने कहा, श्अभी हमें एक मैच और खेलना है।

## रैंकिंग में भी चमके विराट, अय्यर को भी फायदा

**ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष-10 में चार भारतीयों का दबदबा है, गिल पहले स्थान पर**

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। वह दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वहीं, सेमीफाइनल मैच में कोहली के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले श्रेयस अय्यर ने भी छलांग लगाई है।

वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीयों का दबदबा है। पहले स्थान पर 791 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूद हैं। वह पिछले ह“ते बाबर आजम को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचे थे। चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा को दो पायदानों का नुकसान हुआ है, लेकिन वह शीर्ष पांच में मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (195 रन) एक स्थान की छलांग लगाने में कामयाब हुए। विराट कोहली मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 72.33 के औसत और 83.14 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था। वहीं, अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जादरान को इंग्लैंड के खिलाफ 177 रनों की शानदार पारी खेलने का फायदा हुआ है।

वह 13 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए। आलराउंडर्स की रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल को तगड़ा फायदा हुआ है। वह 17 स्थानों के फायदे के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में रवींद्र जडेजा के अलावा कोई मौजूद नहीं है। वह नौवें पायदान पर 213 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ बने हुए हैं। वहीं, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई दो स्थानों के फायदे के साथ शीर्ष आलराउंडर बन गए हैं। उन्हें दो स्थानों का लाभ हुआ है।



## रमजान मुबारक



**छठा रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.17 |
| | शिया | 5.19 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.24 |
| | शिया | 6.38 |

**जिसने तुम्हारे लिए जमीन का बिछौना और आसमान को छत बनाया और आसमान से पानी बरसाया फिर उसी ने तुम्हारे खाने के लिए बाज फल पैदा किए बस किसी को अल्लाह का हमसर न बनाओ।**

**कुरआन करीम**

# न्यूनतम करना होगा सड़क हादसों का आंकड़ा: अटल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने मंडल में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपस में समन्वय बनाकर सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को हर हाल में न्यूनतम करना होगा।

मंडलायुक्त श्री राय आज सर्किट हाउस सभागार में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति एवं संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नो हेलमेट, नो फ्यूल को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाए। कार्यालयों में नो हेलमेट नो एंट्री का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने वाहन चालकों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से भी समय-समय पर नेत्र परीक्षण करवाए जाने के लिए कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों के समय से उपचार पर बल देते हुए कहा कि ऐसे स्थलों पर एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिए। पुलिस उप महा निरीक्षक अजय कुमार साहनी ने निर्देश दिए कि सड़क किनारे कहीं पर भी अवैध अतिक्रमण न हो। ढाबों एवं सड़क के किनारे वाहन पार्किंग न हो। कृषक बंधुओं से संवाद कर ट्रैक्टर-ट्राली सहित अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं।



सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में मोटरगाडी अधिनियम के अन्तर्गत परमिट संख्या 417 के हस्तान्तरण प्रार्थना पत्र पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली की डीसीआरबी रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण को आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मुजफ्फरनगर नरेन्द्र बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शामली प्रमानंद झा, उप परिवहन आयुक्त मेरठ परिक्षेत्र हरिशंकर सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन देवमणि भारतीय, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन वी. के. सिंह सहित परिवहन, रोडवेज, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# एमएलसी शाहनवाज ने सदन में उठाया डा.अंबेडकर पार्क की दुर्दशा का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कैलाशपुर के बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर पार्क की दुर्दशा का मुद्दा सदन में उठाते हुए सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने इस दिशा में समुचित कदम उठाये जाने की मांग की। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्क की स्थिति सुधारने के निर्देश दिये।

सदन में एमएलसी शाहनवाज खान ने कहा कि कैलाशपुर में बनाये गये बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर पार्क के वन विभाग ने गेट बंद कर दिये है और वहां पर पकडी गई लकडियों को रखा गया है। पार्क में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है, बेंच और अन्य सुविधाएं खराब हो गई हैं। वहां पर घास जमा पड़ा है।



शाहनवाज खान ने इस मामले में भाजपा सरकार की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि पार्क की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने सदन में मांग करते हुए कि सरकार पार्क की रख-रखाव की व्यवस्था में तत्काल परिवर्तन करे ताकि पार्क का सौन्दर्यकरण बना रहे।

## गरीब कन्या के विवाह में की मदद

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जरूरतमंदों की सेवा के क्षेत्र में एक और कदम बढ़ाते हुए कन्या के विवाह में धनरा. शि कपड़े व अन्य सामान देकर सहायता की।

संस्था की ओर से कन्या की माता को संस्था कार्यालय पर बुलाकर चेक तथा अन्य वस्तुएं प्रदान की गई तथा कन्या के सफल वैवाहिक जीवन की शुरुआत करने हेतु वरिष्ठ नागरिकों की ओर से ढेरों शुभकामनाएं दी गई। अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा तथा महासचिव अनिल तलूजा द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग प्रदान करने हेतु नियंत्रण प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कन्या की माता जी को सहायता हेतु कुछ धनराशि तथा कंबल, क्रोकरी आदि प्रदान किए हैं।

# सिख समाज ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जताया विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऋषिकेश में सिख समाज के रणजीत सिंह पर हमले और रंगदारी की घटना को लेकर श्री गुरु सिंह सभा ने कलैक्ट्रेट पहुंचकर विरोध जताया तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

सभा के पदाधिकारियों और सिख संगत ने ज्ञापन में लगातार हो रहे हमलों की निंदा करते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। जनरल सेक्रेटरी अमनप्रीत सिंह, गुरु तेग बहादुर स्कूल के प्रबंधक सतविंदर सिंह मांकन और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो सिख समाज बड़ा आंदोलन करेगा। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ही मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो भारत का सर्व सिख समाज एक बड़ी पंचायत करने का आवाहन करेगा।

इस मौके पर प्रभजोत सिंह, इंदरप्रीत सिंह, इंदरजीत सिंह खालसा, सुरेंद्र मोहन चावला, जसवंत बत्रा, हरेंद्र सिंह चड्ढा, डिंपल सिंह चड्ढा, गुरविंदर सिंह बजाज, हरनीत सिंह प्रिंस, शंटी सरदार, चरणप्रीत सिंह, दीदार सिंह सेठी, चवप्रीत सिंह बत्रा आदि मौजूद रहे।

# बेनीवाल बने बसपा के नेशनल कोर्डिनेटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, समर्पित भावना और संगठन को मजबूती देने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले जनपद निवासी एवं विभिन्न राज्यों के प्रभारी रणधीर बेनीवाल को बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंप दी है। उनके साथ राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को भी नेशनल कोऑर्डिनेटर का दायित्व सौंपा गया है। दोनों नेशनल कोऑर्डिनेटर सुश्री मायावती के दिशा निर्देशन में पूरे देश में संगठन का काम देखेंगे पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

नगर पालिका के सभासद पद से बसपा में राजनीतिक जीवन की शुरुआत जेजे पुरम निवासी रणधीर बेनीवाल की पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनैतिक रही है। मूल रूप से कस्बा नकुड के गांव लुण्डी में जन्मे रणधीर बेनीवाल के पिता फूलसिंह भी अपने गांव में वर्षो प्रधान रहे हैं और वर्ष 1990 में रणधीर बेनीवाल सहारनपुर आ गए थे। यही रहकर उन्होंने बसपा में अपनी राजनीति की शुरूआत वर्ष 2006 में नगर पालिका परिषद के वार्ड 3 से सभासद का चुनाव जीत कर की। वर्ष 2008 में जिला योजना समिति के सदस्य बने, 2014 में जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। उनकी कार्य शैली को देखते हुए उन्हें बसपा में वर्ष 2016 में सहारनपुर और मेरठ मंडल का भाईचारा कमेटी का प्रभारी बनाया गया। अपनी कार्य शैली और राजनीतिक कुशलता के बल पर



पार्टी में अपना अत्यधिक विश्वास कायम करने के फलस्वरुप बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने उन्हें 14 जून 2018 को पंजाब का प्रभारी बनाया था और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें हरियाणा हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली राज्य की भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

इसी कड़ी में नगर निगम बनने के पश्चात वार्ड 3 से फिर उनकी पुत्रवधू पार्षद पद पर निर्वाचित हुयी थी। रणधीर बेनीवाल शुरू से ही बसपा के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं जिसके फलस्वरुप वह बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती के विश्वास पात्रों में रहे हैं और उनके काफी नजदीकी

**नगर पालिका सभासद पद से शुरू किया था बसपा में सियासी सफर**

माने जाते हैं। उनकी मेहनत एवं कार्यकुशलता का फल उन्हें इन पदों से सुशोभित पर मिल रहा है। नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए गए रणधीर बेनीवाल ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती ने जो उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है, उसे पर वह हरसंभव कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी और साथियों के सहयोग से खरा उतरने का प्रयास करेंगे और बहुजन समाज पार्टी को अत्यधिक मजबूत बनाने का काम किया जाएगा।

श्री बनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दिया जाना पूरे सहारनपुर के लिए गौरव की बात है।

# प्रधान सहायकों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट ने सेवानिवृत्त हुये प्रधान सहायक अरविन्द कुमार गुप्ता एवं मदन पाल सिंह को भावभीनी विदाई दी गई।

सिचाई परिसर मे स्थित संघ भवन मे आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष देवेंद्र गुसाई व मुकेश शर्मा ने विदाई के सुंदर गीत प्रस्तुत किये। अरुण कुमार एवं अरविन्द कुमार ने आयोजको का आभार व्यक्त करते हुये सेवा निवृत होने वाले साथियो की लम्बी आयु की प्रार्थना ईश्वर से करते हुये हमेशा स्वस्थ रहने के भी कुछ लाभ साझा किये।

विदाई समारोह मे रामलाल डबराल, गोरखनाथ सैनी, राजेश कुमार, राजकुमार शर्मा, आंनद बिरला, मोती यादव, सचिन मित्तल, राजेंद्र राणा, विपिन कुमार, शेर सिंह, राजन कुमार, विपिन त्यागी, सुमित शर्मा, विनोद कुमार, आलोक गोयल, प्रवेश कुमार, विकास कुमार आदि संघ से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता रमेश कुमार व संचालन तरुण भोला द्वारा किया गया।

# नगर में अपराध नियंत्रण को बनें नए थाने: गुंबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधायक राजीव गुम्बर ने महानगर में नए थाने बनाये जाने का मुद्दा विधानसभा में उठाया।



विधायक राजीव गुम्बर ने आज विधानसभा में कहा कि नगर के वर्तमान थाना-देहात कोतवाली, थाना-सदर बाजार, थाना-जनकपुरी, थाना-कुतुबशेर एवं थाना-मण्डी के भौगोलिक स्थिति एक दूसरे के थानाक्षेत्रों में सम्मिलित हो गयी है जिस कारण से थानाक्षेत्र की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती है। ऐसी स्थिति में इन थानों का परिस. ीमन कर थानाक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले स्थान स्पष्ट रूप से व्याखित किये जाने आवश्यक है तथा इस थाना क्षेत्रों में आबादी का काफी तेजी से विस्तार हुआ है। थाना एवं उनकी चौकियों में काफी दूरी है जिस कारण से कानूनी कार्यवाही में भी अड़चन आती है। थाना कोतवाली सदर अन्तर्गत चौकी हसनपुर एवं थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत पुलिस चौकी शेखपुरा कदीम का क्षेत्र बहुत अधिक बढ़ गया है जिससे अपराध के त्वरित नियंत्रण में कठिनाईयां आ रही है।

# एसडीए अफसरों पर हो कार्रवाई: निम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने विधानसभा में अवैध कालोनियों के बारे में गलत जानकारी देने वाले प्राधिकरण अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की।



सदन में विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि सहारनपुर दिल्ली रोड से टपरी बाईपास पर लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग के दोनों ओर किसी भी स्थायी निर्माण व भवन निर्माण पर रोक लगाये जाने के बोर्ड लगाये गये है। इस मार्ग के दोनों ओर बिना किसी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति लिए बिना मानक के अवैध कालो. नियों का निर्माण किया जा रहा है। सम्बन्धित अधिकारियों की मिलीभगत से इस प्रकार की अवैध कालोनियां सहारनपुर मास्टर प्लान के विपरीत काटी जा रही है जिससे मास्टर प्लान के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों में निकट समय में काफी बाधा उत्पन्न होगी। अपने अनुचित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी ऐसी अवैध व अनियमित कालोनियों के विरुद्ध समय रहते कोई कार्यवाही नहीं करते है जिससे बाद में ऐसी कालोनियों से काफी समस्याएं उत्पन्न होती है। विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि उनके द्वारा द्वारा 18.दिसंबर 2024 को यह विषय उठाया गया था जिसमें सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा सदन को गुमराह व भ्रमित करने के उद्देश्य से कार्यवाही की गयी। उक्त मार्ग पर 40-50 की संख्या में अवैध कालो. नियों का निर्माण अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है जिसमें से कुछ कालोनियां जैसे मल्हीपुर रोड पर फाटक से पहले 60 बीघे आम के बाग में अवैध कालोनी व दुकाने बनायी जा रही है।

## कीर्तन का आयोजन

**सहारनपुर।** वैश्य अग्र महिला समिति द्वारा मार्च माह की बैठक का आयोजन होली के रंग कान्हा के संग कीर्तन के रूप में किया गया।

आवास विकास स्थित श्री हरि मंदिर प्रांगण में महोत्सव का शुभारंभ कान्हा दरबार में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कीर्तन भजन के रूप में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रिंपी ने कृष्णजी एवं पूजा जैन ने राधा जी बनकर सुंदर रासल. ीला प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मौजूद सभी ने फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में कुछ बहनों ने बहुत सुंदर-सुंदर भजन गाकर एवं नृत्य करके प्रांगण को वृंदावन ही बना दिया।

अग्रवाल समाज की सभी समितियों से आयी पदाधिकारियों को पटका पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक संजय गर्ग की पत्नी श्रीमती पूनम गर्ग कार्यक्रम की अतिथि रही।

# सफाई कर्मचारी आयोग सचिव को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अति दलित हिताय सामाजिक संस्था ने सफाई कर्मचारी आयोग की सचिव सुषमा गौंडियाल से मिलकर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष संजय ढींगरा एडवोकेट के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि सफाई कर्मचारी व वाल्मीकि समाज के गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा का जो कोटा है, उसमें अलग से व्यवस्था कराकर उनको एडमिशन कराया जाये ताकि सफाई कर्मचारियों व वाल्मीकि समाज के बच्चो को अच्छी शिक्षा मिल सके। सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या के लिए ईपीपीएफ ईएसआईसी का पूरा भुगतान ठेकेदार व विभाग द्वारा दिलाना चाहिए अन्य कोई भुगतान सफाई कर्मचारियों पर नहीं लगा होना चाहिए जिससे उसे पूरा भुगतान मिल सके। इसके अलावा नगर निगम व नगरपालिकाओं में ड्राइवर, माली, चपरासी व अल्प अशिक्षित लोगों के लिए नगर निगम व नगर पालिकाओ में कोटा निर्धारित कर अलग से नियुक्ति प्रदान करने तथा ठेका कर्मचारियो के परिजनों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने वाल्मीकि समाज को गौशाला के निकट पार्क को विवाह व अन्य प्रयोजन के लिए आवंटित करने की स्वीकृति भी प्रदान की गयी।

प्रतिनिधिमंडल में महेन्द्र लाल प्रेमी, सुशील प्रेमी, सीता देवी, रजनीश, रिचिन, धर्मेन्द्र, सुरेश, राक. ेश, अर्जुन, रमेश, अजय, राजीव आदि शामिल रहे।

# करोड़ों के बजट पर जताई सहमति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** चीनी मिल में डीएम की अध्यक्षता में नवनिर्माण के लिए करोड़ों रुपए के बजट पर सहमति जताई गई तथा किसान हितों तथा मिल में भंडारण क्षमता बढ़ाने पर विचार विमर्श किया

बैठक में मुख्य रूप से किसानों द्वारा लाए जा रहे गन्ना वाहनो को हो रही असुविधा के लिए केन यार्ड में दो ट्राली लाइन तथा एक हिच बुग्गी लाइन के लिए सीसी रोड का निर्माण कांटा संख्या 1 व 2 पर आर सीसी फर्श निर्माण तथा चीनी गौदाम संख्या 11 से बायलर संख्या 4 व 5 हेतु बने ऐश पोड़ पर आर सी सी सड़क निर्माण कार्य जिससे किसानों को लाभ होगा तथा चीनी भंडारण के लिए एक लाख कुतंल का गौदाम बनाने आदि कार्यो पर सहमति बनी। इस अवसर पर उपसभापति रविन्द्र पुंडीर, सचिव जय प्रकाश, संचालक विनोद कुमार, सुमन, अरविंदर सिंह, नवाब सिंह, अरूण कुमार, संजयवीर राणा, दल सिंह, प्रदीप राणा, जयपाल सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## लाभांवित किए जा चुके 800 किसान: मनीष

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है जिसका उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा उत्पादन में शामिल करके उनकी आय को बढ़ाना है। कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में सोलर पंप स्थापित करने, सोलर पावर प्लांट लगाने और भूमि पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

पीएम कुसुम योजना के माध्यम से किसान न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कुसुम योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से सशक्त बनाना, किसानों की आय में वृद्धि करना और पर्यावरण को संरक्षित करना है। जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशानुसार जनपद में इस योजना के तहत 800 कृषकों को लाभान्वित किया जा चुका है।

















शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 6 मार्च 2025

# टैरिफ से फायदा या नुकयान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आने वाले प्रोडक्ट पर हाई टैरिफ लगाने की घोषणा ने दुनिया भर के बाजारों में हलचल मचा दी है। इससे भारत को नुकसान होगा या फायदा हो सकता है, इसके लिए भारत को हर हाल में तैयार रहना होगा। क्या यह फैसला भारत के लिए गोल्डन चांस भी साबित हो सकता है, अगर इस पर नजर दौड़ाई जाए, तो अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आयात पर उच्च टैरिफ (शुल्क) लगाने से भारतीय निर्यातकों को नए अवसर मिलने की संभावना है। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने चीन पर टैरिफ बढ़ाया था, तब भारत उन चार शीर्ष देशों में शामिल था, जिन्हें इसका सीधा फायदा हुआ था। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो यह अमेरिका के साथ बेहतर व्यापार समझौता यानी ट्रेड डील हासिल कर सकता है और यूएस मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत बना सकता है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध भारत के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। इससे न सिर्फ भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करने के लिए आकर्षित हो सकती हैं। इसके अलावा, चीन पर लगाए गए उच्च टैरिफ से भारत को अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को और मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। अमेरिकी बाजार में चीन, मैक्सिको और कनाडा के प्रोडक्ट महंगे होने से भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए नए मौके बन सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत और चीन से आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे इन देशों से अमेरिका को होने वाला निर्यात महंगा हो जाएगा, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता घटेगी। इसका सीधा फायदा भारत को मिल सकता है, क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट्स इसकी तुलना में सस्ते होंगे और अमेरिकी बाजार में अपनी जगह मजबूत कर सकते हैं। खासतौर पर इन सेक्टर्स को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत और चीन के लिए रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कही है, लेकिन अगर भारत एक फेवरएबल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल कर लेता है, तो यह अमे. रिका में अपने व्यापार का दायरा बढ़ा सकता है। यदि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होता है, तो अमेरिकी कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगा सकती हैं। इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। चीन, मैक्सिको और कनाडा के महंगे सामान के मुकाबले भारतीय प्रोडक्ट कम कीमत और अच्छी क्वालिटी के कारण ज्यादा बिक सकते हैं। लेकिन घरेलू भारत को अपने घरेलू उद्योगों और किसानों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। यदि भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल करता है और अपने एक्सपोर्ट सेक्टर को मजबूत करता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। हालांकि, भारत को सही रणनीति अपनाने और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

## भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा



**उत्तर** प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है, योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है, सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है, इनका काम ही नाम बदलना है, इन्हे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है, अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है, सम्भल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी।

**शिवपाल सिंह**
**महासचिव, समाजवादी पार्टी**

# त्रिभाषा नीति के पालन में आने वाली चुनौतियां




प्रियंका सौरभ

> भारत में भाषा शिक्षा को लेकर चर्चा अभी भी जारी है, तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति के प्रति कड़ा विरोध भाषाई पहचान और केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण चिंताओं को उजागर करता है, वास्तविक शैक्षिक सुधार के लिए भाषा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना आवश्यक है न कि केवल नीतिगत ढांचों पर ध्यान केंद्रित करना, केंद्र और राज्य के बीच सकारात्मक बातचीत और व्यावहारिक समझौता ही आगे का सबसे अच्छा रास्ता है, आपातकाल के दौरान शिक्षा को समवर्ती सूची में डाल दिया गया, जिसका अर्थ है कि यह एक संयुक्त जिम्मेदारी है

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाने और भाषाई विविधता की सुरक्षा के उद्देश्य से त्रि-भाषा ढांचा प्रस्तुत करती है। आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं और बोलियों की समृद्ध विविधता के साथ, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन हासिल करना काफ़ी चुनौतीपूर्ण है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों की चिंताएँ कथित भाषाई प्रभुत्व से सम्बंधित मुद्दों और इस नीति को कार्यान्वित करने में व्यावहारिक कठिनाइयों पर ज़ोर देती हैं। त्रि-भाषा नीति का लक्ष्य बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारत का भाषाई परिकृश्य समृद्ध होगा। उदाहरण के लिए, उत्तर भारतीय स्कूलों में तमिल पढ़ाने से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिल सकता है और क्षेत्रीय अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है। बहुभाषिकता को अपनाने से न केवल संज्ञानात्मक क्षमताएं, समस्या समाधान कौशल और रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि समग्र शैक्षणिक सफलता भी बढ़ती है।

अनेक भाषाओं, विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता से सरकारी नौकरियों, अनुवाद और पर्यटन में विभिन्न कैरियर के रास्ते खुलते हैं। इसके अलावा, कूटनीति और बहुराष्ट्रीय निगमों में पदों के लिए बहुभाषी कौशल अक्सर आवश्यक होते हैं। नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सीखी जाने वाली कम से कम दो भाषाएं भारत की मूल भाषाएं हों, जिससे देश की भाषाई विरासत और साहित्य का संरक्षण हो सके। भारत की शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषाई परंपराओं को बनाए रखने के लिए संस्कृत, बंगाली, तेलुगु और मराठी जैसी भाषाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हालांकि, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस नीति को हिन्दी को धीरे-धीरे थोपने की नीति के रूप में देखते हैं। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्रीकृत भाषा सीखने की नीति लागू करना संघीय सिद्धांतों के लिए चुनौतियां उत्पन्न करता है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी 2020 की तीन-भाषा आवश्यकता का पालन नहीं करने का विकल्प चुना है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्त पोषण में देरी हो रही है।




इसके अतिरिक्त, कई राज्यों को इन अतिरिक्त भाषाओं के लिए योग्य शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों में कार्यान्वयन जटिल हो रहा है। उदाहरण के लिए, ओडिशा और केरल के स्कूलों को सीमित उपलब्धता के कारण हिन्दी शिक्षकों को ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अतिरिक्त भाषा पाठ्यक्रम शुरू करने से भी छात्रों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे गणित जैसे आवश्यक विषयों में उनकी दक्षता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्रीय दलों का प्रतिरोध भाषा नीतियों को अपनाने में महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में राजनीतिक समूह अक्सर इन नीतियों को अपने स्थानीय शासन में घुसपैठ के रूप में देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विरोध होता है। कई ग्रामीण छात्रों को दूसरी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे तीसरी भाषा सीखने की प्रक्रिया जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण बिहार में 40 प्रतिशत छात्रों को अंग्रेज़ी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी अन्य भाषाएँ सीखने की क्षमता में बाधा आती है। राज्य हिन्दी की अपेक्षा अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हैं, जिससे केंद्रीय नीतियों के साथ उनका सम्बंध टूट जाता है। पश्चिम बंगाल में बंगाली-अंग्रेजी शिक्षा पर अधिक ज़ोर दिया जाता है तथा अनिवार्य हिन्दी शिक्षा को अस्वीकार कर दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में, विशेषकर आर्थिक रूप से वंचित राज्यों में, अक्सर भाषा शिक्षकों, संसाधनों और डिजिटल भाषा प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक धन की कमी होती है। पूर्वोत्तर भारत में तीसरी भाषा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की कमी से प्रभावी नीति कार्यान्वयन में बाधा आती है। राज्यों के लिए एक मानकीकृत त्रि-भाषा नीति का पालन करने की बजाय अपनी क्षेत्रीय भाषा चुनने की स्वतंत्रता होना अधिक लाभदायक होगा। उदाहरण के लिए, कर्नाटक सरकार हिन्दी लागू करने के बजाय कन्नड़, अंग्रेज़ी और विद्यार्थी की पसंद की भाषा पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, ई-लर्निंग संसाधनों का विकास करना, तथा भाषा अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना स्थिति में काफ़ी सुधार ला सकता है।

आंध्र प्रदेश में डिजिटल भाषा प्रयोगशालाएं पहले से ही प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्थानीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देने में प्रगति कर रही हैं। छात्रवृत्ति, कैरियर प्रोत्साहन और व्यावहारिक भाषा प्रशिक्षण की पेशकश से छात्रों को स्वेच्छा से अतिरिक्त भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यूजीसी संस्कृत, पाली और फारसी में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिससे भाषाई विविधता को बनाए रखने में मदद मिलती है। केंद्र सरकार को भाषा नीति पर चर्चा में राज्यों को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। संयुक्त शिक्षा समिति की स्थापना से राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक आवाज़ मिल सकेगी। मूल समस्या, शिक्षा में भाषा मानक और शिक्षण गुणवत्ता में गिरावट। कोचिंग सेंटरों ने विज्ञान और गणित में बढ़त ले ली है, तथा भाषा शिक्षा को पीछे छोड़ दिया है। यद्यपि कई सरकारी स्कूलों में अंग्रेज़ी एक अनिवार्य विषय बन गया है, फिर भी प्रवीणता का स्तर निराशा. जनक रूप से निम्न बना हुआ है।

शिक्षकों का सीमित अंग्रेज़ी कौशल सीधे तौर पर छात्रों की पढ़ाई पर प्रभाव डालता है, जैसा कि आंध्र प्रदेश में अंग्रेज़ी माध्यम की शिक्षा की ओर बदलाव से स्पष्ट है। हिन्दी के लिए भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है, इस भाषा में शिक्षण स्तर का भी उतना ही अभाव है। हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को अक्सर सक्रिय शिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण के बजाय मात्र सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, पढ़ने की आदतों में गिरावट भाषा शिक्षा के क्षेत्र में अधिक महत्त्वपूर्ण चुनौतियों की ओर इशारा करती है। स्कूलों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है, जिससे अंततः दीर्घकालिक भाषा कौशल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत की विविधता में एकता बनाए रखने के लिए एक समेकित भाषाई ढांचा तैयार करना आवश्यक है। भाषा के चयन में लचीलापन प्रदान करना, शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ाना, तथा क्षेत्रीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देना कार्यान्वयन सम्बंधी बाधाओं को दूर करने में सहायक हो सकता है। अनुवाद और डिजिटल शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग भाषाई विभाजन को प्रभावी ढंग से पाट सकता है।

# रोजाना सुबह 2 भीगे हुए अंजीर खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

अंजीर को अंग्रेजी में फिग कहते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर फल है। इसके सेवन से हमारे शरीर में कई फायदे होते हैं। अंजीर में कई मुख्य पोषक तत्व होते हैं। इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, अंजीर में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, आयरन, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन एल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर को हेल्दी रखता है। भिगोकर अंजीर के सेवन करने से बॉडी को मिलते ये फायदे।



### डायबिटीज नियंत्रित रखना

अंजीर का सेवन करने से डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। रात के समय 3-4 अंजीर भिगोकर रख दें, इसके बाद रोजाना सुबह इसके सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है।

### हीमोग्लोबिन बढ़ता है

अंजीर एक अमृत फल है इसमें कई सारे पोषक तत्व पाएं जाते है। अंजीर में आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व होते हैं। रोजाना खाली पेट भीगे हुए अंजीर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अंजीर को आप दूध के साथ भी खा सकते हैं।

### कैंसर से लड़ता है

अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स होता है जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। प्रतिदिन सुबह भीगे हुए अंजीर के सेवन से खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है।

### हड्डियां मजबूत होती हैं

अंजीर में कैल्शियम, पौटेशियम और मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों को मजबूत करता है और सूजन को भी कम करता है। भीगे हुए अंजीर खाने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी।

### पाचन तंत्र बेहतर होता है

अगर आप रोजाना भीगे हुए अंजीर का सेवन करते हैं तो पाचन संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। इसका सेवन करने से आंतों को पोषण मिलता है। क्योंकि इसमें घुलनशील फाइहर से भरपूर अंजीर पेट को साफ करता है और बॉडी को हेल्दी रखता है। आंतों की सेहत को दुरुस्त करने में अंजीर बेहद फायदेमंद होता है। कब्ज से राहत पाने के लिए खाली पेट 2 से 3 सूखे अंजीर का सेवन करें।

> अंजीर के सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं, अंजीर स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए जाना जाता है इस लेख में हम आपको बजाएंगे अंजीर खाने के फायदे क्या होते हैं, इसे आहार में शामिल करना काफी जरूरी है

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

## रेस्पिरेस्टरी इश्यूज में लाभकारी माना जाता है तुलसी का सेवन

वैसे तो हम सभी के घर में तुलसी का पौधा होता है। वहीं तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है और हर कोई इसको इस्तेमाल करता है। वैसे तो लोग हर मौसम में तुलसी का सेवन करते हैं, लेकिन ठंड के मौसम में इसका इस्तेमाल विशेष रूप से किया जाता है। क्योंकि ठंड के मौसम में जिद्दी खांसी से लेकर कंजेशन जैसी कई तरह की सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रेस्पिरेटरी हेल्थ इश्यूज को दूर करने में तुलसी बहुत कारगर मानी जाती है।

संक्रमण से लड़ने से लेकर बलगम को साफ करने तक में तुलसी कई तरह से लाभकारी मानी गई है। तुलसी में एंटी-ऑक्सिडेंट, एसेंशियल ऑयल और कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं। जो रेस्पिरेटरी सिस्टम को बेहतर रखते हैं। ऐसे में आप तुलसी को अपनी डाइट में कई तरीके से शामिल कर सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिल सकता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रेस्पिरेटरी इश्यूज को दूर करने में तुलसी किस तरह से फायदेमंद हो सकती है।

# वन्यजीव संरक्षण: परिस्थितिकीय तंत्र का बनाए रखना जरूरी



योगेश कुमार गोयल

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।

वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती



### विलुप्ति की ओर बढ़ते वन्यजीव

पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंत. ुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरुद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया।

> लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं

# केमिकल रंगों से रहें दूर, होली के लिए फूलों से बनाएं 5 हर्बल रंग

## कलर के साथ चेहरा भी खिलेगा



होली हर्षोल्लास, रंग और जश्न का फेस्टिवल है। इस त्योहार के दौरान मौज-मस्ती और स्वादिष्ट व्यंजन खाते हैं। होली के दिन एक-दूसरे को प्यार से रंग लगाकर सारे गिले-शिकवे भुलाकर इस पर्व को जश्न मनाते हैं। अगर आप भी इस बार सुरक्षित और केमिकल फ्री वाली होली मनाना चाहते हैं, तो आप मार्केट में मिलने वाले नकली और केमिकल रंगों की जगह घर पर ही फूलों से प्राकृतिक रंग बना सकते हैं। ऑर्गेनिक गुलाल बनाना बेहद ही आसान है।

### होली पर फलों से बनाएं गुलाल...

**1 पीला रंग:-** आपके घर में या फिर नर्सरी में फूलों का बहार जरुर होगी। आपके घर में गेंदे के फूलों का इस्तेमाल करके पीला रंग बना सकते हैं। पीला रंग बनाने के लिए पानी में थोड़ी सी हल्दी डालकर गेंदे के फूल को उबा लें। होली खेलने के लिए आपका पीला रंग तैयार है।

**2 नीला रंग:-** नीला रंग बनाने के लिए आप अपराजिता के फूलों का यूज कर सकते हैं। इसके लिए अपराजिता के फूल को 3 से 4 दिन पहले धूप में सुखा लें और इसका पाउडर बना लें। इस पाउडर को पानी में घोलकर होली के लिए नीला रंग बना सकते हैं।

**3 गुलाबी रंग का गुलाल:-** गुलाबी रंग बनाने के लिए आपको गुलाब के फूलों को पानी में उबालकर उनसे गुलाबी रंग तैयार कर लें। इस रंग को बनाने के लिए उसमें अरारोट मिलाएं। जब यह सूख जाएगा, तो गुलाबी रंग का गुलाल तैयार होगा।

**4 केसरिया रंग:-** होली के लिए पलाश और गेंदे के फूल से आप केसरिया रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आपको 100 ग्राम पलाश के सूखे फूल एक बाल्टी में पानी उबालकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को छानकर अलग कर दें। केसरिया रंग बनकर तैयार है।

**5 लाल रंग का गुलाल** होली के लिए आप बुरांस और गुड़हल के फूलों से लाल रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आप बुरांस और गुड़हल के सूखे फूलों को पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को आप गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप पानी वाला रंग बनाना चाहते हैं, तो इस रंग को पानी में मिलाकर हर्बल रंग तैयार हो जाएगा।





# चीन ने दी ट्रम्प को खुली चुनौती

## अमेरिका युद्ध चाहता है, तो अंत तक लड़ेंगे

- कहा: फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है
- मेक्सिको-कनाडा के माल पर अमेरिकी शुल्क संबंधों के लिए निराशाजनक: मेक्सिको

**वाशिंगटन/बीजिंग/मेक्सिको सिटी।** चीन ने कहा है कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य प्रकार का युद्ध हो, वह अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में चीन के दूतावास ने अमेरिका की ओर से विश्व के कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आयात पर टैरिफ बढ़ाए जाने के संदर्भ में अमेरिका के निर्णय की आलोचना की थी। प्रवक्ता ने अपने ट्वीट में कहा, फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है। अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरी तरह से वैध और अपरिहार्य है। उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका में फेंटानिल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं अमेरिका जिम्मेदार है। इसी बीच मेक्सिको की कंपनियों के एक बड़े संगठन (कोपरमेक्स) ने अमेरिका की ओर से मेक्सिको और कनाडा के माल पर 25 प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने के निर्णय को उसके साथ संबंधों की दृष्टि से निराशाजनक बताया है। कोपरमेक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम उत्तरी अमेरिका के तीन देशों, अमेरिका-मेक्सिको- कनाडा के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (यूएसएमसीए) के सिद्धांतों के खिलाफ है। मेक्सिको की कंपनियों के इस संगठन ने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई से उसके साथ व्यापार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है और इसका असर मेक्सिको की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कोपरमेक्स को डर है कि अमेरिकी बाजार में मेक्सिको का निर्यात प्रभावित होने पर मेक्सिको में मंदी पैदा हो सकती है और अमे. रिकी डालर के मुकाबले उसकी मुद्रा पेसो की विनिमय दर गिर सकती है तथा कंपनियों की उत्पादन लागत भी बढ़ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको को विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। गौरतलब है कि फरवरी में, ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद इन दोनों देशों के खिलाफ शुल्क लगाने का निर्णय एक महीने के लिए स्थगित कर दिया था। ट्रम्प ने अब कहा है कि इन देनों देशों के खिलाफ अमेरिका की प्रशुल्क योजना पहले की घोषणा के अनुसार लागू होंगे, क्योंकि इन देनों ने कोई अनुकूल कदम नहीं उठाया है।

## ट्रम्प को मिला जेलेंस्की का पत्र, कहा: यूक्रेन फिर से वार्ता को तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से एक पत्र मिला है, जिसमें स्थाई शांति प्राप्त करने के लिए वार्ता में फिर से शामिल होने के लिए यूक्रेन की तत्परता व्यक्त की गई है। ट्रंप ने कांग्रेस में अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज पहले, मुझे यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से एक महत्वपूर्ण पत्र मिला। पत्र में लिखा है, यूक्रेन स्थाई शांति लाने के लिए जितनी जल्दी हो सके बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई शांति नही चाहता मेरी टीम और मैं स्थाई शांति पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के मजबूत नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं। ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन की मदद के लिए वाशिगटन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। ट्रंप ने पत्र का हवाला देते हुए कहा, खनिज और सुरक्षा पर समझौते के संबंध में यूक्रेन आपके लिए सुविधाजनक किसी भी समय इस पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। मैं सराहना करता हूं कि उन्होंने यह पत्र भेजा। अभी कुछ देर पहले ही मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्होंने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है।

# हूती का दावा: अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया

**अदन, यमन/रामल्लाह।** यमन के हूती विद्रोहियों की सेना ने घोषणा की कि उन्होंने लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 टोही ड्रोन को सफलतापूर्वक रोक दिया है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि होदेइदाह प्रांत में यमनी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने और शत्रुतापूर्ण अभियान चलानेह के दौरान ड्रोन को मार गिराया गया। सरिया ने कहा कि यह हूती बलों द्वारा वादा किए गए मुक्ति और पवित्र जिहाद की चल रही लड़ाई के दौरान निष्क्रिय किया गया यह 15वां विमान है, जिसे वे गाजा और लेबनान का समर्थन करने वाला अभियान बताते हैं। हूती दावे के संबंध में अमेरिकी सैन्य या राजनयिक स्रोतों से तत्काल कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं है। राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती समूह ने पहले इज़रायल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के समर्थन के रूप में लाल सागर में इज़रायल से जुड़े जहाजों को लक्षित किया है। वहीं इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान के दौरान एक वरिष्ठ क़सम ब्रिगेड कमांडर और एक अन्य फ़लस्तीनी को मार डाला। फ़लस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़े सुदृढीकरण द्वारा समर्थित इज़रायली बलों ने जेनिन के पूर्वी पड़ोस में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया। जिसके बाद वहां हिसक झड़पें हुई, जिसके परिणामस्वरूप आयसर अल-सादी और एक अन्य युवक की मौत हो गई। हमास ने आयसर की मौत पर शोक व्यक्त किया और इज़रायल पर जमीन पर प्रतिरोध का सामना करने में विफल रहने के बाद हत्याओं का सहारा लेने का आरोप लगाया। एक बयान में इजरायली सेना ने आयसर की हत्या की पुष्टि की और आरोप लगाया कि वह इजरायली ठिकानों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार था। बयान में यह भी दावा किया गया कि मारा गया दूसरा फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायली बलों के लिए खतरा था। सेना ने इस बात पर जोर दिया कि जेनिन में आतंकवादी तत्वों के रूप में वर्णित लोगों को पकड़ने के लिए सैन्य अभियान जारी रहेगा।

## संरा दूत ने सीरिया में इज़रायल की सैन्य वृद्धि की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र विशेष दूत ने सीरिया में हवाई हमलों सहित इजरायल की सैन्य वृद्धि की कड़ी निंदा करने के साथ ही उल्लंघनों को रो. कने और संघर्ष को तेज करने से परहेज करने का आह्वान किया। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडर्सन ने एक बयान में चेतावनी दी। पहले से ही नाजुक स्थिति को अस्थिर करने, क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाने और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के प्रमुख सिद्धांतों के अनुरूप तनाव कम करने और स्थाई राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में प्रयासों को कमजोर करने का जोखिम है।

## ढाका जाने वाली कतर फ्लाइट की आपात लैंडिंग




**हैदराबाद।** दोहा से ढाका जा रहे कतर एयरवेज के विमान को बुधवार तड़के हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर आपातकालीन लैंडिग करनी पड़ी, क्योंकि विमान में एक महिला यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई थी। हवाई अड्डा अधिकारियों के अनुसार, दोहा से बंगलादेश के ढाका जाने वाली उड़ान संख्या क्यूआर 642 में सवार एक महिला यात्री ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद पायलट ने आपातकालीन लैंडिग की मांग की। संबंधित विभागों से मंजूरी मिलने के बाद एटीसी ने चालक दल को अनुमति प्रदान की जिसके बाद विमान सुबह 3-25 बजे शमशाबाद हवाई अड्डे पर उतरा। विमान उतरने पर महिला को हवाई अड्डे के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाद में 3-42 बजे विमान ढाका के लिए रवाना हुआ। यात्री की मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## बिना चीरफाड़ बढ़ते कैंसर पर रहेगी नजर

**यरुशलम।** इजरायल के शोधकर्ताओं ने इंसान के शरीर के कैंसर के फैलाव के स्तर को पता लगाने के लिए नई विधि टोमोग्राफी विकसित की है जिसके माध्यम से ऊतकों में गहरी आणविक प्रक्रियाओं पर बिना चीरफाड़ नजर रखा जा सकेगा।

इजरायल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (टेक्नियन) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस विधि को रासायनिक टोमोग्राफी कहा जाता है, जो शोधकर्ताओं को विभिन्न चरणों में कैंसर की प्रगति को ट्रैक करने, कैंसर जीव विज्ञान को बेहतर ढंग से समझने और कैंसर के फैलाव में शामिल जैव रासायनिक मार्गों, चयापचय मार्करों और आणविक प्रक्रियाओं का मानचित्रण करने की अनुमति देता है। यह विधि ग्राफीन-आधारित सेंसर सारणी का उपयोग करके सांस, लार, पसीने और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का विश्लेषण करके ऊतक कार्य में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, जिसमें ग्राफीन सेंसर आंख के रूप में कार्य करते हैं और डेटा को संसाधित करने के लिए जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मस्तिष्क के रूप में कार्य करता है। यह ऑर्गेनोइड्स और थ्री डी सेल-आधारित मॉडल में संरचनात्मक और आणविक परिवर्तनों की निरंतर निगरानी की अनुमति देता है (जो प्राकृतिक ऊतकों की विशेषताओं को दोहराते हैं), जो जैव चिकित्सा अनुसंधान में महत्वपूर्ण हैं। मौजूदा तकनीकों के विपरीत (जो अक्सर ऊतकों को नुकसान पहुंचाती हैं या गहरी ऊतक प्रक्रियाओं की निगरानी करने में विफल रहती हैं) यह विधि कम लागत वाली, सटीक और बिना चीरफाड़ वाला समाधान प्रदान करती है।






## आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाएंगे भारत-ब्रिटेन

**जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर, विदेश सचिव लैमी से की मुलाकात**

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया। लैमी के साथ अपनी मुलाकात पर उन्होंने लिखा, शेवेनिंग हाउस में इस बेहद गर्मजोशी से स्वागत के लिए विदेश सचिव डेविड लैमी को धन्यवाद।







